RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 59
नई दिल्ली, रविवार, 1 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





www.dailypioneer.com

# देश में भाजपा के खिलाफ अंडरकरंटः राहुल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अगले** लोकसभा चुनावों में भाजपा को शिकस्त देने के लिए कांग्रेस की मजबूती का दम भरते हुए राहुल गांधी ने विपक्ष की एकजुटता पर भी जोर दिया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने शनिवार को दावा किया कि देश में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ बड़े पैमाने पर अंडरकरंट यानी विरोधी माहौल है। यदि विपक्ष ने प्रभावी ढंग से वैकल्पिक दृष्टिकोण देश के सामने रखा तो अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा जीत नहीं पाएगी। राहुल ने यह भी कहा कि विपक्षी दलों को एक-दूसरे का सम्मान करना होगा।

विपक्षी एकजुटता पर राहुल गांधी का बयान ऐसे समय आया है जब उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय दलों समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल ने भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने से इनकार कर दिया है। राहुल के नेतृत्व वाली कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा नौ दिन के विराम के बाद तीन जनवरी से पुनः शुरू होगी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों से गुजरते हुए हरियाणा में प्रवेश करेगी। भारत जोड़ो यात्रा से विपक्ष के प्रमुख नेताओं के दूर रहने के सवाल पर राहुल गांधी ने कहा कि वह जानते हैं कि विपक्ष के नेता हमारे साथ खड़े हैं। आज के हिंदुस्तान में राजनीतिक और दूसरी मजबूरियां होती हैं। वह इस पर टिप्पणी नहीं करेंगे कि कौन आ रहा है और कौन नहीं। भारत जोड़ो यात्रा के दरवाजे खुले हुए हैं, उसे हम किसी के लिए बंद नहीं करना चाहते।

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव और बसपा प्रमुख मायावती के बारे में उन्होंने कहा कि इन दोनों नेताओं के साथ-साथ और बहुत सारे लोग हैं, जो मोहब्बत का हिंदुस्तान चाहते हैं। उनके साथ हमारा वैचारिक, भारत जोड़ने और नफरत को मिटाने का रिश्ता है। उत्तर प्रदेश में अखिलेश जी की भी जगह है। उन्हें बोलने का विकल्प मिलना चाहिए। अखिलेश यादव के कांग्रेस और भाजपा के एक होने संबंधी बयान पर उन्होंने कहा कि यह पूरे देश को पता है कि भाजपा और कांग्रेस एक हो नहीं सकते। यदि भाजपा और कांग्रेस एक होते तो नरेंद्र मोदी कांग्रेस मुक्त भारत की बात कभी नहीं करते। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के मुताबिक, अब यह तरकीब वाली राजनीतिक लड़ाई नहीं रही। वह समय चला गया कि कुछ दल साथ आएं और समूह बनाकर भाजपा को हरा दें। अब हिंदुस्तान का पूरा संस्थागत ढांचा एक विचारधारा के हाथ में है और उसे हराने के लिए एक विचारधारा की जरूरत है। ( शेष पेज 8 )



नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते राहुल गांधी

- कांग्रेस नेता ने कहा-विपक्ष एकजुट हो तो जीत नहीं पाएगी भाजपा, हमें देना होगा वैकल्पिक दृष्टिकोण

## 'बुलेटप्रूफ गाड़ी में नहीं हो सकती भारत जोड़ो यात्रा'

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** जोड़ो यात्रा को लोगों का काम करने और सोचने का नया तरीका प्रस्तुत करने की बात करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि बुलेटप्रूफ गाड़ी में यह पैदल मार्च नहीं किया जा सकता। सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय कहता है कि आप बुलेटप्रूफ गाड़ी से चलिए। यह कैसे संभव है। मेरे लिए यह स्वीकार्य नहीं है। सरकार अच्छी तरह जानती है कि सुरक्षा के लिए उसे क्या करना चाहिए। बार-बार सुरक्षा प्रोटोकॉल के उल्लंघन के सवाल राहुल ने पलटकर पूछा कि क्या भाजपा के रोड शो कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन नहीं हैं? क्या उनके और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के लिए सुरक्षा संबंधी प्रोटोकॉल अलग-अलग हैं? भारत जोड़ो यात्रा में चचेरे भाई और भाजपा सांसद वरुण गांधी के शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसमें सबका स्वागत है, लेकिन वरुण भाजपा से हैं, इसलिए उन्हें कुछ परेशानी हो सकती है। ( शेष पेज 8 )

## राहुल को विपक्ष का चेहरा बताने पर बोले नीतीश-हमें ऐतराज नहीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/पटना

**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने राहुल गांधी को विपक्ष का चेहरा बताया और कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव उनके नेतृत्व में लड़ा जाना चाहिए। एक दिन पहले ही, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी कहा था कि राहुल गांधी वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष का चेहरा ही नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। बघेल ने शनिवार को संवाददाताओं से कहा कि यदि राहुल गांधी को 2024 में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में लाया गया तो हमें जीत हासिल होगी। ( शेष पेज 8 )



# दिल्ली वालों को मिली नए साल की सौगात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों के परिसरों में स्थित पांच व चार सितारा होटलों में सातों दिन, 24 घंटे खुलेंगे रेस्टोरेंट
- आतिथ्य उद्योग के लिए प्रक्रिया भी हुई बेहद आसान, अब केवल 49 दिन के भीतर मिल जाएगा लाइसेंस

**राजधानी** दिल्ली को नए साल का तोहफा देते हुए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब यहां एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशनो, बस अड्डों के परिसरों में चलने वाले पांच और चार सितारा होटलों के रेस्तरां और भोजनालय चौबीसों घंटे खुलेंगे। इससे न केवल एयरपोर्ट, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और अन्य व्यस्त स्थलों पर आम लोगों को फायदा होगा वहीं आतिथ्य उद्योग को भी पंख लगेंगे। होटल और रेस्टोरेंट खोलने के लिए लाइसेंस देने की प्रक्रिया को आसान बना दिया गया है और अब आवेदनकर्ता को 49 कार्यदिवसों में लाइसेंस मिल जाएगा।

राष्ट्रीय राजधानी में नाइट लाइफ को बढ़ावा देने के लिए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने होटल-रेस्टोरेंट जैसे प्रतिष्ठानों के लिए लाइसेंसिंग प्रक्रिया और उनकी आवश्यकताओं को प्रमुख रूप से तर्कसंगत और उदार बना दिया है। इसके मद्देनजर न केवल आवेदकों को 49 दिनों से भी कम समय में रेस्टोरेंट या भोजनालय का लाइसेंस मिल जाएगा, बल्कि 28 दस्तावेजों की आवश्यकता भी समाप्त कर दी गई है। यह ऐतिहासिक कदम राजधानी में भोजनालयों, बार, रेस्तरां, गेस्टहाउस और होटलों के संचालन को अभूतपूर्व रूप से आसान बना देगा। विशेष यह कि तीन सितारा होटल भी रात में 2 बजे तक खुल सकेंगे और इससे नीचे की श्रेणी के सभी रेस्टोरेंट, होटल, भोजनालय आदि रात 1 बजे तक काम कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त, 5 और 4 सितारा होटलों में बार लाइसेंस प्राप्त करने वाले केवल एक रेस्तरां की सीमा को हटा दिया गया है। यह ऐसे होटलों के लिए फायदेमंद होगा जो लाइसेंस शुल्क देकर होटल परिसर के भीतर शराब परोसने वाले एक से अधिक रेस्तरां/बार का संचालन करना चाहते हैं। प्रक्रिया की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि एक कॉमन एप्लिकेशन फॉर्म में से 140 खानों को हटाकर इसे बेहद आसान बना दिया गया है और 21 पेज के इस फॉर्म को घटाकर अब सिर्फ नौ पेज का कर दिया गया है। कई अलग-अलग हलफनामों के बजाय अब केवल एक ही आम वचन पत्र देना होगा।

एक बड़ी राहत देते हुए एमसीडी, दिल्ली पुलिस और दिल्ली अग्निशमन सेवा के लिए एक साल का लाइसेंस देने की पुरानी प्रणाली के बजाय इसे तीन साल और डीपीसीसी के लिए नौ साल कर दिया गया है। लाइसेंस देने का समय भी निर्धारित किया गया है। एक ऐसी व्यवस्था भी जोड़ी जा रही है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर संबंधित एजेंसी या अधिकारी आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं करता है, तो लाइसेंस को स्वीकृत मान लिया जाएगा। एक आवेदक न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ अधिकतम 49 दिनों के भीतर अपना लाइसेंस प्राप्त कर सकता है। पहले आवेदक को दर-दर भटकना पड़ता था। दिल्ली में अब तक नए लाइसेंस देने का औसत समय तीन साल था। एलजी द्वारा अनुमोदित नियमों के अनुसार, बैंक्वेट हॉल के लिए आने वाले आवेदन दिल्ली पुलिस नहीं देखेगी। इसी प्रकार 90 वर्ग मीटर से कम जगह वाले भोजनालय और 12 मीटर से कम ऊंचाई वाले प्रतिष्ठानों के आवेदनों पर अग्निशमन सेवा नहीं देखेगी।

दिल्ली के उपराज्यपाल ने नवंबर में रेस्तरां/भोजनालयों के लिए लाइसेंस की प्रक्रिया को आसान बनाने और उन्हें अधिक सुविधा देने पर विचार करने के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति बनाई थी। इस समिति को मौजूदा नियमों की जांच करने और लाइसेंसिंग प्रक्रिया में तेजी लाने के तरीके सुझाने का निर्देश दिया गया था। अधिकारियों ने कहा कि नए नियम लागू करने की प्रक्रिया अगले तीन हफ्तों में पूरी होने की उम्मीद है और 26 जनवरी से यह व्यवस्था लागू हो सकती है।

# आतंकवाद के बल पर नहीं हो सकती बातः जयशंकर

- एलएसी पर एकतरफा यथास्थिति में बदलाव मंजूर नहीं, विदेश मंत्री ने पाकिस्तान और चीन को दिया कड़ा संदेश

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/निकोसिया

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने चीन और पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि चीन द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर एकतरफा बदलाव किए जाने की किसी भी कोशिश से भारत सहमत नहीं होगा। उन्होंने रेखांकित किया कि नई दिल्ली के बीजिंग के साथ संबंध सामान्य नहीं हैं और मुख्य मुद्दों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। विदेश मंत्री ने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा कि भारत को बातचीत की मेज पर लाने के लिए आतंकवाद को औजार के रूप में इस्तेमाल नहीं करने दिया जा सकता।

जयशंकर ने भूमध्यसागरीय देश की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान साइप्रस में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए यह भी कहा कि भारत को बातचीत की मेज पर लाने के लिए आतंकवाद को उपकरण के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। जयशंकर ने कहा कि भारत के सामने अपनी सीमाओं पर चुनौतियां हैं, जो कोविड काल के दौरान तीव्र हो गईं। उन्होंने कहा, 'आज चीन के साथ हमारे संबंधों की स्थिति बहुत सामान्य नहीं है, क्योंकि हम वास्तविक नियंत्रण रेखा को एकतरफा बदलने के किसी भी प्रयास के लिए कभी सहमत नहीं होंगे।' जयशंकर ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के 'मूल मुद्दे पर कोई समझौता' नहीं किया जाएगा। भारतीय सेना के अनुसार, नौ दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में एलएसी पर भारतीय और चीनी सैनिक आपस में भिड़ गए थे, जिसमें 'दोनों पक्षों के कुछ कर्मियों को मामूली चोटें आईं।' ( शेष पेज 8 )



विदेश मंत्री जयशंकर ने साइप्रस में जनरल केएस थिमय्या के नाम पर बनी सड़क का दौरा किया

# लापता रूसी नागरिक मिला, अब भुवनेश्वर जीआरपी की हिरासत में

**पायनियर समाचार सेवा।** भुवनेश्वर

**ओडिशा** के एक होटल में रूस के एक सांसद सहित दो रूसी नागरिकों की मौत की घटना के बाद, लापता हुए उसी देश का व्यक्ति शनिवार को मिल गया। एक अधिकारी ने बताया कि एंड्रयू ग्लेगोलेव, एक स्व-घोषित यूक्रेन युद्ध विरोधी कार्यकर्ता, भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन के पास एक बाजार क्षेत्र में मौजूद था और वह अब राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की हिरासत में है।

भुवनेश्वर जीआरपी के प्रभारी जयदेव बिस्वजीत ने कहा कि उनके वीजा की अवधि समाप्त हो गई है और उन्होंने भारत में शरण के लिए संयुक्त राष्ट्र में आवेदन किया था। रूसी सांसद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आलोचक थे, जबकि लापता व्यक्ति पुरी में रह रहा था और वह भी पुतिन का आलोचक था। लापता हुए व्यक्ति को पहले ओडिशा की राजधानी में युद्ध-विरोधी और पुतिन-विरोधी नारे लिखी तख्तियां पकड़े हुए देखा गया था। लगभग एक महीने पहले, भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति को एक तख्ती लिए देखा गया था जिसमें लिखा था, मैं रूसी शरणार्थी हूं, मैं युद्ध के खिलाफ हूं, मैं पुतिन के खिलाफ हूं, मैं बेघर हूं, कृपया मेरी मदद करें। तख्ती पकड़े हुए व्यक्ति की तस्वीर उसके हमवतन - सांसद एवं व्यवसाई पावेल एंतोव और उनके साथी यात्री व्लादिमीर बिदेनोव की मृत्यु के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। जीआरपी अधिकारी ने कहा, आज हमने उन्हें पूछताछ के उद्देश्य से हिरासत में लिया। उनके दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। संबंधित अधिकारी जांच कर रहे हैं कि क्या वह भारत में रहने के लिए अधिकृत है। उनके वीजा की अवधि समाप्त हो गई है। एंतोव की 24 दिसंबर को कथित तौर पर होटल की तीसरी मंजिल से गिरने के बाद मौत हो गई थी जबकि बिदेनोव 22 दिसंबर को अपने कमरे में मृत पाए गए थे। ( शेष पेज 8 )

## बिहार में जहरीली शराब से मौत मामले का मुख्य आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**बिहार** में जहरीली शराब पीने से कम से कम 80 लोगों की मौत होने के मामले में दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान राम बाबू महतो के रूप में हुई है, जो बिहार के सारण जिले का निवासी है। बिहार के सारण जिले में इस महीने की शुरुआत में जहरीली शराब पीने से सैंकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। राज्य में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध है। दिल्ली पुलिस बिहार में अवैध शराब की आपूर्ति से जुड़े सात मामलों की जांच कर रही है। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र सिंह यादव ने कहा कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि महतो दिल्ली में कहीं छिपा हुआ है। यादव ने कहा, खबरों के मुताबिक, जहरीली शराब की बिक्री और सेवन से जुड़ी इन दुखद घटनाओं में लगभग 80 लोगों की मौत हुई है। ( शेष पेज 8 )

# कर्नाटक में कैबिनेट विस्तार को हरी झंडी

- विधानसभा सभा चुनाव से पहले अमित शाह ने दी मंजूरी, पार्टी में असंतोष के स्वर को दबाने की कोशिश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**2023** में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लंबे समय से प्रतीक्षित कर्नाटक सरकार के कैबिनेट विस्तार को हरी झंडी दे दी। इस विस्तार में नाराज चल रहे भाजपा विधायक केएस ईश्वरप्पा तथा रमेश जरखोली को कैबिनेट में शामिल किया जाएगा। दक्षिण भारत में प्रवेश के लिए भाजपा के एकमात्र द्वार कर्नाटक पर पार्टी का पूरा ध्यान है। यहां पांच महीने बाद ही विधाानसभा चुनाव होने वाले हैं। राज्य के 10 क्षेत्रों में शाह 10 केंद्रीय मंत्रियों को तैनात करेंगे।



विधानसभा की 224 सीटों में से भाजपा का लक्ष्य 150 सीटें हासिल करने का है और शाह की हरी झंडी का मकसद अंसतोष की आवाज को दबाना तथा पार्टी को एकजुट करना है। पूर्व मंत्री ईश्वरप्पा तथा जरखोली ने कैबिनेट में पुनः शामिल करने की मांग की थी। ईश्वरप्पा को उस समय इस्तीफा देना पड़ा था जब अप्रैल 2022 में एक ठेकेदार के आत्महत्या करने के बाद उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी। उस समय ईश्वरप्पा पंचायत राज और ग्रामीण विकास मंत्री थे। ( शेष पेज 8 )

## अवकाश सूचना

नव वर्ष के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में 1 जनवरी 2023 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 3 जनवरी 2023 को प्रकाशित होगा।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,841 | |
| निफ्टी | 18,105 | |
| सोना | 54,954 | /10g |
| चांदी | 69,351 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सहपाठियों ने आठ वर्षीय छात्र के गुप्तांग को धागे से बांधा

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के किदवई नगर क्षेत्र में एनडीएमसी के एक स्कूल में छात्रों के एकसमूह ने दूसरी कक्षा केएकछात्र केगुप्तांग पर कथित तौर पर एकधागा बांध दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस केमुताबिक, मामला बुधवार को तब सामने आया जब आठ वर्षीय बच्चा अपने घर पर नहा रहा था।

# जम्मू-कश्मीर में 2022 में मारे गए 186 आतंकवादी

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने शनिवार को कहा कि 2022 में 56 पाकिस्तानी नागरिकों सहित कुल 186 आतंकवादी मारे गए और 159 को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने दावा किया कि हाल के समय में यह साल सबसे सफल वर्ष रहा। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में कोई भी आतंकवादी गतिविधियां नहीं होने (जीरो टेरर) के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

पुलिस प्रमुख ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 146 पाकिस्तान निर्मित आतंकी मॉड्यूल, जिनमें चार से पांच सदस्य शामिल थे, जिन्हें चुनिंदा और लक्षित हत्याओं और ग्रेनेड और आईईडी हमलों को अंजाम देने का काम सौंपा गया था, उनका भी 2022 में भंडाफोड़ किया गया। उन्होंने कहा कि इस साल जम्मू-कश्मीर में 100 युवा आतंकवाद में शामिल हुए, जो कई सालों में सबसे कम संख्या है। उन्होंने कहा कि इनमें से ज्यादातर का सफाया कर दिया गया, जबकि सुरक्षा बल सक्रिय आतंकवादियों की संख्या को दो अंकों के आंकड़े तक लाने के लिए काम कर रहे हैं जो वर्तमान में 100 से थोड़ा अधिक है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 2022 में घाटी में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने में 100 प्रतिशत सफलता हासिल की, लेकिन पाकिस्तान प्रायोजित ऑनलाइन आतंकवाद अब एक चुनौती है। सिंह ने यह भी कहा कि आतंकवादी भय बरकरार रखने के लिए जम्मू और कश्मीर में अल्पसंख्यक समुदाय के कर्मचारियों और अन्य लोगों को धमकी दे रहे हैं लेकिन हमें इस तरह के कृत्यों से डरना नहीं चाहिए। ( शेष पेज 8 )

# पोप एमेरिटस बेनेडिक्ट 16वें का निधन

- आठ वर्षों तक इस पद रहे और विवादों के बीच कैथोलिक चर्च का नेतृत्व किया
- यूरोप में ईसाई धर्म के पुनर्जागरण की कोशिश में लगे रहे

**एपी।** वेटिकन सिटी

**धर्मनिरपेक्ष** यूरोप में ईसाई धर्म के पुनर्जागरण की कोशिश करने वाले पोप एमेरिटस बेनेडिक्ट 16वें का शनिवार को निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। जर्मनी से ताल्लुक रखने वाले बेनेडिक्ट एक ऐसे धर्मगुरु के रूप में याद रखे जाएंगे, जो पोप के पद से इस्तीफा देने वाले 600 वर्षों में प्रथम कैथोलिक धर्मगुरु थे। बेनेडिक्ट ने 11 फरवरी 2013 को विश्व को उस वक्त स्तब्ध कर दिया, जब उन्होंने यह घोषणा की कि वह 1.2 अरब अनुयायियों वाले कैथोलिक चर्च का अब नेतृत्व करने में सक्षम नहीं है। वह आठ वर्षों तक इस पद रहे और विवादों के बीच उन्होंने इसका (कैथोलिक चर्च का) नेतृत्व किया। अचानक उनके इस्तीफे ने इस शीर्ष पद के लिए पोप फ्रांसिस के चुने जाने का मार्ग प्रशस्त किया। दोनों पोप वेटिकन गार्डन में साथ-साथ रहें और इस अभूतपूर्व व्यवस्था ने भविष्य के पोप के लिए भी इसका अनुसरण करने की राह तैयार की। वेटिकन प्रवक्ता मैत्तियो ब्रुनी द्वारा शनिवार सुबह जारी एक बयान में कहा गया, बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि पोप एमेरिटस बेनेडिक्ट 16वें का वेटिकन के मातर एक्कलेसिया मोनेस्ट्री में आज सुबह नौ बजकर 34 मिनट पर निधन हो गया। यथाशीघ्र और सूचना उपलब्ध कराई जाएगी।



16 अप्रैल 1927 - 31 दिसंबर 2022

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोप एमेरिटस बेनेडिक्ट 16वें के निधन पर शनिवार को शोक प्रकट किया और कहा कि वह समाज को अपनी सेवा के लिए याद रखे जाएंगे। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, पोप एमेरिटस बेनेडिक्ट 16वें के निधन से दुखी हूं, जिन्होंने अपना पूरा जीवन चर्च और प्रभु ईशु की शिक्षाओं के लिए समर्पित कर दिया। वह समाज को अपनी सेवा के लिए याद रखे जाएंगे। मेरी संवेदना दुनियाभर के उन लाखों लोगों के साथ है जो उनके निधन से शोकाकुल हैं।

वेटिकन ने कहा कि बेनेडिक्ट के पार्थिव शरीर को सेंट पीटर्स बेसीलिका में सोमवार से अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। पूर्व कार्डिनल जोसेफ रैतजींगर कभी पोप नहीं बनना चाहते थे। वह 78 वर्ष की आयु में यह योजना बना रहे थे कि अपने जीवन के अंतिम वर्ष पैतृक स्थान बावरिया में शांति के साथ लेखन कार्य में बिताएंगे। इसके बजाय, उन्होंने सेंट जॉन पॉल द्वितीय के पदचिह्नों पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ा और चर्च का नेतृत्व करना पड़ा। पोप चुने जाने पर उन्होंने एक बार कहा था कि उन्हें ऐसा महसूस हो रहा है कि जैसे उन्हें गिलोटिन पर चढ़ा दिया गया हो। उन्होंने अक्सर विवादास्पद कदम उठाए। उन्होंने यूरोप को उसके ईसाई धरोहर की याद दिलाने की कोशिश की। उन्होंने यह कहते हुए अमेरिकी ननों पर कार्वाई की, कि चर्च बदलते विश्व में अपने सिद्धांत और परंपरा का पालन करता रहेगा। पद पर बेनेडिक्ट के कामकाज की शैली जॉन पॉल या पोप फ्रांसिस से अलग नहीं रह सकी थी। पोप के तौर पर उनका पहला कार्य रोम के यहूदी समुदाय को एक पत्र लिखना था। ऐसा कर वह जॉन पॉल के बाद इतिहास में दूसरे पोप हो गए। ( शेष पेज 8 )

# नए साल के जश्न में डूबा दिल्ली-एनसीआर

## रंगारंग कार्यक्रम, म्यूजिक और डांस से किया नववर्ष का आगाज, देर रात तक मस्ती

● रोशनी और गुब्बारों और डीजे से सजे होटल-रेस्टोरेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/नोएडा/गाजियाबाद



नए साल को मनाने के लिए इंडिया गेट पर उमड़ा जनसैलाब, यहां देर रात तक लोगों ने खूब मस्ती की।

नए साल के आगाज के साथ ही देश की राजधानी दिल्ली और पूरा एनसीआर में डूब गया। रात 12 बजने के साथ ही लोग मस्ती और जश्न में डूब गए। नए वर्ष पर लोगों ने जहां अपनों को बधाई दी वहीं जमकर मस्ती भी की। नए साल का जश्न कोरोना महामारी के कारण दो साल बाद देखने को मिला। राजधानी की विभिन्न जगहों पर नए साल जश्न मनाया गया। होटल, क्लब और रेस्त्रां में देर रात तक डांस फ्लोर पर लोग एक दूसरे को बधाई देते और मस्ती करते दिखे।

कनाट प्लेस और इंडिया गेट पर लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली वहीं सड़कों पर भी लोग जश्न मनाते देखे गए। वहीं होटल संचालकों ने भी होटल व रेस्त्रां को सजाने के साथ खाने-पीने की तैयारी की है। इसी तरह विभिन्न धार्मिक स्थलों में भी भजनों के साथ नए वर्ष का स्वागत किया गया। इस अवसर पर हर उम्र के लोगों में उत्साह देखने लायक था।

कनाट प्लेस, खान मार्केट, करोल बाग, पहाड़गंज, प्रीत विहार, राजौरी गार्डन, पंजाबी बाग, हौज खास, लाजपत नगर, साउथ एक्स समेत विभिन्न जगह पर पब, बार, होटल को सजाने के साथ डीजे की भी व्यवस्था की गई थी। अधिकतर होटल और रेस्त्रां हाउसफुल थे। होटल संचालकों ने भी अपनी तरफ से पार्टी रखी वहीं कई जगह थीम पार्टी भी हुई। वीकेंड के चलते इस बार पार्टी में सराबोर रहे।

बच्चे से लेकर युवाओं और बुजुर्गों में नए साल का जमकर स्वागत किया। होटल, रेस्त्रां से लेकर मार्केट और घरों तक में नए साल को लेकर रंग-बिरंगी लाइटों और गुब्बारों से सजे थे। पुरानी दिल्ली स्थित सदर बाजार में, कनाट प्लेस, करोल बाग, खान मार्केट में बहुत भीड़ देखने को मिली। लोग अपने-अपने परिवार के साथ नए साल की खरीददारी और खाने-पीने निकले हुए थे।

लोगों ने लाइट वाले चश्मे, रिबन, झालर, रंग बिरंगे गुब्बारे व पार्टी पापअप की खूब खरीददारी की। वहीं, कनाट प्लेस स्थित विभिन्न पांच सितारा होटलों ने भी 31 की शाम से लेकर देर रात तक पार्टियों में लोग पहुंचे। इसमें थीम पार्टी से लेकर डिनर पार्टी, डीजे नाइट, लाइव संगीत तक शामिल था। नोएडा के यहां के गोल्फ कोर्स और विभिन्न क्लब में भी नववर्ष का स्वागत बेहद धमाके साथ किया गया। जीआईपीस्थित गार्डन गलेरिया में सबसे अधिक भीड़ देखी गई। यहां करीब 30 हजार से अधिक लोग नए साल का जश्न मनाने पहुंचे।

पुलिस ने भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस, यातायात पुलिस,अग्निशमन की टीम तालमेल बनाकर काम कर रही है। सीमावर्ती इलाकों में पुलिस ने सुरक्षा कड़ी रही। पीएसी की एक टीम को भी शहर में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर तैनात रही। साथ ही पुलिस शहर के सभी संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरे से नजर रखेगी।

### पुलिस ने किए कड़े सुरक्षा इंतजाम

***नई दिल्ली।*** *नए साल का जश्न लोगों को दिल्ली पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मनाना पड़ा। दिल्ली पुलिस ने किसी भी हालात से निपटने और नियमों के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास किया। इसके लिए दिल्ली पुलिस ने पूरे राष्ट्रीय राजधानी में जिला और यातायात पुलिस के 18,000 से अधिक जवानों को तैनात किया। अधिकारियों ने कहा कि शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए शहर में 125 स्थानों की पहचान की गई। पुलिस के अनुसार पिछले साल नववर्ष की पूर्व संध्या पर कुल 657 चालान किए गए थे, जिनमें शराब के नशे में गाड़ी चलाने 36 मामले शामिल थे।*

# शीतलहर के साथ नए वर्ष का आगाज

**नई दिल्ली।** नव वर्ष का आगाज शीत लहर के साथ होने जा रहा है, भारत मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार एक जनवरी से उत्तर-पश्चिम भारत में शीत लहर का नया दौर शुरू होने के आसार हैं। इसके अलावा क्षेत्र में अगले चार से पांच दिनों तक घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। वहीं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कुछ हिस्सों में शनिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 90 फीसदी दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कहा कि दिल्ली में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान पिछले 15 दिनों में पहली बार दस डिग्री सेल्सियस के पार गया, लेकिन लोगों को ठंड से मिली राहत के जल्द खत्म होने का अनुमान है। आईएमडी के मुताबिक, हिमालय से बहने वाली बर्फीली हवाएं उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान में तीन



से पांच डिग्री सेल्सियस की कमी का सबब बनेंगी।विभाग ने एक बयान में कहा, क्षेत्र में अगले चार से पांच दिनों तक घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

एक जनवरी से उत्तर-पश्चिम भारत में शीत लहर का नया दौर शुरू होने के आसार हैं। शहर के प्रमुख मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला ने शनिवार को न्यूनतम तापमान 10.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया, जो सामान्य से चार डिग्री अधिक है। यह दिसंबर माह में राष्ट्रीय राजधानी में दर्ज सर्वाधिक न्यूनतम तापमान भी है।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन दशक सेवा देने वाले चालक का सम्मान



**नई दिल्ली।** संयुक्त निदेशक कार्यालय, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, नई दिल्ली में कार्यरत चालक नरेन्द्र कुमार शनिवार को तीन दशक की उत्कृष्ट सेवाओं के बाद सेवानिवृत हो गए। इस मौके पर एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अमित आर्य और संयुक्त निदेशक रणबीर सिंह सांगवान ने उनकी सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सुप्रीम कोर्ट में ऑनलाइन उपस्थिति पर्ची का पोर्टल शुरू

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वकीलों के पेश होने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए ऑनलाइन मॉड्यूल विकसित किया है जो दो जनवरी से सक्रिय हो जाएगा।प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने 16 दिसंबर को कहा था कि नए साल से वकीलों को प्रत्यक्ष रूप से उपस्थिति पर्ची दाखिल करने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि उनकी उपस्थिति को चिह्नित करने के लिए एडवोकेट अपीयरेंस पोर्टल में लॉग इन करना होगा।वर्तमान में, अधिवक्ता एक निर्धारित कागजी फॉर्म पर मामले और उसके क्रमांक जैसे विवरण के साथ अपना नाम लिखते हैं, ताकि सुनवाई में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित होने के साथ उनके नाम अदालत के आदेशों या निर्णयों में प्रदर्शित हों। ऑनलाइन उपस्थिति पर्ची दाखिल करने के पोर्टल की सक्रियता के संबंध में शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर 30 दिसंबर को एक नोटिस अपलोड किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड (एओआर) शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर दिए गए लिंक के माध्यम से और इसके आधिकारिक मोबाइल एप्लिकेशन पर अदालत में पेश होने वाले वकीलों की उपस्थिति को चिह्नित कर सकते हैं।

### एमसीडी ने युद्ध स्तर पर शुरू किया मरम्मत कार्य

**नई दिल्ली।** दिल्ली में होने वाली जी-20 की आगामी बैठकों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली नगर निगम ने सड़कों/गलियों की मरम्मत का कार्य तेज़ कर दिया है। दिल्ली नगर निगम के 12 क्षेत्रों में लगभग 257 सड़कों/गलियों की पहचान की गई है जिन्हें मरम्मत कार्य की आवश्यकता है। इसके अलावा एमसीडी जहां जरूरत होगी सड़कों के साथ-साथ नालों की मरम्मत का काम भी करेगी। एमसीडी ने नजफगढ़ जोन में 23, वेस्ट जोन में 14, शाहदरा नॉर्थ जोन में 15, केशवपुरम जोन में 27, करोल बाग जोन में 53, नरेला जोन में 15, रोहिणी जोन में 30, साउथ जोन में 6, सेंटर जोन में 19 , शाहदरा साउथ जोन में 17, सिटी-एसपी जोन में 27 और सिविल लाइंस जोन में 11 सड़कें/गलियां चिन्हित कि गई है जिन्हें मरम्मत कार्य की आवश्यकता है। एमसीडी अपने अधिकार क्षेत्र में सड़कों की मरम्मत के लिए 182.85 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। इसके अलावा एमसीडी ने 40 प्रमुख सड़कों की भी पहचान की है।

# यमुना प्राधिकरण का उम्मीदों भरा रहा 2022

## नोएडा में 17 हजार करोड़ का हुआ निवेश, लाखों लोगों को मिला रोजगार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




यमुना प्राधिकरण का साल 2022 उपलब्धियों से भरा रहा। इसमें जहां जेवर एयरपोर्ट की नींव रखी गई, वहीं भारत सरकार से मेडिकल डिवाइस पार्क, डाटा पार्क, फि ल्म सिटी, नर्सिंग होम, इंस्टीट्यूशनल स्कीम, कमर्शियल स्कीम सहित अन्य बड़ी योजनाओं को भी शुरू किया गया। 2022 में यमुना प्राधिकरण में हजारों करोड़ रुपए का निवेश हुआ। लाखों लोगों को रोजगार का अवसर भी मिला।

यमुना विकास प्राधिकरण में वर्ष 2022 में जेवर एयरपोर्ट की नींव रखी गई। उसका काम तेजी से शुरू किया गया। जेवर एयरपोर्ट का काम शुरू होते ही यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में अन्य कई बड़ी योजनाएं भी लाई गईं। जिनमें भारत सरकार से मेडिकल डिवाइस पार्क योजना को शुरू किया गया। मेडिकल डिवाइस पार्क पूरा होने के बाद प्राधिकरण ने मेडिकल डिवाइस पार्क-2 योजना शुरू की। इसके साथ ही डाटा पार्क योजना में भी कई बड़ी कंपनियां रुचि दिखा रही हैं। इन दोनों योजनाओं से यमुना प्राधिकरण में बड़ा निवेश हुआ। यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2022 यमुना प्राधिकरण के लिए उपलब्धियों भरा रहा, जिसमें बहुत सारी बड़ी योजनाएं लागू की गई। इसके साथ ही जो पहले से अलॉटमेंट हुए थे, वह जमीन भी उपलब्ध की गई। वहीं एक हजार इंडस्ट्रियल प्लॉट अलॉट किए गए। जिनमें 17 हजार करोड़ का निवेश आया।

1.79 लाख लोगों को रोजगार मिला। यह सभी आंकड़े आगामी होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आने वाले निवेश से अलग हैं। सीईओ ने बताया कि प्रदेश सरकार के द्वारा यमुना विकास प्राधिकरण को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के लिए 80 हजार करोड़ का लक्ष्य दिया गया है।

लक्ष्य के अनुरूप प्राधिकरण ने 36 हजार करोड़ के निवेश के एमओयू पर साइन कर लिए हैं। इसके साथ ही प्राधिकरण को और भी भारी निवेश की उम्मीद है। प्राधिकरण की टीम ने जापान और कोरिया सहित कई देशों में जाकर रोड शो किया, जिसके बाद और भी निवेश आने की उम्मीद है।

सीईओ ने बताया कि यमुना प्राधिकरण में बहुत सारी नई योजनाएं आई हैं। जिनमें मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क और पॉड टैक्सी जैसी योजनाओं की डीपीआर मंजूर हो गई है। इन सब का ग्लोबल टेंडर भी हो गया है। साथ ही होटल, कमर्शियल फु टप्रिंट सहित कई कमर्शियल स्कीम भी प्राधिकरण ने निकाली है। अरुणवीर सिंह ने बताया कि यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र में 1000 एकड़ में फि ल्म सिटी बनाई जा रही है। जिसका ग्लोबल टेंडर हो गया है। साथ ही नर्सिंग होम, हॉस्पिटल इंस्टीट्यूशनल कि स्कीम जनवरी 2023 तक पूरी हो जाएंगी। 2022 साल यमुना विकास प्राधिकरण के लिए उम्मीदों से भरा रहा, जिसमें प्राधिकरण में भारी निवेश हुआ। आगे भी प्राधिकरण को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के लिए भारी निवेश की उम्मीद है।

### प्रीत विहार में जिम मालिक की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** प्रीत विहार इलाके में अज्ञात लोगों ने जिम मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि महेंद्र अग्रवाल की शुक्रवार रात करीब आठ बजे दो-तीन लोगों ने उस समय गोली मारकर हत्या कर दी थी जब वह जिम के अंदर अपने कार्यालय में बैठे थे।

पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, जिसमें नकाबपोश दिखाई दे रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में एक बदमाश को हथियार लहराते भी देखा जा सकता है। ये लोग जिम में घुसे और सीधे उस कार्यालय में गए जहां अग्रवाल बैठे थे और कम से कम चार बार गोलियां चलाईं।

# विशेष उत्कृष्टता स्कूल में बाधा बनी जगह की कमी: सिसोदिया



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के सभी क्षेत्रों में अपने विशेष उत्कृष्टता स्कूल खोलना चाहती है, लेकिन जगह की कमी के कारण ऐसा नहीं कर पा रही है।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को एक विशेष उत्कृष्टता स्कूल के दौरे के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में प्रयास कर रही है। सिसोदिया ने सूरजमल विहार में डॉ. बीआर आंबेडकर विशेष उत्कृष्टता स्कूल का दौरा कर वहां के छात्र-छात्राओं के साथ बातचीत की।

डॉ. बी आर आंबेडकर विशेष उत्कृष्टता स्कूल कक्षा 9 से 12 तक का एक स्कूल है, जिसमें छात्र-छात्राओं को उनके चुने हुए विषयों में विशेषज्ञता प्रदान की जाती है। राष्ट्रीय राजधानी में फिलहाल ऐसे 46 स्कूल हैं। सिसोदिया ने कहा, हमारे यहां कौशल-आधारित शिक्षा प्रदान की जाती है। हमने आईबी (इंटरनेशनल बैकलॉरिएट) बोर्ड के साथ सहयोग किया है और यह हमारे द्वारा की गई अपनी तरह की पहली पहल है।

उन्होंने कहा, पढ़ाई महत्वपूर्ण है। हमारे यहां पढ़ाई का कोई दबाव नहीं है। यहां छात्रों को हर विषय की जानकारी मिलती है। सिसोदिया ने कहा, हम सभी क्षेत्रों में ऐसे विशेष स्कूल चाहते हैं, लेकिन हम जगह की समस्या का सामना कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार विशिष्ट स्कूलों की संख्या बढ़ाने की अपनी योजना पर आगे बढने् के लिए छात्रों से संबंधित आंकड़े जुटा रही है।

# एमबीबीएस में दाखिला के नाम पर ठगी, 3 गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

थाना सेक्टर-63 पुलिस ने एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर सैकड़ों छात्रो से अरबों रुपए की ठगी करने वाले तीन आरोपियों को आज गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय राम बदन सिंह ने बताया कि सेक्टर-63 में कुछ लोगों ने ऑफिस खोलकर एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर सैकड़ों छात्रों से करोड़ों रुपए की ठगी की थी।

इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस घटना की जांच कर रही थी। उन्होंने बताया कि आज पुलिस ने एक सूचना के आधार पर तसकीर अहमद खान, रितिक सिंह वैन्स उर्फ लवलीन कौर तथा वैशाली पाल पुत्र मूलचंद को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इस घटना में शामिल कुछ और लोग फरार हैं।

पुलिस उनकी तलाश कर रही है। वही थाना सेक्टर-63 पुलिस ने एक फैक्ट्री में चोरी करने वाले संदीप पुत्र हरदेव को गिरफ्तार कर उसके पास से 14 हेटटो मीटर प्लेट बरामद किया है।

गाजियाबाद में किसानों पर फायरिंग

# वेयर हाउस के लिए बिना अनुमति खेत में लगा रहे थे खंभे, विरोध पर पिस्टल से फायर झोंके

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के गांव दीनानाथपुर पूठी में कुछ लोगों ने वेयर हाउस तक बिजली सप्लाई पहुंचाने के लिए खेतों में खंभे लगवा दिए। किसानों को पता चला तो उन्होंने बुलडोजर से खंभे उखड़वा दिए। वेयर हाउस बनवा रहे लोगों ने किसानों पर पिस्टल से फायरिंग कर दी।

कई किसान बाल-बाल बचे। पुलिस ने इस मामले में चार युवकों पर केस दर्ज कर लिया है। किसानों का आरोप है कि पुलिस ने कस्टडी में लेने के कुछ घंटे बाद ही आरोपियों को छोड़ दिया। ये घटनाक्रम वेव सिटी थाना क्षेत्र में दीनानाथपुर पूठी गांव है। इस गांव के किसान नरेश के अनुसार, उन्हें कुछ लोगों ने जानकारी दी कि वेयर हाउस बिजली लाइन बिछाई जा रही है। इस लाइन के खंभे किसानों की परमिशन के बिना उनके खेत में लगा दिए गए हैं। नरेश ने बताया, मैं जब मौके पर पहुंचा तो कुछ प्राइवेट लोग खेत में खंभे लगा रहे थे। बुलडोजर बुलवाकर खंभों को खेत से बाहर निकलवाया। इतने में दूसरा पक्ष आ गया और धमकाते हुए पिस्टल से फायरिंग कर दी। नरेश समेत कई किसानों ने भागकर जान बचाई।

उन्होंने फायरिंग और गाली-गलौज करते हुए आरोपियों की वीडियो भी बना ली। किसान नरेश की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोनू, अरुण, सुंदर, अशोक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। किसान कोसी यादव ने बताया, कुछ लोग बिना परमिशन किसानों के खेतों में बिजली के खंभे लगा रहे थे।

ये प्राइवेट लाइन थी। किसान इसका विरोध कर रहे थे। बावजूद दूसरे पक्ष ने हथियारों के बल पर खंभे लगवाए। अब फायरिंग के बाद पुलिस ने आरोपी हिरासत में ले लिए, लेकिन कुछ देर बाद छोड़ दिए। किसानों ने विरोध किया तो दूसरे पक्ष ने फायरिंग की। पुलिस आई, मुकदमा हुआ, लेकिन पुलिस ने आरोपी को छोड़ दिया।

# पार्क में 300 टन कचरे से सजेगी सांस्कृतिक विरासत

● उपराज्यपाल ने किया भारत दर्शन पार्क फेज-2 का शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



भारत दर्शन फेज-2 का शिलान्यास करते एलजी वीके सक्सेना।

राजधानी में देश की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत करने के लिए 300 टन स्क्रैप (कबाड़) सांस्कृतिक प्रतिकृतियों को तैयार किया जाएगा।


सभी कलाकृतियों को रोशनी से सजाया जाएगा। इसी संदर्भ में शनिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने भारत दर्शन पार्क फेज- 2 का शिलान्यास किया। भारत दर्शन पार्क फेज-2 को 8.49 एकड़ भूमि पर विकसित किया जा रहा है, जिसमें से भारत दर्शन पार्क फेज- 1 को 5.5 एकड़ पर बनाया गया हैऔर शेष 3 एकड़ भूमि पर पार्क के फेज-2 को विकसित किया जा रहा है। साथ ही, उपराज्यपाल ने भारत दर्शन पार्क में आगंतुकों के लिए नवनिर्मित फूड कोर्ट का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार, विशेष अधिकारी (दिल्ली नगर निगम) अश्विनी कुमार, आयुक्त ज्ञानेश भारती और निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

उपराज्यपाल ने दिल्ली नगर निगम के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस शानदार पार्क वेस्ट-टू-वेल्थ की अद्भुत अवधारणा पर आधारित है जहां ऐतिहासिक स्मारकों की प्रतिकृतियां को कबाड़, स्क्रैप व अनुपयोगी वस्तुओं से निर्मित किया गया है और दूसरे चरण में दिल्ली नगर निगम 14 राज्यों से 17 स्मारकों की नई प्रतिकृतियों के निर्माण के द्वारा इस अवधारणा को आगे बढ़ा रहा है।

उन्होंने बताया कि 'विविधता में एकता'इस पार्क का थीम है जहाँ ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्मारकों की अनुकृतियों द्वारा भारत की विविध संस्कृति व समृद्ध विरासत को दर्शाया गया है । यह गर्व का विषय है की अब तक 5.07 लाख लोग इस पार्क को देखने आ चुके हैं और निगम को 5.86 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले इस तरह की परियोजनाएँ देश की राजधानी को और अधिक सुंदर व हरित बनाएंगी।

दूसरे चरण में 14 राज्यों के 17 स्मारकों व स्थानों की प्रतिकृतियां आकर्षण का केंद्र होंगी। भारत दर्शन पार्क फेज-2 के तहत 14 राज्यों की 17 स्मारकों व स्थलों के निर्माण, सिविल वर्क, इलेक्ट्रिकल वर्क, हॉर्टिकल्चर वर्क और भारत दर्शन पार्क के रख-रखाव का वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है । दूसरे चरण के निर्माण में लगभग 300 टन स्क्रैप का उपयोग किया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।


हरियाणा सरकार
GOVT. OF HARYANA
8 साल
राख्या ख्याल
G20
भारत 2023 INDIA
75 आज़ादी का
अमृत महोत्सव
नव वर्ष - 2023
की देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
"नव वर्ष की अनेक शुभकामनाएं। यह
वर्ष सब के लिये सुख, शांति, समृद्धि
से परिपूर्ण हो। हम सब के पुरुषार्थ से
राष्ट्र उन्नति के शिखर पर पहुँचे।"
- नरेन्द्र मोदी
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# रोजगार विभागा ने की 10 सेवाओं की समय सीमा निर्धारित

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार ने सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के तहत रोजगार विभाग द्वारा नागरिकों को प्रदान की जाने वाली 10 सेवाओं के लिए निर्धारित समय सीमा और अपीलीय प्राधिकरणों को अधिसूचित किया है।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि सक्षम योजना के लिए पंजीकरण के लिए 15 दिन की समय सीमा, रोजगार इच्छुक के लिए पंजीकरण के लिए एक मास की समय सीमा, एक परिवार एक रोजगार योजना के अधीन पंजीकरण के लिए 15 दिन की समय सीमा, योग्यता तथा अन्य संबंधित प्रमाण पत्रों का शामिल के लिए 15 दिन की समय सीमा, पंजीकरण नवीनीकरण करवाने तथा नवीनीकरण करवाने हेतु दो मास की ग्रेस अवधि के लिए 15 दिन की समय, राज्य के भीतर एक रोजगार कार्यालय से दूसरे में पंजीकरण का स्थानांतरण के लिए 15 दिन की समय सीमा, दो मास के विलंब पश्चात नवीनीकरण में छूट के लिए 45 दिन की समय सीमा, साक्षात्कार के लिए सभी पात्र आवेदकों को मुफ्त यात्रा वाउचर उपलब्ध करवाने के लिए 01 दिन की समय सीमा, बेरोजगारी भत्ता के लिए तीन मास की समय सीमा तथा रोजगार कार्यालय में नियोजकों का पंजीकरण के लिए 15 दिन की समय सीमा तय की है।

# उपायुक्त ने जिलावासियों को दी नववर्ष 2023 की शुभकामनाएं

## कहा, समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करते हुए हम नशा मुक्त समाज की स्थापना करें

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



डीसी निशांत कुमार यादव।

**जिला** उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने गुरुग्रामवासियों को नववर्ष 2023 के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि नव वर्ष में नई उर्जा एवं उत्साह के साथ हम सभी अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि गुरुग्राम जिला ऊंचाईयों के नये आयाम छू सकें।

उन्होंने नव वर्ष पर सभी को आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ रहते हुए अच्छाईयों को अपनाने एवं आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की। डीसी श्री यादव ने अधिकारियों व कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे नववर्ष में पूर्व की भांति पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के अपने प्रयासों को निरंतर जारी रखें।

उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि नववर्ष पर हम सबको यह भी संकल्प लेना चाहिए कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करते हुए हम नशा मुक्त समाज की स्थापना करें। उन्होंने कहा कि कोरोना के चलते पिछले तीन वर्ष हम सभी के जीवन में काफी उतार चढ़ाव वाले रहे हैं। ऐसे में आने वाला वर्ष हम सभी के लिए कल्याणकारी हो व सभी लोगों का जीवन समान्य हो इसके लिए जरूरी है हम सभी प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइस की अनुपालना करते हुए अपनी खुशियां एक दूसरे के साथ सांझा करें। उन्होंने कामना की कि नए साल सबके लिए सुख, शांति एवं समृद्धि लेकर आए।

## संक्षिप्त समाचार

### सेठ टोडरमल एवं साहबजादों के बलिदान को किया गया याद



गुरुग्राम में सेठ टोडरमल को श्रद्धांजलि देते लोग।

**गुरुग्राम।** गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों फतेह सिंह एवं जोरावर सिंह के बलिदान एवं साहबजादों के अंतिम संस्कार के लिए सेठ टोडरमल जैन द्वारा विश्व की सबसे महंगी जमीन खरीदकर एक मिसाल कायम की। इन महानुभावों द्वारा दिए गए बलिदान को अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन जिला गुरुग्राम ने सिविल लाइन्स स्थित गुरुद्वारे में पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया। कार्यक्रम में बताया गया कि इतिहास में लिखा है जब छोटी सी उम्र में ही साहबजादों को उनकी माता गुजरी सहित गिरफ्तार कर लिया था तथा उन्हें जबरन अपना धर्म परिवर्तन करने के लिए आदेश दिया गया। अपना धर्म की रक्षा करते हुए माता गुजरी के दिशा-निर्देशानुसार धर्म परिवर्तन के बदले अपनी मौत को चुनकर अपने धर्म के प्रति सच्ची श्रद्धा की एक अनूठी मिशाल कायम की। जब मुगलों ने उनके अनुसार आदेश का पालन नहीं करने पर तीनों को मौत के घाट उतार दिया तथा फरमान जारी किया कि इनका अंतिम संस्कार भी नहीं किया जाए। तब दीवान टोडरमल जैन ने उनके अंतिम संस्कार के लिए पेशकश की तथा मुगलों ने उसी जमीन पर सोने की मोहरें बिछाकर खरीदना होगा। तब दीवान टोडरमल जैन ने 74000 सोने की मोहर बिछाकर उस जमीन को साहबजादों के अंतिम संस्कार के लिए खरीदकर एक अमिट मिसाल कायम की। इतनी महंगी जमीन आज तक किसी ने नहीं खरीदी है। जिस तरह से टोडरमल जैन ने त्याग, समर्पण, आदर व स्नेह का परिचय दिया उसी पथ पर चलते हुए हमें भी दूसरों की निस्वार्थ सहायता की भावना से कार्य करना चाहिए। वैश्य समाज सदा से ही सभी वर्गों की सहायता करते आया है। इस मौके पर महासचिव देवेन्द्र गुप्ता एवं युवा जिलाध्यक्ष विवेक गुप्ता एवं जिला महासचिव महिला शाखा मीना गर्ग व भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

### विद्यार्थियों के स्वास्थ्य जांच में डॉक्टर के साथ शिक्षक करेंगे सहयोग

**सोहना।** राजकीय स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों की होने वाले स्वास्थ्य जांच में डॉक्टर के साथ-साथ शिक्षक भी सहयोग करेंगे। जिसके लिए प्रत्येक स्कूल में दो शिक्षकों को कोडिनेटर के रूप में जिम्मेदारियां सौंपी गई है। शनिवार को शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के क्लेस्टर सीमा क्षेत्र में आने वाले 7 राजकीय से दो-दो शिक्षकों ने भाग लिया। शिविर में भाग लेने वाले शिक्षकों को स्कूल में आने वाले विद्यार्थियों के स्वास्थ्य जांच के दौरान डॉक्टर टीम का सहयोग करेंगे। शिविर में नियुक्त किए गए कोडिनेटर शिक्षकों को एक दिन का प्रशिक्षण भी दिया। प्रशिक्षण देने वालों में भगवान सिंह, अनिल कुमार और कृष्णपाल ने बारी-बारी से जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर कृष्णपाल ने बताया कि जिन शिक्षकों को विद्यार्थी के स्वास्थ्य जांच में कोडिनेटर बनाया है। उन्हें स्कूल में आने वाले प्रत्येक विद्यार्थी के स्वास्थ्य की जानकारी होती है। जिससे डॉक्टर द्वारा किए जाने वाले स्वास्थ्य जांच में नवनियुक्त कोडिनेटर पूरा सहयोग करेंगे। अब शिक्षक भी डॉक्टर को विद्यार्थी के पूरे माह स्वास्थ्य की जानकारी दे सकेंगे। नियुक्त कोडिनेटर को भी विद्यार्थी के स्वास्थ्य की जांच करने के नियम व तरीके बताएं गए है।

### पान-बीड़ी के साथ नशीला पदार्थ बेचने वाला दुकानदार गिरफ्तार

**सोहना।** पुलिस ने भोंडसी थाना क्षेत्र के गांव धुनेला में पान-बीड़ी की आड़ में नशीला पदार्थ बेचने वाले दुकानदार को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी से खोखा में रखा 510 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया। गुरुग्राम को एचएसएनसी.सीबी सैल की टीम ने एएसआई संदीप की टीम ने भोंडसी थाना क्षेत्र के गांव धुनेला में बिहार मूल का निवासी सोहन कुमार ने एलिवेटेड मार्ग का बना फ्लाई ओवर के नीचे पान-बीड़ी बेचने का खोखा लगाया हुआ है। जहां खोखा मालिक सोहन कुमार पान-बीड़ी के साथ-साथ आने वाले ग्राहकों को नशीला पदार्थ भी बेचता है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट छत्रपाल सिंह राजकीय कन्या वरिष्ठ महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक की अध्यक्षता में छापा मारा गया। छापे के दौरान आरोपी दुकानदार सोहन कुमार को गिरफ्तार किया। जिसके खोखा की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान सोहन कुमार ने 510 ग्राम नशीला पदार्थ (गांजा) मिला। सोहन कुमार पान-बीड़ी के आने वाले ग्राहकों को नशीला पदार्थ बेचता था। एएसआई संदीप की शिकायत पर भोंडसी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### न्यू ईयर मनाने मनाली जाते युवक की सड़क हादसे में मौत

**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर दिल्ली-वडोदरा हाइवे मार्ग के मोड़ पर तेज रफ्तार ईको की टक्कर से 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक राजस्थान मूल का निवासी था। अपने दोस्तों के साथ न्यू ईयर मनाने के लिए मनाली जा रहा था। शनिवार की सुबह 2 बजे गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर दिल्ली-वडोदरा हाईवे मार्ग के मोड़ के सामने राजस्थान का जिला भरतपुर के गांव पीराका निवासी 40 वर्षीय योगेन्द्र सड़क को पार कर रहा था। उसी समय गुरुग्राम की तरफ से तेज गति से आई ईको ने योगेन्द्र को सीधी टक्कर मार दी। योगेन्द्र टक्कर लगने के साथ ही उछला और ईको के शीशे पर गिरा। जिससे ईको का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। अज्ञात चालक ने कुछ दूर जाकर रुका और ईको को मौके पर ही छोड़कर भाग गया। मृतक के दोस्त पवन ने भोंडसी पुलिस को बताया कि योगेन्द्र ने मौके पर ही दमतोड़ दिया। पवन ने बताया कि वे 4-5 दोस्त मिलकर किराए पर की गाड़ी में सवार होकर दिल्ली-वडोदरा हाईवे मार्ग से मनाली न्यू ईयर पर मनाने के लिए जा रहे थे। गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर बना वडोदरा हाइवे मार्ग के मोड़ पर खड़ा होकर योगेन्द्र रास्ता देख रहा था। जैसे ही उसने सड़क पार की। उसी समय तेज रफ्तार ईको ने उसे टक्कर मार दी। भोंडसी पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। घटना स्थल पर खड़ी ईको को अपने कब्जे में लेते हुए चालक के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

# विकास कार्यों में ना हो घटिया सामग्री का इस्तेमाल : विधायक सुधीर सिंगला

## अशोक विहार, कृष्ण एंकलेव, खांडसा मंडी, शिवजी पार्क में सड़क निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

## विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम का कोई भी नागरिक कर सकता है शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम में विकास कार्यों के शुभारंभ अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला का स्वागत करते क्षेत्र के लोग।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने शनिवार को अशोक विहार इलाके में कृष्णा एंकलेव में और खांडसा मंडी की सड़क, शिवजी पार्क बाजार की गली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। क्षेत्र के लोगों द्वारा विधायक को सड़कों के पिछले काफी समय से रुके हुए कार्यों की सूचना दी तो उन्होंने तुरंत इस पर संज्ञान लिया। उन्होंने सड़कों के निर्माण में घटिया सामग्री के लिए भी संबंधित एजेंसियों, ठेकेदारों को चेताया कि अगर ऐसा हुआ तो फिर बख्शा नहीं जाएगा। विधायक सुधीर सिंगला ने अपने संबोधन में कहा कि करोड़ों रुपये खर्च करके इन सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इससे लोगों को सहूलियत मिलेगी और जनजीवन सुलभ होगा। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी और सड़कें मूलभूत सुविधाएं हैं। इन तीनों का दुरुस्त होना जरूरी है। उनका पूरा प्रयास रहता है कि जब भी किसी क्षेत्र से समस्याएं आमजन उन तक पहुंचाते हैं तो वे उनका तुरंत समाधान करते हैं।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम का कोई भी नागरिक अपने क्षेत्र की समस्याओं को बेझिझक उन तक पहुंचा सकता है। अपने क्षेत्र की समस्याओं को वहां के नागरिक अच्छे से जानते हैं। इसलिए उनकी राय के साथ ही समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को कहा जाता है। इन क्षेत्रों के लोगों से उन्होंने कहा कि भविष्य में भी अगर किसी तरह की समस्या होती है तो भी लोग उन तक जानकारी पहुंचा सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि विकास कार्यों में बढ़िया सामग्री का इस्तेमाल होना चाहिए। किसी भी सूरत में अगर घटिया सामग्री लगाई जाएगी तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विकास कार्यों में खर्च होने वाला पैसा भी जनता का ही होता है। इसलिए जनता के साथ किसी तरह का धोखा नहीं होना चाहिए। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि मनोहर सरकार में भ्रष्टाचार पर कड़ी चोट की गई है। अभी भी कहीं भ्रष्टाचारी हैं तो उन्हें समझ आ जाना चाहिए कि उनकी अब नहीं चलेगी। अशोक विहार में आयोजित सड़क निर्माण शुभारंभ कार्यक्रम में पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, जुगल रैना, विपिन सहगल, शिव कुमार शर्मा, राजन गोयल, मनीष शर्मा, राधे श्याम गोयल, ऋषि गुप्ता, धर्मवीर सिंह, राहुल जैन, पवन सैनी, ओमप्रकाश, बलविंदर सिंह, शेर सिंह यादव, मनीष शर्मा, सुरेंद्र गिल, मोहित चौहान समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। खांडसा मंडी की सड़क, शिवजी पार्क बाजार की सड़क निर्माण कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष विरेंद्र यादव, दिनेश यादव, नीरज यादव, वेद पाल राघव, संजय गुप्ता, सुभाषचंद्र यादव, ओमप्रकाश, ज्ञानचंद, हुकुम चंद, अजय जैन, संतराम, विरेंदर कुमार, हरीश, मुकेश, जयवीर सिंह, दिनेश, विक्की, सुरेश मंगला व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय मार्ग पर हुए अतिक्रमण को हटाएगी सोहना नगर परिषद

## राष्ट्रीय मार्ग 248ए पर निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा, खर्च होंगे 86 करोड़ रुपये



सोहना से नूंह जाने वाले राष्ट्रीय मार्ग 248ए के सर्विस रोड पर खुली वाहनों को ठीक करने की एक वर्कशॉप।

**सोहना।** उपायुक्त ने नगर परिषद को शहर के गुरुग्राम-अलवर राष्ट्रीय मार्ग 248ए के साथ-साथ बना सर्विस रोड से हो रहा अतिक्रमण को हटाने आदेश जारी किए है। ताकि सोहना से नूंह के बीच सड़क निर्माण के कार्य को जल्द आरंभ किया जा सके।

सोहना से नूंह के बीच बीएण्डआर विभाग द्वारा राष्ट्रीय मार्ग 248ए पर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। जिस पर 86 करोड़ रुपये खर्च होंगे, लेकिन सड़क निर्माण कार्य में सबसे बड़ी बाधा मार्ग के दोनों तरफ बने सर्विस रोड के ऊपर अवैध रूप से रखे खोखा, भवन निर्माण सामग्री, बाइक-स्कूटी से लेकर कार-जीप, टैम्पू और डंपर ठीक करने के वर्क शॉप से अतिक्रमण हो रहा है। जिनके कारण सर्विस रोड का नामोनिशां मिट गया है, लेकिन शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर किए जा रहे विकास कार्यों में स्थानीय सड़कों को भी साफ-सुथरा बनाना है। राष्ट्रीय मार्ग के दोनों तरफ बने सर्विस मार्गों के डिवाइडर पर लोहे की ग्रिल लगाई जाएगी। सर्विस रोड के साथ-साथ बनने वाले फुटपाथ पर सड़क हादसों को रोकने के लिए नगर परिषद सीमा क्षेत्र में दोनों तरफ लोहे की ग्रिल लगेंगी। जिससे आवारा घूमने वाले पशु वाहनों की रफ्तार में बाधा न बनें।

> जिला स्तरीय बैठक में उपायुक्त निशांत यादव ने एसडीएम जितेन्द्र गर्ग को नगर परिषद से सर्विस रोड पर चले रहे अवैध वर्कर्स शॉप से लेकर अतिक्रमण के रूप में पड़ा भवन निर्माण सामग्री को उठाने के लिए नगर परिषद प्रशासन को आदेश जारी कर दिए हैं। नगर परिषद प्रशासन जितनी जल्द ही सर्विस रोडों को अतिक्रमण से मुक्त कराएगा। उतनी ही जल्द सड़कों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।
>
> **अजीत सिंह**
> (एसडीओ लोक निर्माण विभाग)

> सोहना शहर का सौंदर्यकरण में यहां से तावडू, नूंह, पलवल, गुरुग्राम को जाने वाले मार्गों का भी सौंदर्यीकरण किया जाना है। शहर के किसी भी मार्ग पर अतिक्रमण को होने नहीं दिया जाएगा।
>
> **जितेन्द्र गर्ग**
> (एसडीएम)

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष पंकज यादव, उपाध्यक्ष नीतू सैनी का सरपंच सुंदर लाल ने किया स्वागत

## पटौदी ब्लॉक समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुने गए हैं दोनों प्रतिनिधि

## विधायक सत्यप्रकाश जरावता से मिलकर उनका आभार जताया

**प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम**



**पटौदी** ब्लॉक समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पंकज यादव लोकरा और उपाध्यक्ष नीतू सैनी का गुरुग्राम सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष सुंदर लाल यादव, उपाध्यक्ष श्रीनिवास राणा, प्रवीन यादव मानेसर, पूर्व चेयरमैन दयाराम, पवन यादव सिकंदरपुर समेत सिकंदरपुर बढ़ा गांव के गणमान्य लोगों ने स्वागत किया। इस जीत के लिए उन्हें बधाई दी। पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में विधायक सत्यप्रकाश जरावता से पूरी टीम ने मुलाकात करके आभार जताया।

ब्लॉक समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर हुए चुनाव में 25 सदस्यों में से 15 सदस्यों ने पंकज यादव व नीतू सैनी को अपना समर्थन देते हुए इन पदों पर चुनाव किया। पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने पंकज यादव व नीतू सैनी को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें निष्पक्ष विकास के काम करने में अपना संपूर्ण सहयोग देना है। जनता जब भी किसी को प्रतिनिधि के रूप में चुनती है तो उससे बहुत अपेक्षाएं होती हैं। उन पर खरा उतरना हमारा कर्तव्य होना चाहिए।

सरपंच सुंदर लाल यादव ने दोनों प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि गांव की पंचायत से ऊपरी पंचायत ब्लॉक समिति होती है। इसमें चाहे सदस्य हों या अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभी को जनता की उम्मीदों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने अध्यक्ष पंकज यादव व उपाध्यक्ष नीतू सैनी से भी उम्मीद जताई कि वे अपने क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे। उनके द्वारा किए गए कार्य ही उन्हें राजनीतिक रूप से मजबूत बनाएंगे। सुंदर लाल ने कहा कि ग्रामीणों को सरकार की योजनाएं का लाभ दिलाना सबसे जरूरी होता है। जानकारी के अभाव में कोई सरकार की योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए। सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करके जागरूकता भी बढ़ानी है।

# अब रैन बसेरा पर लग गए बैनर

## एसडीएम की छापे से नप प्रशासन आया हरकत में

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**



सोहना नगर परिषद प्रशासन द्वारा अग्रवाल धर्मशाला के मुख्य द्वार पर लगाया रैन बसेरा संचालित होने का बैनर।

**एसडीएस** जितेन्द्र गर्ग द्वारा शहर में बने रैन बसेरा पर मारे गए छापे से नगर परिषद प्रशासन हरकत में आ गया है। नगर परिषद प्रशासन ने सार्वजनिक जानकारी के लिए रैन बसेरा के लिए बैनर लगाने आरंभ कर दिए हैं। वहीं रैन बसेरा पर 24 घंटा कर्मचारी की ड्यूटी लगा दी है।

नगर परिषद द्वारा शहर के बीचों बीच शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक पर स्थित अग्रवाल धर्मशाला में बनाया रैन बसेरा की सार्वजनिक जानकारी के लिए न तो बैनर लगाए गए और न ही होर्डिंग लगाए गए। गुरुवार की रात को एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने रात के समय में शहर में नगर परिषद द्वारा स्थापित रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान रैन बसेरा मात्र खानापूर्ति में सिमटा हुआ मिला। जिसमें बीते 15 दिन में एक भी यात्री नहीं ठहरा। रैन बसेरा स्थापित किए जाने की परिषद प्रशासन द्वारा सार्वजनिक जानकारी के लिए कोई भी कम नहीं उठाया गया था। जिसको लेकर एसडीएम ने नगर परिषद प्रशासन को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए रैन बसेरा के नाम पर की गई खानापूर्ति का 7 दिन में जवाब मांगा है।

### नगर परिषद प्रशासन जागा नींद से

**एसडीएम** जितेन्द्र गर्ग द्वारा दिए गए नोटिस के बाद से परिषद प्रशासन ने अग्रवाल धर्मशाला के बाहर रैन बसेरा बनाएं जान की सार्वजनिक सूचना का बैनर लगाया है। जल्द ही शहर के 10 से 12 सार्वजनिक स्थानों पर बैनर व पोस्टर लगाएं जाएंगे। जिसमें चुंगी नंबर दो, सामान्य बस स्टैंड, अंबेडकर बाईपास चौक, अग्रसेन निकोना पार्क, बिजली निगम का एसडीओ कार्यालय, पुराना लेबर चौक आदि शामिल हैं।

> नगर परिषद के कर्मचारी शहर में रात के समय में बेसहारा यात्रियों की तलाश सार्वजनिक स्थानों पर जाकर करेंगे। ताकि रात के समय सर्दी से ठिठुरते हुए बेसहारा यात्रियों को रैन बसेरा में लाकर ठहराया जा सके।
>
> **अतर सिंह**
> (कार्यकारी अधिकारी नप)

# गुरुग्राम पुलिस ने 2022 में 16 गैंगस्टर, 22 इनामी बदमाश दबोचे

अलविदा 2022

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

## लॉरेन्स बिश्नोई व काला जठेड़ी के गिरोह के 16 बदमाश किए गिरफ्तार

## गाड़ी चोरी, घरों में चोरी, भगोड़े अपराधियों के सैंकड़ों केस भी सुलझाए

GURUGRAM POLICE
सेवा सुरक्षा सहयोग

**गुरुग्राम** पुलिस ने साल 2022 में जहां नामी बदमाशों के गिरोहों के बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की, वहीं अन्य अपराधिक घटनाओं की गुत्थी सुलझाने का भी काम किया। बदमाशों के बड़े गिरोह लॉरेन्स बिश्नोई व काला जठेड़ी के गिरोह के 16 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।

गुरुग्राम पुलिस ने वर्ष 2022 में कुल 22 ईनामी बदमाशों को दबोचा गया। इनमें से 6 बदमाशों पर 2 लाख रुपये का ईनाम, एक बदमाश पर एक लाख रुपये का ईनाम, 7 बदमाशों पर 25 हजार रुपये का ईनाम, एक बदमाश पर 20 हजार रुपये का ईनाम, 2 बदमाशों पर 15 हजार रुपये का ईनाम और 5 बदमाशों पर 10 हजार रुपये का ईनाम था। सभी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।

**16 गैंगस्टर को भी किया गया गिरफ्तार :** इसी तरह 16 गैंगस्टर को भी गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली। पुलिस द्वारा इस वर्ष लॉरेन्स बिश्नोई व काला जठेड़ी के गिरोह के कुल 16 बदमाशों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 16 देशी कट्टे/पिस्टल/रिवॉल्वर, 65 जिन्दा कारतूस, एक हथियार बनाने की मशीन व 1 क्रेटा गाड़ी बरामद की गई। कुल 800 भगोड़े, उद्घोषित व 357 जमानत पर आए अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। वर्ष 2022 में डकैती की 15 घटनाएं हुई। पुलिस ने इन सभी घटनाओं में कार्रवाई करते हुए सुलझा लिया गया। लूट की इस साल 62 घटनाएं हुई, जिनमें से 88 फीसदी घटनाओं को सुलझा दिया गया। छीनाझपटी (स्नेचिंग) के 216 केस दर्ज किए गए, जिनमें से 73 प्रतिशत को सुलझा दिया गया।

**अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्यों से हुआ 40 केसों का खुलासा :** इसके साथ ही दो अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्यों को गुरुग्राम पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। 40 केसों में इनकी संलिप्तता पाई गई।

विभिन्न राज्यों व जिलों में इन्होंने घटनाओं को अंजाम दिया था। 55 गिरोह व उसके सदस्यों को संपत्ति विरुद्ध अपराधों में गिरफ्तार किया गया। वर्ष-2022 में हत्या के 88 केस दर्ज हुए, जिनमें से 80 प्रतिशत केसों को सुलझा लिया गया। थाना आईएमटी सेक्टर-7, गुरुग्राम में 3 आरोपियों द्वारा लूटने व उसकी हत्या करने की वारदात को अन्जाम देने के केस में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 1 देशी कट्टा, 2 जिन्दा कारतूस व 1 चाकू बरामद किया गया। थाना सेक्टर-53, गुरुग्राम में आरोपियों द्वारा फोन चोरी का शक रखते हुए एक युवक की हत्या करने के बाद उसे रेवाड़ी ले जाकर दफना दिया था। इस केस में हत्यारों को काबू करके इस सनसनीखेज वारदात को खुलासा किया गया।

**नशा बेचने वालों पर भी चला पुलिस का डंडा :** वर्ष-2022 में यहां नशा बेचने वालों पर भी पुलिस का डंडा चला। पुलिस ने 162 केस दर्ज किए, जिनमें आरोपियों के कब्जे से 464.976 किलोग्राम गान्जा, 1.888 किलोग्राम सुल्फा, 1.9072 किलोग्राम हेरोईन व 25 ग्राम एमडीएमए बरामद किए। वर्ष-2022 में गुरुग्राम पुलिस द्वारा एक्साइज अधिनियम के तहत 1461 केस दर्ज किए, जिनमें आरोपियों के कब्जे से 63558 बोतलें देशी शराब, 80914 बोतलें अंग्रेजी शराब व 12917 बोतलें बीयर बरामद की गई।

# ईटीओ मोटर्स ने नई दिल्ली में महिला ड्राइवरों को सशक्त बनाकर लास्ट माईल कनेक्टिविटी को दिया नया आयाम

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



**भारत** की अग्रणी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ऐज़ अ सर्विस कंपनी (EMaaS) जिसका अनूठा 360 डिग्री इलेक्ट्रिक मोबिलिटी बिजनेस मॉडल है, दिल्ली में मेट्रो के उपभोक्ताओं को फर्स्ट एवं लास्ट माईल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए आजादपुर मेट्रो स्टेशन को महिला ड्राइवर पार्टनर्स के साथ लास्ट माईल सर्विसेज का लॉन्च करने जा रही है। ईटीओ (ईटो) के ईवी चार्जिंग समाधान- थंडरबॉक्स को पूरे दिल्ली के मेट्रो स्टेशनों, रिहायशी सोसाइटियों, सार्वजनिक/ अर्द्ध-सार्वजनिक मॉल्स आदि में इन्स्टॉल किया जाएगा। इससे महिलाओं को इलेक्ट्रिक दोपहिया एवं इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों के लिए चार्जिंग पॉइन्ट्स आसानी से मिल सकेंगे और उन्हें वाहन चलाते समय रेंज की चिंता नहीं सताएगी।

आने वाले दो महीनों में ईटीओ मोटर्स दिल्ली के सड़कों पर 100 अतिरिक्त ई-ऑटो उतारेगी। इसके अलावा कालका जी, उत्तम नगर, द्वारका और मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशनों पर नए पार्किंग एवं चार्जिंग हब बनाए जाएंगे। सरकार देश में ईवी को बढ़ावा देने के लिए भारी निवेश कर रही है। 2030 तक सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ाने की योजनाएं बनाई हैं, इसके तहत बसों में ईवी की 40 फीसदी, निजी कारों में 30 फीसदी, कमर्शियल वाहनों में 70 फीसदी तथा दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों में 80 फीसदी पहुंच को सुनिश्चित किया जाएगा। ई-मोबिलिटी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास है। ईटीओ मोटर्स 3 ई- पर्यावरण, रोजगार एवं सशक्तीकरण के सिद्धान्तों पर काम करती है। महिला ड्राइवरों को बढ़ावा देते हुए कंपनी स्वच्छ परिवहन के स्थायी समाधानों को प्रोत्साहित कर रही है। महिला ड्राइवर पार्टनर्स को बढ़ावा देने और उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए ईटीओ मोटर्स ने दिल्ली के परिवहन विभाग, जीएमआर वरलक्ष्मी फाउन्डेशन, स्कूल ऑफ ड्राइविंग एण्ड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, बुराड़ी (डीटीआई), इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एण्ड ट्रैफिक रीसर्च (आईडीटीआर), सराय काले खां और मोवो सोशल इनीशिएटिव्स के साझेदारी की है। ईटीओ मोटर्स एक स्थायी कार्गो फ्लीट का संचालन भी करती है जो कई ई-कॉमर्स कंपनियों को लास्ट माईल डिलीवरी सेवाएं उपलब्ध कराता है।

# प्रतिबंध : फिर भी हो रहा सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल

**कविता।** फरीदाबाद

### 3786 चालान काट 2817100 रुपये के काटे चालान, वसूले 876400 रुपये

**एक** जुलाई से एनजीटी के आदेश पर सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। अब सिंगल यूज प्लास्टिक दुकानों के सामने नहीं रखा जा रहा है, लेकिन सिंगल यूज प्लास्टिक अच्छी मात्रा में बाजार में मौजूद है। दुकानदारों द्वारा अभी भी सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा है। वहीं आम लोग भी पीने के लिए स्ट्रॉ और खाने के लिए चम्मच आदि की मांग कर रहे हैं। पेपर स्ट्रॉ बाजार में आसानी से उपलब्ध नहीं होते हैं। नगर निगम भी लगातार चालान काट रहा है। लेकिन इसका खास असर बाजार में नहीं दिख रहा है। निगम की स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि नगर निगम ने वर्ष 2022 में जुलाई से दिसंबर माह तक कुल 3786 चालान 2817100 रुपये के काटे हैं। जिसमें 876400 रुपये चालान के वसूल किए गए हैं।


वार्ड नंबर 7 सिंगल यूज़ प्लास्टिक का चालान काटते हुए अजीत सिंह रावत सहायक सफाई निरीक्षक।

जानकारी के मुताबिक केंद्र सरकार ने देश में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा दिया है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध का असर जिले में नहीं दिख रहा है। नगर निगम सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई रोज कर रहा है, लेकिन इसके बावजूद भी शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल धड़ल्ले से हो रहा है। लोग आज भी इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक नहीं हैं।

**ऐसी होती है मांग :** निगम के एसआई बीएस तेवतिया ने बताया कि वह दुकानदारों के रोजाना चालान काट रहे हैं। दुकानदार बताते है कि उपभोक्ता नारियल पानी, कोल्डड्रिंक सहित अन्य पेय पदार्थों के लिए स्ट्रॉ की मांग कर रहे हैं। ऐसे में दुकानदारों की मजबूरी में उन्हें स्ट्रा देना पड़ रहा है। इसी तरह भोजन के लिए थर्मोकल प्लेट, प्लास्टिक के दोने प्लेट आदि का उपयोग किया जा रहा है। इनका इस्तेमाल फूड स्टॉल, फास्ट फूड शॉप आदि जगहों पर हो रहा है। इसके साथ ही बर्थडे केक काटने के लिए प्लास्टिक के चाकू, आइसक्रीम कप के साथ प्लास्टिक का चम्मच देना दुकानदारों की मजबूरी है।

**अधिकारी का कथन :** निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभजोत कौर ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के सभी थोक विक्रेताओं और दुकानदारों के खिलाफ नगर निगम कार्रवाई कर रहा है। रोजाना चालान किए जा रहे हैं। नगर निगम ने जुलाई से दिसंबर माह तक कुल 3786 चालान 2817100 रुपये के काटे हैं। जिसमें 876400 रुपये चालान के वसूल किए गए हैं।

# नववर्ष की पूर्व संध्या पर पुलिस ने की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था

### पुलिस द्वारा शाम 6 से नाके 60 पुलिस नाके लगाकर हुड़दंगबाजों पर रखी जा रही है निगरानी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नववर्ष** पर किसी तरह की कोई अप्रिय घटना न हो, इसे ध्यान में रखते हुए पुलिस ने चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की है। जिसके तहत शहर में दर्जनों की संख्या में पुलिस द्वारा हुड़दंगियों पर नजर रखने के लिए नाके लगाए है। नाकाबंदी के दौरान पुलिस द्वारा जगह-जगह संदिग्ध लोगों को रोक कर जांच पड़ताल की जा रही है।

नववर्ष की पूर्व संध्या पर शहर के मॉल, होटल, रेस्टोरेंट और सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों के दौरान लोगों की काफी भीड़ जुटी हुई थी। जिससे देखते हुए कार्यक्रम स्थलों पर नजर रखने के लिए सादे कपड़ों में पुलिस कर्मचारियों को तैनात किया गया है। शहर के रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, मेट्रो स्टेशनों के आसपास भी पुलिस पूरी तरह नजर बनाए हुए है। वहीं बल्लभगढ़ बस स्टैंड पुलिस चौकी प्रभारी उमेश कुमार ने डॉग स्क्वायड टीम के साथ मिलकर पुलिस चौकी एरिया में सार्वजनिक स्थलों पर चेकिंग अभियान चलाया।


बस स्टैण्ड पुलिस बल्लभगढ़ बस स्टैण्ड पर डॉग स्क्वायड के साथ जांच करती हुई।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि नव वर्ष के उपलक्ष में सुरक्षा के मद्देनजर फरीदाबाद पुलिस द्वारा सभी जगह चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत बल्लभगढ़ बस स्टैंड पुलिस चौकी की टीम ने डॉग स्क्वायड के साथ मिलकर चौकी एरिया में स्थित बस स्टैंड, मेट्रो, रेलवे स्टेशन, होटल रेस्टोरेंट इत्यादि जगह पर चेकिंग करके होटल मालिकों से पूछताछ की। होटल, रेस्टोरेंट, ठेके व पार्टी हॉल संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वह पार्टी के दौरान वहां पर हुड़दंगबाजी करने वाले व्यक्तियों पर नजर रखें तथा यदि कोई व्यक्ति हुड़दंगबाजी करके अन्य लोगों को परेशान करता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस उसे गिरफ्तार करके जेल भेज देगी। इस अभियान के दौरान बस स्टैंड, मेट्रो स्टेशन तथा रेलवे स्टेशन पर विशेष तौर पर चेकिंग की गई क्योंकि ऐसे समय पर अपराधिक तत्व भीड़ का फायदा उठाकर सामाजिक शांति को भंग करने की कोशिश करते हैं। पुलिस टीम द्वारा लगातार गश्त की जा रही है और आज शाम से पूरे फरीदाबाद में 60 से अधिक पुलिस नाके लगाकर सामाजिक शांति को भंग करने वाले हुड़दंगबाजों पर निगरानी रखी जाएगी।

पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि आमजन नव वर्ष को हर्षोल्लास के साथ मनाएं परंतु शराब पीकर दूसरे लोगों को परेशान ना करें और शराब पीकर गाड़ी न चलाएं क्योंकि सर्दी के समय में एक्सीडेंट की संभावना वैसे ही अधिक होती है और शराब पीने से बचाव की संभावनाएं बिल्कुल खत्म हो जाती हैं। इसीलिए सभी नागरिक नववर्ष का स्वागत शांतिपूर्ण तरीके से अपने परिवार के संग रह कर करें।

# 17 साल से फरार चल रहे दुष्कर्मी का सहयोगी काबू

### सहयोगी को रिमांड पर लेकर मुख्य आरोपी को किया जाएगा गिरफ्तार



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**थाना** सदर बल्लभगढ़ प्रभारी महेंद्र सिंह व उनकी टीम ने वर्ष 2005 के बलात्कार के मुकदमे में आरोपी की मदद करने वाले उसके चाचा को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम प्रमोद है, जो यूपी के गोरखपुर के नदुआ गांव का रहने वाला है।

वर्ष 2005 में आरोपी प्रमोद व उसके भतीजे विनोद के खिलाफ एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगाने तथा बलात्कार की धाराओं के तहत सदर बल्लभगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले का मुख्य आरोपी विनोद अभी फरार चल रहा है। जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। उसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी विनोद सदर बल्लभगढ़ एरिया की रहने वाली एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। लड़की को भगाने में आरोपी के चाचा प्रमोद ने उसका साथ दिया था। आरोपी विनोद ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद आरोपी विनोद तथा प्रमोद नाबालिग लड़की को गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर छोड़कर भाग गए थे। उसके पश्चात आरोपी अपने ठिकाने बदल-बदल कर पुलिस की गिरफ्त से बचने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस द्वारा वर्ष 2005 में नाबालिग लड़की को गोरखपुर से सकुशल बरामद करके फरीदाबाद लाया गया। आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म में मुकदमा दर्ज करके उनकी तलाश शुरू की गई।

# विद्यासागर स्कूल ने हवन-यज्ञ कर किया नव वर्ष का स्वागत


विद्यासागर इंटर नेशनल स्कूल में हवन यज्ञ में करते विद्यालय के चेयरमैन धर्मपाल यादव निदेशक दीपक यादव व छात्र एवं छात्राएं।

**फरीदाबाद।** यहां स्थित विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल तिगांव-घरौड़ा में शनिवार को एक नई परंपरा को निभाते हुए हवन-यज्ञ कर नववर्ष का स्वागत किया गया। विद्यालय में एक छात्रा का जन्मदिन होने से आज के इस यज्ञ में मेधा को यजमान बनाया गया। बतातें चले कि स्कूल के जितने बच्चों का जन्मदिन होता है। उसके जन्मदिन के अवसर पर हवन-यज्ञ और प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

हवन-यज्ञ उन बच्चों की कुशलता और बौद्धिक विकास के लिए स्कूल में जन्मदिन के अवसर पर करवाया जाएगा। जिसमें बच्चों के साथ अभिभावकों को सम्मानपूर्वक उस यज्ञ में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इस हवन-यज्ञ में आठवीं और बाहरवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वैदिक मंत्रों से हवन किया गया। इस क्रम में विद्यालय के चेयरमैन धर्मपाल यादव ने सभी को नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय का अवकाश होने से नव वर्ष विद्यालय में आयोजित नहीं हो सकेगा, लेकिन सभी अपने घरों में अपने अभिभावकों और बड़ों के चरण स्पर्श कर अपने दिन की शुरुआत करें। श्रीयादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जन्मदिन के अवसर पर जहां बच्चों की कुशलता और बौद्धिक विकास के लिए हवन-यज्ञ आयोजित होता है,वहीं बच्चों में सनातन धर्म का संस्कार भी जन्म लेते हैं। इसी क्रम में विद्यालय के निदेशक दीपक यादव ने बताया कि विद्यालय में हवन-यज्ञ के अलावा बच्चों में पर्यावरण के बीज डालने हेतू बच्चों से ही उनके नाम पर स्कूल में एक-एक पौधा लगाया जाएगा और लगाए गए पौधे की देखरेख का जिम्मा भी उसी बच्चे को सौंपा जाता है ताकि उसमें पर्यावरण के प्रति सद्भाव उत्पन्न हो।

# छह माह से लापता किशोर को परिजनों से मिलवाया

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने 6 महीने पहले लापता हुए 15 वर्षीय नाबालिग लडके को सकुशल बरामद करके उसके परिजनों तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि नाबालिग लड़का 24 जून 2022 को बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन से दिल्ली घूमने के लिए निकला था जो दिल्ली की भीड़ में कहीं लापता हो गया। लड़के के माता-पिता उसकी तलाश कर रहे थे परंतु किसी को उसके बारे में नहीं पता था। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर तैनात पुलिस कर्मियों को जब वह लडका लावारिस हालत में घूमता हुआ दिखाई दिया तो उन्होंने उससे पूछताछ की।

जीआरपी पुलिस की टीम बच्चे को दिल्ली के मयूर विहार में स्थित बाल कल्याण समिति के समक्ष लेकर गई जिन्होंने फरीदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच कैट टीम को इसकी सूचना दी। क्राइम ब्रांच की टीम ने सूचना मिलते ही गुमशुदा बच्चे के परिवार के बारे में पता लगाया और उन्हें लेकर बाल कल्याण समिति मयूर विहार पहुंची जहां पर लडके के परिजनों ने लडके को देखते ही उसे गले से लगा लिया।

# स्केटिंग टूर्नामेंट में सेंट कोलंबस के दिग्गजों ने रचा इतिहास


आल इंडिया रोलर स्केटिंग टूर्नामेंट के रोलिंग ट्राफी के साथ सेंट कोलबंस के विजेता खिलाड़ी।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेंट** कोलंबस विद्यालय, दयाल बाग, फरीदाबाद के खिलाड़ियों ने 'ऑल इंडिया रोलर स्केटिंग टूर्नामेंट-2022' के अन्तर्गत रोलिंग ट्रॉफी जीतकर इतिहास रच दिया। यह खेल प्रतियोगिता 31 दिसंबर, 2022 को 'फिजिकल एजुकेशन फेडरेशन ऑफ इंडिया' द्वारा डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, दिलशाद गार्डन, दिल्ली में आयोजित की गई।

जिसमें सेंट कोलंबस के खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक सहित कुल 10 मेडल जीतकर 'रोलिंग ट्रॉफी' को अपने नाम कर लिया। यह प्रतियोगिता अंडर 9 व 11 आयु वर्ग के छात्रों के बीच खेली गई जिसमें हार्दिक अरोड़ा, प्रत्यूष कुमार श्रीवास्तव व उमर अली ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। छवि, अरनव शर्मा, आर्यन गुप्ता, गर्वित बघेल व शांतनु चौधरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता तथा गगन कुमार और समृद्ध सेमवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया। विद्यालय के अध्यक्ष ऋषि चौधरी व प्रधानाचार्या लेखा वीएमजी ने शारीरिक शिक्षा की अध्यापिका मिथलेश को विद्यार्थियों का नेतृत्व करने हेतु बधाई दी तथा सभी विजेता विद्यार्थियों को जीत की शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में इसी प्रकार से विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# कर्मचारियों ने मनाया स्थापना दिवस समारोह

**फरीदाबाद।** ग्रुप-4 कर्मचारी संघ फरीदाबाद का स्थापना दिवस समारोह का आयोजन हुआ। प्रति वर्ष 31 दिसम्बर के दिन संगठन अपना समारोह आयोजित करता रहा है।

इसकी व्यवस्था ग्रुप 4 कर्मचारी संघ के प्रधान नवीन रावत ढैकोला ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रवीन्द्र फौजदार विशेष अतिथि, प्रदीप चौधरी नेता जजपा और बिल्लू चंदीला सरपंच डूंगरपुर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का माला पहनाकर कर और पगड़ी बांध कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शैलेश कुमार कार्यकारी अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ फरीदाबाद ने की। मंच संचालन नीरज त्यागी जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ फरीदाबाद ने किया। सभी साथियों ने संगठन की महत्ता, आवश्यकता और प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए। भारतीय मजदूर संघ जिन्दाबाद जिन्दाबाद जिन्दाबाद, भारत माता की जय, वन्दे मातरम्, राष्ट्र भक्त मजदूरों एक हो एक हो, देश भक्त मजदूरों एक हो एक हो नारों से सभास्थल को गुंजायमान रखा। उपरोक्त सभी अतिथियों ने संगठन को अपना पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# बल्लभगढ़ क्षेत्र में लगाई विकास कार्यों की झड़ी

**प्रवीन शर्मा।** बल्लभगढ़

**प्रदेश** के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने शनिवार को बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगभग 80 लाख रुपये की लागत से बनाई जाने वाली गलियों के निर्माण कार्य का स्थानीय लोगों के हाथ नारियल तुड़वाकर शुभारंभ कराया। ये गलियां जैन कॉलोनी, विजयनगर, लक्ष्मण कॉलोनी और हरी बिहार में बनाई जाएंगी। इस अवसर पर गणमान्य लोगों ने परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का जोरदार स्वागत किया।

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र को विकास के क्षेत्र में हरियाणा प्रदेश में रोल मॉडल बनाने जा रहा है। यहां पर प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करोड़ों रुपये की धनराशि के कार्य विकास कार्यों को मंजूरी दी थी जो कार्य लगभग पूरे होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी है और अंतिम व्यक्ति के विकास और उसके हित की बात कहती है। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार करने वाली भारतीय जनता पार्टी लोगों को पूरा सम्मान देने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में गरीब व्यक्ति को सम्मान नहीं दिया जाता था। बल्कि पैसे वालों को सम्मान दिया जाता था और पैसे वालों के बच्चों को नौकरी बांटी जाती थी, लेकिन भाजपा सरकार में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को लाभ पहुंचा करके उसका विकास किया है। योग्यता और मेरिट के आधार पर नौकरियां देने की नीति बनाकर प्रदेश के होनहार युवाओं को नौकरी देने का इतिहास रचा है। जिसका अनुसरण देश के अन्य कई राज्य भी कर रहे है। इसके अलावा कुछ गलियों में पीने के पानी और सीवरेज की लाइन भी डाली जाएगी। यहीं नहीं प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माता हीराबेन मोदी के लिए अपनी विधानसभा में सभी स्थानीय लोगों के साथ मौन रख कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने लोगों को अपने संबोधन कहा कि प्रदेश की मनोहर सरकार का सपना अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को लाभ पहुंचाना है उसी के तहत बल्लभगढ़ के अंदर किसी भी कॉलोनी में विकास के मामले में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी कालोनियों की गलियों को पक्का कराया जाएगा और बिजली के खंभों पर लाइट लगवाई जाएगी। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा में सभी डिपो होल्डर अपनी इमानदारी के साथ गरीब लोगों को उनका राशन देने का काम करें अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने हरी बिहार और रेलपार जेसीबी के सामने संजय कॉलोनी को जोड़ने के लिए रेलवे के नीचे से अंडरपास की मांग भी रखी, इस मामले पर परिवहन मंत्री शर्मा ने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिलाया कि वह उनकी मांग को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष रखेंगे और जो भी उचित हल निकलेगा उसका प्रयास करेंगे। इस मौके पर टिपर चंद शर्मा, पूर्व पार्षद सविता तंवर, पूर्व पार्षद हरप्रसाद गोड, पारस जैन, बृजलाल शर्मा, बुद्धा सैनी, राकेश गुर्जर, योगेश शर्मा, प्रताप भाटी, मास्टर जयप्रकाश, जितेंद्र बंसल, खेमचंद शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, कौशल शर्मा, बसंता नंबरदार सहित कालोनियों के गणमान्य लोग मौजूद रहे।


बल्लभगढ में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा।

# विश्व स्तरीय चिकित्सा देना मेट्रो अस्पताल की प्राथमिकता

**फरीदाबाद।** नव वर्ष 2023 सभी के लिए मंगलमय हो ऐसी कामना है। मेट्रो अस्पताल, हरियाणा फरीदाबाद एवं आसपास के क्षेत्रों के के निवासियों के लिए अत्याधुनिक तकनीक एवं अनुभवी डॉक्टरों को उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्ध है। मैं आप सभी को नव वर्ष 2023 की एवं अच्छे स्वस्थ की शुभकामनाएं देता हूं।

नए साल में हम हार्ट ट्रांसप्लांट एवं अल्ट्रा मॉडर्न कैंसर सेंटर की सेवाओं को भारत एवं अंतरराष्ट्रीय नागरिक एवं मरीजों को समर्पित करेंगे। इसके साथ हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि हम हरियाणा, फरीदाबाद एवं आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को रोगों की रोकथाम के लिए जागरूक कर सकें। यह बातें मेट्रो ग्रुप मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉक्टर पुरुषोत्तम लाल ने कहीं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में डॉक्टरों की सेवाएं पूरे देश के लिए अनुकरणीय है। खुद कोरोना संक्रमित होने के बावजूद ड्यूटी का फर्ज निभाते चिकित्सकों का जज्बा बेमिसाल है। वैश्विक महामारी में दूसरों की जान बचाने के प्रयास में जुटे डॉक्टर ही समाज के असली हीरो हैं। पूरी तैयारियों के साथ लोगों को अब नई लहर से बचने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। विपरीत परिस्थितियों में कभी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। कोरोना संकट से सतर्कता से हम जीतेंगे। हम निरंतर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देंगे ।उच्च ओहदे के बावजूद पेशे की गरिमा उनका अनमोल रत्न है।


डॉक्टर पुरुषोत्तम लाल।

## संक्षिप्त समाचार

### रामकथा सुनने का मिलता है सर्वश्रेष्ठ फल : व्यास



**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति द्वारा आयोजित कराई जा रही रामकथा के 8वें दिन कथा व्यास जगत प्रकाश त्यागी ने कहा कि जीवन जीने के लिए सभी कहते हैं कि जैसे रखे श्रीराम इसकी जगह यह कहना चाहिए कि जैसे रहे राम। सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्श, संस्कार अनुशासन, पारिवारिक, देश समाज प्रेम की तरह ही अपना जीवन जीना चाहिए। तभी मानव जीवन सफल होगा और रामराज्य की परिकल्पना सही होगी। उन्होंने कहा रामकथा सुनने का फल तभी मिलता है जब सब उसमें सुनाई गई श्रेष्ठ बातों का पालन करें और उनको अपने जीवन में उतारें। शनिवार को व्यास जी, व्यासपीठ की पूजा की गई ।पूजा के बाद महामंडलेश्वर स्वामी जगत प्रकाश त्यागी जी ने मानव परिवार, आयोजक मंडल के सभी सदस्यों व कथा सुनने आए सभी श्रद्धालुओं को अपना आशीष, आशीर्वाद प्रदान करते हुए श्री रामजी से उनके उज्जवल व मंगलमय भविष्य की कामना की और मानव सेवा समिति द्वारा जनहित में किए जा रहे श्रेष्ठ कार्यों की सराहना करते हुए सभी दानी सज्जनों व समाजसेवियों से समिति की हर संभव मदद करने की अपील की। कथा सुनने आए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय प्रताप, समाजसेवी राजकुमार अग्रवाल, जिला भाजपा सचिव मुकेश अग्रवाल ने व्यास श्री से आशीर्वाद लिया। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, चेयरमैन अरुण बजाज, मुख्य संयोजक रांतिदेव गुप्ता,मुख्य यजमान कैलाश चंद शर्मा, महासचिव सुरेंद्र जग्गा,कोषाध्यक्ष राजेंद्र गोयनका,चेयरमैन महिला मंडल उषाकिरण शर्मा, राज राठी, संयोजक अमर बंसल, प्रेम पसरीजा, मुख्य प्रबंधक संजीव शर्मा, उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, सुधीर चौधरी, अरुण आहूजा, वाईके माहेश्वरी, प्रबंधक अनूप गुप्ता व समस्त कार्यकारिणी ने महामंडलेश्वर त्यागीजी व उनकी समस्त मंडली, कथा के सफल आयोजन में तन मन धन से पूर्ण सहयोग देने वाले सभी संरक्षक, यजमानों, मानव परिवार के सभी सदस्यों खासकर महिला मंडल, कलश यात्रा में भाग लेने वाली सभी महिलाओं, दानी सज्जनों को स्मृति चिन्ह, सम्मान पट्टिका देकर उनका आभार प्रकट किया। कथा का समापन रविवार को सुबह 9 से 12 यज्ञ, हवन व भंडारे के साथ किया जाएगा।

### रावल अकादमी ने 177 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** अंडर-12 प्रेक्टिस मैच रावल इंटरनेशनल स्कूल के ग्राउंड पर खेला गया। यह मैच रावल क्रिकेट अकादमी और वर्षा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। जिसमें वर्षा क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें रावल के बल्लेबाजों ने 40 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 264 रन बनाए। जिसमें देव भड़ाना ने 79 गेंदों पर 100 रन बनाए। वहीं देवांश त्यागी ने 52 गेंदों पर 40 रन और अवस्थी ने 63 गेंदों पर 33 रन बनाए। वर्षा अकादमी के गेंदबाज यश ने एक विकेट लिया। वर्षा के बल्लेबाजों ने 26 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर मात्र 88 रन ही बनाए। जिसमें यश ने 39 गेंदों पर 25 रन बनाए और अमन ने 13 गेंदों पर 14 रन ही बनाए। वहीं रावल के गेंदबाज वंश कुमार, अरहान खान और प्रथम शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। वहीं अंत में यह मैच रावल क्रिकेट अकादमी ने 177 रनों से जीत लिया। जिसके साथ ही मैन ऑफ द मैच का खिताब देव भड़ाना को दिया गया।

### चिरायु योजना के शेष लाभार्थी जल्द कराएं पंजीकरण : एडीसी

**फरीदाबाद।** एडीसी अपराजिता ने सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में चिरायु योजना के लाभार्थियों को आह्वान करते हुए कहा है कि वे नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर अपना पंजीकरण जल्द से जल्द करवाना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा घोषित हरियाणा चिरायु योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि जिला फरीदाबाद में डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सरकार द्वारा एक लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है। अब इन परिवारों को 5 लाख रुपये वार्षिक स्वास्थ्य बीमा की सुविधा मिलेगी। वहीं उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा अंत्योदय परिवारों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा जारी की गई आयुष्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है। सभी लाभपात्र अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर या अटल सर्विस सेंटर पर जाकर पंजीकरण करवाये। पंजीकरण के लिए लाभार्थी अपना परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड व मोबाइल साथ लेकर जाये। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान भारत चिरायु हरियाणा सरकार का फ्लैगशिप कार्यक्रम है, जिसका पात्र लाभार्थियों को त्वरित लाभ प्रदान किया जाएगा। वहीं वर्ष में दो स्वास्थ्य जांच भी की जाएगी।

### हरको बैंक के नवनियुक्त चेयरमैन को किया सम्मानित


कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा चेयरमैन हुकम सिंह भाटी को सम्मानित सम्मानित करते हुए।

**बल्लभगढ़।** प्रदेश के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने स्थानीय सेक्टर-8 कार्यालय फरीदाबाद हरको बैंक के नवनियुक्त चेयरमैन हुकम सिंह भाटी का शॉल भेंट कर सम्मान किया। वहीं परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि भाजपा पार्टी में मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं की मेहनत कभी बेकार नहीं जाती है। परिवहन मंत्री शर्मा ने उन्हें बधाई दी और हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद जताया कि वे हमेशा पार्टी के सदस्यों का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि हुकम सिंह भाटी ने हमेशा से पार्टी के कार्यों में बढ़ चढ़ कर कार्य किया है। इससे पहले भी हुकम सिंह भाटी मार्किट कमेटी के चेयरमैन रह चुके हैं। हरियाणा सरकार द्वारा नवनियुक्त हरको बैंक के चेयरमैन हुकम सिंह भाटी फरीदाबाद क्षत्रीय सभा और इलाके के गणमान्य लोगों के साथ प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का धन्यवाद प्रकट करने आज शनिवार को उनके कार्यालय पहुंचे थे। चेयरमैन हुकम सिंह भाटी ने परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा को फूल माला, गुलदस्ता और पगड़ी भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर चेयरमैन हुकम सिंह भाटी ने भी हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा द्वारा सभी शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। इस मौके पर भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा, प्रेम सिंह भाटी आरडब्ल्यूए प्रधान सेक्टर-2, क्षत्रीय सभा के प्रधान प्रताप भाटी, पारस जैन, अश्वनी चावला, दिनेश भाटी,लखन बेनीवाल, गुरदयाल सिंह, राजकुमार भाटी, राजकुमार गौड, पुरनलाल शर्मा, रंजीत सिंह सहित इलाके के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### ठेकेदार के खाते में रुपये ट्रांसफर करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने चोरी तथा धोखाधड़ी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम विकास है जो यूपी के औरैया जिले का रहने वाला है। 20 दिसंबर को आरोपी के खिलाफ तिगांव थाने में धोखाधड़ी तथा चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने अपने मालिक संदीप का मोबाइल फोन चोरी करके उसमें से 90 हजार रुपये फोन-पे के माध्यम से अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए थे। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए अपना जाल बिछाया जिसमें आरोपी फंस गया। आरोपी को काबू करके उससे मामले में पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि आरोपी लगभग बाहरवीं कक्षा तक पढ़ा हुआ है। पीड़ित ठेकेदार संदीप भवन निर्माण के ठेके लेता है और बहुत कम पढ़ा लिखा है।

# पिछड़ों,दलितों के आरक्षण को सरकार समाप्त करना चाहती है : अखिलेश यादव

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**पिछड़ों, दलितों** के आरक्षण को भा ज पा सरकार समाप्त करना चाहती है यह बात पूर्व मुख्य मंत्री एवम सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने स पा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डा अरविंद गुप्ता के आवास विकास स्थित प्रयाग नारायण अस्पताल में प्रेस वार्ता के दौरान कही।

श्री यादव ने कहा कि सरकार को पता था सुप्रीम कोर्ट के निर्णय में किसी भी जाति को पचास प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण पर रोक है फिर भी सरकार ने पिछड़ा वर्ग के साथ धोखा देकर उनके आरक्षण को समाप्त करने का काम किया। अब नगर निकाय चुनाब 6 महीने के लिए सरकार ने सरकार ने टाल दिया। एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि इरफान



सोलंकी,आजम खान,रमाकांत यादव पर झूठे केस लगाए गए,सरकार की रणनीति है कि सांसद,विधायक पर झूठे मुकदमे लगाओ और फिर चुनाव कराकर सत्ता अपने नाम कर लो।

उन्होंने कहा कि स पा सरकार बनेगी तो गंगा एक्सप्रेस वे और लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे को इटावा बरेली हाइवे से जोड़ देगे जिससे फर्रुखाबाद को दोनो एक्सप्रेस वे का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि लोहिया अस्पताल स पा शासन की देन है अगर फिर सत्ता में आए तो लोहिया अस्पताल को मेडिकल कालेज बनाया जायेगा। सरकार विदेश से निवेश लेने जा रही है और बेरोजगारों को रोजगार नहीं दे पा रही है। उन्होंने कहा कि मैनपुरी में भा ज पा की चल नही पाई और रामपुर में जनता को वोट नहीं डालने दिया गया। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के बारे में पूछने पर कहा कि यह कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा हैहम भी जल्द उत्तर प्रदेश जोड़ो यात्रा शुरू करेगे। गंगा स्वच्छता पर पूछे प्रश्न पर कहा कि जहां जहां भा ज पा के मेयर व अध्यक्ष है वहां पर नालियों के गंदे नाले गंगा में गिर रहे हैं। भा ज पा के जनप्रतिनिधियों की उनकी पार्टी में कोई बेल्यू नही है।2024 में तीसरे मोर्चे के गठन के बारे में पूछे प्रश्न के जवाब में कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्य मंत्रीममताबनर्जी,बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार,तेलंगाना के मुख्य मंत्री के चंद्रशेखर मिलकर तीसरा मोर्चा बनाना चाहते हैं जब यह बनेगा तो इसमें समाजवादी पार्टी भी शामिल होगी।

उन्होंने कहा कि जब स पा सत्ता में आयेगी तो कन्नौज से ज्यादा बिकास फर्रुखाबाद का किया जायेगा। संकिसा का भी विकास होगा। इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय यादव, डा जितेंद्र सिंह यादव,राजीव शाक्य,, मंदीप यादव,इलियास मंसूरी सहित सैकड़ों स पा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दबंगों ने किया गरीब की जमीन पर कब्जा, पीड़ित अब अधिकारियों की चौखट पर खा रहा ठोकरें

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

**थक चुका हूं** ,लाचार हूं ,नहीं सुनता कोई साहब चार बीघे थी ।अब दो ही बची 20 बीघा पर अवैध कब्जा कर लिया। बची 2 बीघे भी ले लो। आखिर काहे का कानून जो न्याय तक नहीं दिला सकता। इस तरह की पीड़ा व्यक्त करते हुए तहसील क्षेत्र कायमगंज के गांव अमरापुर नगला मकोड़ा निवासी रामजीत पुत्र लटूरी लाल का कहना है कि वह जमीन दबंगों से छुड़वा कर मेड़बंदी कराने के लिए संपूर्ण समाधान दिवस, डीएमए एसडीएम कार्यालयों के चक्कर काट रहा है। लेकिन दबंगों के आगे कानून बौना नजर आ रहा है।

रामजीत ने कहा कि अभी पिछले दिन तहसीलदार साहब मौके पर गए थे । उनसे फरियाद की तो उल्टे डांटते हुए बोले न पैमाइश ना कानून की बात करो एजो प्रधान जी फैसला करते हैं वही मान लो एनहीं तो जेल



भिजवा दूंगा ।पीड़ित का कहना है कि इसके बाद से तो उसे न्याय की बची हुई उम्मीद भी खत्म होती दिखाई दे रही है। और थके हारे लाचार गरीब किसान ने कहा कि साहब कुल 4 बीघे ही थी उसमें से दो बीधे पर दबंगों का अवैध कब्जा हो गयाए केबल दो बीधे ही बची है। उसे भी ले लो ।आखिर क्यों न्यायालय से पक्की पैमाइश का फैसला सुनाते हो ।जब खुद ही ऐसी बात कह रहे हो तो फिर आदेश ही क्यों किया था।

दबंगों से पीड़ित और प्रशासन से नाउम्मीद हो चुका पीड़ित लाचार किसान रामजीत फिर भी उम्मीद लेकर उप जिलाधिकारी कायमगंज की चौखट पर पहुंचा। जहां उसने फिर एक बार एसडीएम के नाम संबोधित शिकायती पत्र सौंपकर कहा साहब उसकी गांव स्थित गाटा संख्या 31 रकबा 0.2950 भूमि की पक्की पैमाइश का आदेश हुआ था । मौके पर हल्का लेखपाल तथा राजस्व निरीक्षक ने पैमाइश कर मेड बनवाने काम शुरू कराया ही था। उसी समय उसके गांव के अलवरए बलवीर तथा इनके पिता दुलारे लाल और इन्हीं के साथ पड़ोसी गांव जिराऊ निवासी शिवपाल ,महिपाल ,इंद्रपाल पुत्र देव सिंह लाठी.डंडों से लैस होकर आ गए।

गाली गलौज करते हुए कहा कि मेड मत डलवाओ नहीं तो काटकर बोरे में भर दूंगा। इन दबंगों द्वारा झगड़े की स्थिति समझकर मौके से हल्का लेखपाल सावन कुमार और राजस्व निरीक्षक चले गए। इसके बाद पीड़ित को खेती छोड़कर गांव से चले जाने की धमकी दी गई। परेशान हालत में एक बार फिर उसने उप जिलाधिकारी से पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी में पैमाइस कराने के साथ ही अपनी जमीन को कब्जा मुक्त कराते हुए मेड बंधवाने की गुहार लगाई है।

## क्विक न्यूज

### गाली गलौज के साथ छेड़छाड़ का आरोप , रिपोर्ट दर्ज

**कायमगंज` फर्रुखाबाद** ।कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव कुबेरपुर की निवासी महिला नासरा पत्नी जब्बार ने पुलिस से शिकायत करते हुए कहा है कि 30 दिसंबर को गांव में स्थित दुकान पर उसका बेटा अदनान बैठा हुआ था। उसी समय शाम 7रू00 बजे के करीब गांव का ही नजीब पुत्र गुहाटी वहां आ धमका और मेरे बेटे को भद्दी.भद्दी गालियां देने लगा। गाली गलौज की आवाज सुनकर मैं वहां पहुंची। मेरे विरोध करने पर नजीब गालियां देता हुआ मेरे साथ छेड़खानी करने लगा। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 354 . 504 के अंतर्गत एनसीआर दर्ज कर जांच एवं कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### यमुना संवाद में ग्रामवासियों के निकले आंसू

**फतेहपुर**। शनिवार को विजयीपुर ब्लाक के रायपुर भसरौल ग्राम पंचायत में दो दिवसीय किसान संवाद का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम मां यमुना, टिकरी माता, महेश बाबा की आस-पास सफाई की। इसके उपरांत सभी पूजन आरती की। सभी ने आरती कर आशीर्वाद में बेहतर सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा की कामना की। आयोजित संवाद में यमुना तटवर्ती ग्रामवासियों का सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य व बेरोजगारी मुद्दे पर दर्द छलका। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने जल, जंगल, जमीन, जीव-जन बचे राज्य बुंदेलखंड बने के नारे संग जारी संघर्ष में ग्रामवासियों का आशीर्वाद मांगा। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बीते दिनों संपन्न हुई नौ दिवसीय पद यात्रा के विषय में सबको अवगत कराया। संयोजक धर्मेंद्र दीक्षित ने बताया कि तटवर्ती गांवों में बिजली, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर तमाम आवश्यकताएं हैं। मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लोग रहते हैं। ग्रामीणों की प्रमुख समस्याओं पर चिंतन के साथ ही समिति उनकी पीड़ा को सरकार में बैठे जिम्मेदारो पहुंचायेगी। इस मौके पर दुर्गेश अवस्थी, धनंजय दीक्षित, अन्नू मिश्रा, परमेश निषाद, हिमांशु त्रिपाठी, चंदिका, सज्जन, राजू, विनोद, वेद प्रकाश निषाद, अमन दीक्षित, वैंकटेश दीक्षित, कार्तिक दीक्षित, ईशू दीक्षित, सुनीत दीक्षित, छंगू यादव, राजा यादव आदि रहे।

### डॉक्टर के प्रयास से 80 वर्षीया महिला के चेहरे पर आई मुस्कान

**वाराणसी**। तिल को हटाने की वजह से चेहरे में आई विकृति से छुटकारा पाने वाली 80 वर्षीया फुलेसरा देवी के चेहरे पर लगभग 2 साल बाद मुस्कान आई क्योंकि उन्होंने उजाला सिग्नस हॉस्पिटल वाराणसी में नर्स द्वारा लगाये गए शीशे में जब अपना चेहरा देखा तो उन्हें बहुत ख़ुशी हुई। फुलेसरा देवी 4 बच्चों की दादी मां है। दरअसल उनका हॉस्पिटल के सर्जिकल आंकोलॉजी में डॉ विनीता श्रीवास्तव के टीम द्वारा सफलतापूर्वक सर्जरी की गयी। लोकल रोटेशन फ्लैप सर्जरी की वजह से न केवल उनके चेहरे को नया रूप मिला बल्कि उनमे अपने चेहरे को देखकर आत्मविश्वास भी जगा। फुलेसरा देवी के नाक और ऊपरी होंठ के बीच में कैंसर की वजह से यह हिस्सा ख़राब हो गया था। जिस वजह से उनका चेहरा ख़राब दिख रहा था।

### ठंड से किसान की मौत

**फतेहपुर**। अमौली ब्लॉक के रनुपुर गाँव में एक किसान की ठंढ लगने से मौत हो गयी। परिजनों के अनुसार छेदा लाल पाल रात में गेंहू के खेत में पानी लगाए था। सुबह जब घर आया तो ठंड महसूस हुई और वह लेट गया। घर वाले रोज की तरह अपना दैनिक कार्य करने लगे। परिजनों को लगभग चार बजे जानकारी हुई तो वह सरकारी अस्पताल जहानाबाद ले गए लेकिन डॉक्टरों ने वहाँ मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**फतेहपुर**। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गा मंदिर के समीप रेलवे ट्रैक पार करते समय 35 वर्षीय युवक ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र के दक्षिणी शांतीनगर निवासी शिव भवन का पुत्र बसंत उर्फप्रफुल्ल चंद्र आज सुबह किसी काम से जा रहा था। जब वह दुर्गा मंदिर के समीप रेलवे लाइन पार करने लगा उसी बीच तेज रफ्तार आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

### सड़क हादसे में वृद्ध ने तोड़ा दम

**फतेहपुर**। थरियांव थाना क्षेत्र के आंबापुर के समीप वाहन का इंतजार कर रहे 70 वर्षीय वृद्ध को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के मनावा गांव निवासी स्व. राम दुलारे का पुत्र राम औतार रिश्तेदारी में थरियांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आया था। बताते हैं कि आज सुबह वह गांव वापस जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था। इसी बीच विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### मार्ग दुर्घटनाओं में महिला समेत तीन घायल

**फतेहपुर**। अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान महिला समेत तीन लोग घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां एक की हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के सौंरा गांव निवासी दशरथ का 25 वर्षीय पुत्र विनय शर्मा बाइक से शहर आ रहा था। जब वह एनएच-2 पर पहुंचा तभी अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी प्रकार सदर कोतवाली क्षेत्र के गोपालनगर निवासी बुल्लू का 41 वर्षीय पुत्र राम बाबू व स्वाती पत्नी राम बाबू 40 सड़क हादसे में घायल हो गये। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने विनय शर्मा की हालत गंभीर देख कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

### शोभिताल क्रिकेट टूनामेंट में घाटमपुर ने एआर एकेडमी को 64 रनों से हराया

**घाटमपुर**-नगर के मूसानगर रोड पर स्थित जनता महाविद्यालय के ग्राउन्ड में आयोजित शोभिताल क्रिकेट कप टूनामेंट के आज सातवें दिन हुए एक मैच में घाटमपुर ने एआर क्रिकेट एकेडमी को 64 रनों से हरा कर मैच जीत लिया। टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए घाटमपुर एकेडमी ने निर्धारित 20 ओवरों में 169 रन बनाये, जिसमें जीतू तिवारी 59, दिब्यांश त्रिपाठी 27 और रितिक व राजेश दोनों ने 13-13 रन बनाये। एआर एकेडमी के ओर से आसिफने तीन व निष्कर्ष ने दो बिकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए एआर क्रिकेट एकेडमी ने 19 वें ओवर में सभी बिकेट खोकर 105 रन ही बना सकी, जिसमें अरविन्द ने 27 व शुभम ने 09 रन का योग दान कर सके बाकी खिलाड़ी जल्दी-जल्दी पैवेलियन लौट गये, घाटमपुर एकेडमी की ओर से रजनीश ने तीन बिकेट लिये, मैन आफ द मैच जीतू तिवारी को चुना गया,इसके पहले क्रिकेट टूनामेंट के आयोजन कर्ता सचिव भूप किशोर विश्वकर्मा ने दोनों टीम के खिलाड़ियों का परिचय कराया।

# सिर्फ अपने लिये नहीं बल्कि दूसरों की मदद को भी डायल करें यूपी 112: डीएम

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

**जिलाधिकारी नेहा** जैन ने कहा कि सिर्फ अपने मांगने के लिये ही नहीं बल्कि दूसरों की मदद करने को डायल करें यूपी 112 हेल्पलाइन नंबर। रविवार को स्थानीय पुलिस चौकी में जागरूकता अभियान के दौरान वह राहगीरों एवं लोगों को उक्त हेल्पलाइन की जानकारी दे रहीं थीं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सुनीति भी मौजूद रहीं।

उन्होंने बताया कि यूपी 112 हेल्पलाइन की ओर से शुरू की गई व्यवस्था का रिस्पांस मिल रहा है। जिसके तहत मदद करने की इच्छुक लोगों की कॉल भी आने लगे हैं। अभी तक डायल 112 पर आने वाली कॉल सिर्फ मदद मांगने तक ही सीमित थी। लेकिन अब व्यवस्था में परिवर्तन होने पर संकट में फंसे लोगों की मदद के लिये भी लोग यूपी 112 पर कॉल कर रहे हैं। अब दूसरों की मदद के लिये कोई भी व्यक्ति हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सकता है। पुलिस अधीक्षक सुनीति ने बताया कि यूपी 112 की इस पहल से ना सिर्फमदद की इच्छुक लोगों को आसानी होगी बल्कि जरूरतमंदों तक



पुखरायां में यूपी 112 का जनजागरण करती डीए एवं एसपी

सहायता पहुंचाए जाने के क्रम में भी तेजी आएगी। उन्होंने जानकारी दी रोजाना सैकड़ों की तादात में लोग यूपी 112 मदद ले रहे हैं। बताया कि दैवी आपदा आने पर मदद के लिए पुलिस की डायल 112 सेवा पर की गई फोन काल अब राजधानी स्थित राहत आयुक्त कार्यालय में स्थापित स्टेट इमरजेंसी आपरेशन सेंटर तक तत्काल पहुंच जाएगी।

# मालामाल हुआ आबकारी विभाग

संवाददाता। फतेहपुर

**● 8 महीने में पियक्कड़ों ने 2.76 अरब की शराब गटकी**

**● जिले में देशी, अंग्रेजी शराब सहित बीयर की 461 दुकानें हैं संचालित**

**पिछड़ा जिला** होने के बावजूद भी पियक्कड़ों ने आठ महीने में 2 अरब 76 करोड़ 17 हजार की शराब गटक लिया है। बता दें कि फतेहपुर जिले में देशी, अंग्रेजी शराब सहित बीयर की 461 दुकानें संचालित हैं। जिले में देशी, अंग्रेजी शराब सहित बीयर की 461 दुकानें संचालित हैं। देशी, अंग्रेजी शराब सहित बीयर की 461 दुकानें संचालित हैं। पियक्कड़ों के जाम छलकाने का असर ऐसा हुआ कि आबकारी विभाग ने रिकॉर्ड बनाया है। जिले में वर्ष 2022 में पियक्कड़ों ने इतना जाम छलकाया की आबकारी विभाग मालामाल हो गया है। पिछड़ा जिला होने के बावजूद भी पियक्कड़ों ने आठ महीने में 2 अरब 76 करोड़ 17 हजार की शराब गटक लिया है। सहायक आबकारी आयुक्त सुरेश कुशवाहा ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के करीब राजस्व पहुंच चुका है। मार्च तक लक्ष्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। बता दें, जिले में कुल देशी, अंग्रेजी शराब सहित बीयर की 461 दुकानें हैं, जिसमे देशी शराब की 314 दुकानें संचालित है। बीते आठ माह में 60 लाख 25 हजार 977 लीटर शराब की बिक्री हुई है, जिसमे 1 अरब 44 करोड़ 2 लाख 85 हजार 40 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। वहीं अंग्रेजी शराब की बात करें तो जिले में कुल 79 अंग्रेजी शराब की दुकान हैं, जिनमे अब तक 17 लाख 47 हजार 611 बोतल की बिक्री हुई है। जिसमे 69 करोड़ 90 लाख 44 हजार 440 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।बीयर की दुकानों की बात करें तो जिले में कुल 68 दुकानें संचालित हैं, जिसमे अब तक 38 लाख 89 हजार 910 केन की बिक्री हुई है, जिसमे 3 करोड़ 11 लाख 92 हजार 800 रुपए की प्राप्ति हुई है। वर्ष 2021 की बात करें तो इस माह नवंबर तक लगभग 9 करोड़ 99 लाख 65 हजार रुपए की वृद्धि देखी गई। इतना ही नहीं जिले में 38 दुकानें भांग की संचालित है जिसमे 9366 किलोग्राम भांग बिक्री का 48 लाख 13 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।

# पत्नी पीड़ित ने लगाई क्षेत्राधिकारी से गुहार

संवाददाता। पुखरायां। कानपुर, देहात

**मूसानगर थाना** क्षेत्र के चतुरीपुरवा निवासी पत्नी पीड़ित एक युवक ने क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर से शिकायत की है। क्षेत्राधिकारी ने थाना इंचार्ज को कार्रवाई करने निर्देश दिये हैं। मूसानगर थाना क्षेत्र के चतुरी का पुरवा निवासी राम शंकर ने बताया कि उसकी पत्नी शीला उससे अलग होकर पुखरायां में किरायेदारी पर रहती है। उसका आरोप है कि पत्नी की संगत गलत लोगों से है। गत दिनों उसकी पत्नी कई लोगों को घेरकर लाठी-डंडों से मारा-पीटा था और जब वह बचाव करने लगा तो इन लोगों ने धारदार औजारों से हमला कर दिया था। जिससे रामशंकर बुरी तरह लहूलुहान हो गया था। उसने मूसानगर में फरियाद लगाई थी लेकिन सुनवाई नहीं हुई थी। जिस पर रामशंकर ने भोगनीपुर क्षेत्राधिकारी के यहां फरियाद लगाई है। क्षेत्राधिकारी तनु उपाध्याय ने बताया कि संबंधित थानेदार को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## पति ने दी पत्नी को जान से मारने की धमकी

**पुखरायां। कानपुर, देहात** । भोगनीपुर कस्बा निवासी एक युवती ने कोतवाल को तहरीर देकर बताया कि पति के खिलाफ मुकदमा विचाराधीन है। वह आएदिनन फोन पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। भोगनीपुर निवासी शब्बीर खान ने बताया कि उसने अपनी लड़की चांदनी की शादी कांधी निवासी रिजवान खान के साथ की थी। शादी के बाद चांदनी को पता चला कि रिजवान पहले से ही शादीशुदा है और पहली पत्नी को लेकर गुजरात में रह रहा है। जिसके चलते दोनों के बीच में अनबन हो गई थी। जिसके चलते पति रिजवान एवं उसके परिवारीजन चांदनी को मारपीट कर घर से भगा दिया था। चांदनी ने भोगनीपुर थाने में धारा 354, 498 दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसक चलते परेशान उसका पति रिजवान गत तीन दिन से फोन से चांदनी को जान से मारने की धमकी दे रहा है। वह मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है। परेशान चांदनी ने क्राइम इंस्पेक्टर महिंदर सिंह को तहरीर दी। क्राइम इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम ने की जिला सैनिक बंधु की बैठक

**कानपुर देहात** । जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सैनिक कल्याण अधिकारी ने पूर्व सैनिकों द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि यह बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण है जिसे प्रति माह कराया जाए हैए बैठक में प्राप्त करीब 20 शिकायतों का संज्ञान लेकर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से निस्तारण कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी भूतपूर्व सैनिकों से अपील करते हुए कहा कि आपके द्वारा प्रस्तुत शिकायती पत्रों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के क्रम में निस्तारण कराया जाएगा। इस दैरान विभिन्न सैनिकों द्वारा जनपद व गैर जनपद से संबंधित विद्युतए अवैध कब्?ा जैसी शिकायतें रखीए जिसके दृष्टिगत उन्होंने मौके पर संबंधित अधिकारियों से वार्ता दूरभाष पर करते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए तथा गैर जनपदीय शिकायती पत्र को संबंधित जिलाधिकारी से पास भेजकर निस्तारण हेतु आश्वस्त किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे देश के सैनिक कठिन परिस्थितियों में देश के विभिन्न स्थानों पर ड्यूटी कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते है। अत: उन्हें अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को निपटाने हेतु बहुत कम समय मिल पाता है। उन्हें छुट्टियां भी बहुत कम मिल पाती है।

# स्व. हरिपाल सिंह महाविद्यालय में हुआ मोबाइल का वितरण



**फतेहपुर**। स्व. हरिपाल सिंह महाविद्यालय में आज मोबाइल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री बाबू राधेश्याम गुप्त, विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के संरक्षक एवं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रवींद्र पाल सिंह, अरविंद पाल सिंह, प्राचार्य जेपी राजवंशी, सुभाषनी सिंह, रीना सिंह यादव, विभा शुक्ला, फूल सिंह, प्रताप नारायण भूषण, वीपी सिंह, अजय राज सिंह, निहाल सिंह, कुलदीप विष्वकर्मा, राम बाबू भदौरिया, गणेश दत्त त्रिपाठी, मकबूल अहमद आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने निर्माणाधीन रामसारी गौशाला का किया भौतिक सत्यापन



संवाददाता। घाटमपुर

**शनिवार को** जिलधिकारी बिशाख जी अय्यर बिकास खंण्ड पतारा के गांव रामसारी में निर्माधाधीन गौशाला का निरीक्षण किया इसके पहले वो गांव छाज की गौशाला को देखा इस मौके पर मुख्य बिकास अधिकारी सुधीर कुमार और पतारा बीडीओ प्रवीणा शुक्ला भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी आज सवेरे पहले ग्राम पंचायत छांजा पंहुचे और गौशाला को देखा, डीएम ने गो सेवकों से भूसा और उनकी संख्या के बारे में पूछतांछ की, डीएम ने बीडीओ को गोबंशों को ठंन्ड से बचाव और चारा-पानी की ब्यवस्था पर नराजगी जाहिर करते हुए फटकार लगायी। जिलाधिकारी इसके बाद इसी बिकास खण्ड की ग्राम पंचायत रामसारी गये और वहाँ बन रही गौशाला का भौतिक सत्यापन किया तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता परखी। बाद में वो नौरंगा में चौपाल लगा कर लोगों की शिकायते सुनी तथा उन्हें निस्तारण किये जाने का आदेश अधीनस्तों को दिया, चौपाल दौरान एसडीएम अमित ओमर व तहसीलदार एस00पी0 सिंह भी मौजूद रहे। जिला अधिकारी बिशाख जी अय्यर इटर्रा में बने एक गोबर गैस प्लाट को भी देखा।

## पीएनसी इन्फ्राटेक को मिट्टी खनन की नहीं दी गई अनुमतिः एडीएम

**फतेहपुर**। अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) विनय कुमार पाठक ने बताया कि कि जनपद में वर्तमान समय पीएनसी इन्फ्राटेक लि0 के पक्ष में साधारण मिट्टी का कोई खनन अनुज्ञा पत्र स्वीकृत नहीं है। समय-समय यह शिकायतें प्राप्त हो रही है कि मेसर्स पीएनसी इन्फ्राटेक लिए व उनके प्रतिनिधि तथा उनकी आड़ में अन्य लोगों द्वारा बिना सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त किये मिट्टी का खनन/परिवहन किया जा रहा है, जो नियमानुसार नहीं है। जनपद में कहीं भी मिट्टी का अवैध खनन/परिवहन होता पाया जाता है तो जनपदवासियों द्वारा इसकी सूचना सम्बन्धित उप जिलाधिकारी फतेहपुर के दूरभाष नम्बर 9454417860, उप जिलाधिकारी खागा के दूरभाष नम्बर-9454417878 उप जिलाधिकारी बिन्दकी के दूरभाष नम्बर 9454417861 व खान अधिकारी फतेहपुर के दूरभाष नम्बर 8887534776 पर दी जा सकती है। पीएनसी इन्फ्राटेक लि0 व उनके प्रतिनिधि को भी सूचित किया जाता है कि बिना सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त किये मिट्टी खनन/परिवहन का कार्य न करें।

# आन जाब ट्रेनिंग का शुभारम्भ

**फतेहपुर**। निखार वूमेन्श ट्रेनिंग एन्ड डेवलपमेन्ट इन्सटीट्यूट मे महिला थाना अध्यक्ष श्रीमती कांति सिंह एवं निखार की निदेशक डा. माधुरी साहू ने आईटीआई की आन जाब ट्रेनिंग का शुभारम्भ मां सरस्वती जी को तिलक व माल्यार्यपण कर किया। बताया गया कि पिछले तीन सालों से जनपद के आईटीआई की छात्राओं को भी आन लाइन जाब ट्रेनिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

महिला थानाध्यक्षा कान्ती सिंह ने अपनी एंटी रोमियो टीम महिला कांस्टेबल यशस्वी, यशोदा, वंदना, अनीता द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग उपरांत इंस्टीट्यूट वर्मा चौराहा में गोष्ठी कर महिलाओं एवं बालिकाओ को मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर- 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 1090 विमेन पावर हेल्प लाईन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, महिला थाना के सी यू जी नंबर 9454404879 के बारे में जानकारी देकर जागरूक



किया गया। महिला हेल्पलाइन तथा एंटी रोमियो के कार्य सेल्फ डिफेंस आदि महिला संबंधित कानून अधिकार आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही हेल्पलाइन नंबरों से सम्बंधित महिलाओं/बालिकाओ से उनके साथ घटित किसी भी प्रकार की समस्या के बारे में पूछा गया। किसी ने कोई समस्या नहीं बताई। हेल्पलाइन नंबर प्रयोग करने के तरीके भी बताए गए। इस कार्यक्रम मे निखार टीम की सदस्य मास्टर दिव्यांश साहू, सूर्यांश साहु, श्रुति वर्मा, मधुपाल, रुपाली, सिमरन, शिफा, अम्रता आदि मौजूद रहीं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के आकस्मिक निधन पर उनकी आत्मा की शान्ति हेतू दो मिनट की शोक सभा कर उन्हें विनम्र श्रृद्धांजलि दी गई।

## एक्टर्स ने नये साल के जश्न के लिये बताए अपने खास प्लान

**वाराणसी**। यह नये साल के जश्न का वक्त है और एण्डटीवी के एक्टर्स के पास 2023 की शुरूआत का उत्सव मनाने के लिये कुछ खास प्लान्स हैं। ये एक्टर्स हैं 'दूसरी माँ' की नेहा जोशी (यशोदा), मोहित डागा (अशोक), आयुध भानुशाली (कृष्णा), 'हप्पू की उलटन पटलन' के योगेश त्रिपाठी (दरोगा हप्पू सिंह), कामना पाठक (राजेश), हिमानी शिवपुरी (कटोरी अम्मा) और 'भाबीजी घर पर हैं' से शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी), रोहिताश्व गौड़ (मनमोहन तिवारी), आसिफ शेख (विभूति नारायण मिश्रा) और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी)। एण्डटीवी के शो 'दूसरी माँ' में यशोदा की भूमिका निभा रहीं नेहा जोशी ने कहा, ''मैं अपने शो के लिये चार महीने से जयपुर में शूटिंग कर रही हूँ और मुझे ज्यादा छुट्टी नहीं मिली है। जहाँ मैं अपने दो करीबी दोस्तों से मिलूंगी और अपने घर पर 2023 का जश्न मनाऊंगी।


## धरे रह गए दांव-पेंच

चीफ साहब का कार्यकाल एक बार फिर एक साल के लिए बढ़ गया। इसके लिए सरकार ने नियमों और कानूनों को काफी हद तक नजरअंदाज करके उन्हें सेवा विस्तार इसलिए दे दिया क्योंकि अगले एक-दो महीने में उत्तर प्रदेश में कई बड़े आयोजन होने वाले हैं। इस दृष्टि के कारण सरकार का निर्णय स्वाभाविक भी था लेकिन चीफ साहब को सेवा विस्तार न मिलने की कामना कर रहे अफसरों को नए साल से पहले निराशा हाथ लगी है। इस दौड़ में अग्रवाल समाज के दो अफसरों में काफी निकटतम फइट हो रही थी। चीफ के पद की कुर्सी पाने को लेकर लालायित एक साहब पंचम तल पर तैनात हैं तो दूसरे साहब उत्तर प्रदेश को रोशनी से जगमग करने में जुटे हुए हैं। दोनों ही साहब अपने-अपने फन में माहिर हैं और दोनों ही साहब का बड़ा मजबूत सर्किल भी है लेकिन मौजूदा चीफ साहब ने सभी सर्किल को क्रॉस करते हुए अपना झंडा गाड़ दिया और एक साल की सेवा विस्तार का आदेश लेकर आ गए। शुक्रवार की दोपहर तक सब लोग इस बात का अंदाजा लगा रहे थे कि शायद कार्यकाल नहीं बढ़ेगा लेकिन दोपहर बाद यह खबर फैली कि चीफ साहब का कार्यकाल एक साल के लिए फिर बढ़ गया है जबकि इससे ठीक पहले कुछ अधिकारी अपने अपने कमरे में बैठकर खास सलाहकारों के साथ इसी मुद्दे पर चर्चा कर ही रहे थे कि एकदम से उनके फोन की व्हाट्सएप मैसेज घंटी बजी और उन्होंने जब मैसेज खोल कर देखा तो सोशल मीडिया पर चल रहा था कि कि साहब को एक साल का सेवा विस्तार मिल गया है। इस खबर के साथ ही कई अधिकारियों की की सारी रणनीति और सियासी दांवपेच धरे के धरे रह गए।



## उधार के सिंदूर का दम

पाठक जबसे किस्से-कहानियों में छा गए हैं, तभी से उनके प्रवक्ता शनि के फेर में आ गए हैं। गाहे-बगाहे लेखनी की चपेट में आ ही जाते हैं। एक समय था जब वो सम्पत्ति अधिकारी होते हुए भी अखबारी दुनिया के फेस हुआ करते थे। उधार के सिंदूर से प्रवक्ता बने मान्यवर ने पाठक के दम पर न जाने कितनी बैठकों में अपनी सीमा से परे जाकर पैसे का वारा न्यारा किया और कराया। मान्यवर उस समय काफी साफ पाक दिखा करते थे और अब हैं कि गलबहियां होते ही किनारे हो जाते हैं। उस समय सब कुछ आल इज वेल हुआ करता था और अब है कि नथिंग इज वेल का दौर है। सुना है, पाठक के रुखसत होते ही मान्यवर ने अपने संस्थान से नई जगह फसल उगाने के लिए एनओसी की मांग भी कर डाली थी लेकिन देर है अंधेर नही, मकड़जाल का खुलासा होते ही उनकी एनओसी भी रोक ली गई। अब स्थिति ऐसी है कि मान्यवर अपनी मूल तैनाती पर आकर दिन काट रहे हैं। न तो पावर है और न ही उधार का सिंदूर की वो उछल कूद मचा सके। अन्यथा उधार के सिंदूर से न केवल वह संस्थान बल्कि मीडिया और सचिवालय के गलियारों में नौकरशाहों की आंखों के नूर हुआ करते थे। पर सत्ता परिवर्तन होते ही जैसे ही उधार का सिंदूर वापस हुआ, तभी से मान्यवर के बुरे दिन शुरू हो गए हैं।




## महिमा है अपरंपार

खाकी की महिमा भी अपरंपार है। कभी मुंह से ठांय-ठांय की आवाज निकालकर बदमाशों को छक्के छुड़ा देने वाली खाकी का वास्तविक स्वरूप सामने आने पर सभी आश्चर्यचकित हैं। अखबारों से लेकर सोशल मीडिया तक में चारों ओर इस प्रकरण से भद्द पिटने के बाद अब आला अफसर साख बचाने के लिए झूठ का सहारा लेकर अलग-अलग बयानबाजी करते नजर आ रहे हैं। दरअसल पूर्वांचल की एक जोन के आईजी साहब अपने जिले के एक थाने में निरीक्षण के लिए पहुंच गए। उन्होंने परीक्षण के लिए कर्मियों से एंटी राइट गन चलाने को कहा। गन को लोड करना और फिर उससे फायर कर दिखाना था। कई पुलिस कर्मी इसमें असफल हो गए लेकिन हैरानी की बात तो तब हुई जब एक दारोगा गन को लोड तक नहीं कर पाए, चलाना तो दूर की। उन्होंने गोली को चेम्बर में डालने के बजाए नली के रास्ते ही डाल दिया। इस घटना का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फिर क्या था लोगों ने खाकी का जमकर मजाक बनाया और तरह-तरह के कमेंट होने लगे।



## दिल है कि मानता नहीं

भावुकता का राजनीति में कोई स्थान नहीं होता। शायद यही कारण है कि भावुक लोग राजनीति में चारों खाने चित होते रहे। उन्हीं में से समाजवादी शिव भी हैं। जो इधर कई वर्षों से अपने भावुकता के चलते बार-बार चारों खाने चित हो रहे हैं लेकिन दिल है कि मानता ही नहीं। इस बार तो शिव ऐसे चारों खाने चित हुए हैं कि न घर के रहे और न घाट के। जिस भतीजे ने बेज्जत किया, घर से निकाला, राजनीति में कद नीचा कर दिया, आज फिर उसी भतीजे के साथ हो लिए है। शिव अपने प्रिय भतीजे के पास ऐसे वैसे नहीं गए, बहुत से लोगों को बेघर करके चले गए। मौजूदा समय में आलम यह है कि शिव खुद तो भतीजे के पास जाकर नतमस्तक होकर सुरक्षित हो गए लेकिन जो शिव के आश्रय में रह रहे थे आज वह अभी आश्रयहीन होकर इधर-उधर भटक रहे। चिंतित हैं, आखिर अब जाएं तो कहां जाएं।

# रक्षामंत्री के प्रयासों से शीघ्र दो और स्टेडियम में मिलेंगी खेल सुविधाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के प्रयासों से लखनऊ को दो और स्टेडियम मिलेंगे। शनिवार को सांसद के प्रतिनिधियों ने राजाजीपुरम स्टेडियम व विकासनगर मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया और उसके जीर्णोद्धार व नव निर्माण के लिए आगणन करने को कहा।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग के अनुसार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से क्षेत्रीय निवासियों के द्वारा क्षेत्र में स्टेडियम होने के बावजूद उनमें खेल सुविधाएं उपलब्ध ना होने की जानकारी प्रदान की गई थी और राजाजीपुरम स्टेडियम और विकास नगर स्टेडियम को आवास विकास प्राधिकरण से खेल विभाग को स्थानांतरित करने की मांग की गई ताकि खेल गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके।

स्टेडियम निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी को स्टेडियम इनडोर हॉल की क्षतिग्रस्त सीलिंग और फ्लोर को दुरुस्त करवाने के साथ ही विभिन्न खेलों बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, जूडो, ताइक्वांडो, योगासन, कलारीपयट्टू, कराटे, चैस व बास्केटबॉल की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए गए। 4 बैडमिंटन कोर्ट के ग्राउंड एरिया के साथ ही लगभग 5000 लोगों के बैठने की व्यवस्था वाले हाल को शीघ्र व्यवस्थित करके खिलाड़ियों को समर्पित किया जाएगा। विकासनगर मिनी स्टेडियम में मल्टीपरपज इनडोर हॉल, स्विमिंग पूल, बास्केटबॉल कोर्ट व हैंडबॉल कोर्ट के निर्माण के लिए आगणन के लिए कहा गया।

# जी-20 सम्मेलन को लेकर कई चक्रों में होगी सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित 20 देशों के राष्ट्राध्यक्षों की सुरक्षा को लेकर तैयार हो रही रणनीति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वसुधैव** कुटुम्बकम् की भावना के साथ भारत में शुरू हुए जी 20 सम्मेलन को लेकर पूरी दुनिया को काफी उम्मीदें हैं। उत्तर प्रदेश में जी 20 से जुड़े लगभग एक दर्जन कार्यक्रम आयोजित होने हैं जिसमें दुनिया के 20 दिग्गज राष्ट्रों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। ये सभी कार्यक्रम फरवरी से लेकर अगस्त तक अलग अलग दिवसों पर होंगे। वहीं सम्मेलन और इसमें शामिल होने वाले विशिष्टजनों की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार अभी से वॉर मोड में आ चुकी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक उच्चस्तरीय बैठक में आला पुलिस अधिकारियों को इसे लेकर जरूरी रणनीति बनाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि सम्मेलन और इसमें शामिल होने वाले विशिष्टजनों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जी 20 सम्मेलन को लेकर तीन स्तरीय सुरक्षा समिति का गठन किया जाएगा। तीन कमेटियों में पहली यूपी पुलिस सिक्योरिटी कोऑर्डिनेशन कमेटी, दूसरी एयरपोर्ट सिक्योरिटी एवं प्रोटोकॉल कोऑर्डिनेशन कमेटी और तीसरी डिस्ट्रिक्ट लेवल सिक्योरिटी कमेटी होगी। इन समितियों के नोडल अफसर आईजी लॉ एंड ऑर्डर होंगे। इसमें राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और विदेशी राष्ट्रों के राष्ट्राध्यक्षों के सुरक्षा मानकों के आधार पर व्यवस्थाएं मुकम्मल की जाएंगी। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री, उपमंत्री, अन्य डेलिगेट्स, ग्रुप मूवमेंट, डेलिगेट्स के परिजनों की सुरक्षा को लेकर भी फुल प्रुफ खाका तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। इसमें गणमान्य हस्तियों के होटल, मार्गों, चेक इन प्वाइंट के सुरक्षा व्यवस्था का पूरा खाका तैयार करने के लिए निर्देश दे दिए गये हैं। यूपी पुलिस सिक्योरिटी कोऑर्डिनेशन कमेटी में नोडल सिक्योरिटी अफसरके अलावा इंटेलिजेंस, सिक्योरिटी और एंटी टेररिस्ट स्क्वयॉड यूनिट्स, साइबर क्राइम यूनिट और फायर सेफ्टी यूनिट भी शामिल होंगी। वहीं एयरपोर्ट सिक्योरिटी एंड प्रोटोकॉल कोऑर्डिनेशन कमेटी में ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन, सेंटर एक्साइज़, ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफइंडिया और यूपी का प्रोटोकॉल डिपार्टमेंट भी शामिल होगा।

इसी प्रकार डिस्ट्रिक्ट लेवल सिक्योरिटी कमेटी में भी अंतरविभागीय समन्वय के साथ टीम का गठन होगा। मुख्यमंत्री की ओर से जी 20 सम्मेलन को लेकर आठ विभिन्न स्तर पर सुरक्षा को लेकर पूरा खाका तैयार करने के लिए कहा गया है। इनमें एडवांस सिक्योरिटी लायजन, एयरपोर्ट प्रोटोकॉल एवं सिक्योरिटी कोऑर्डिनेशन, मोटरकेड पार्किंग एवं रूट मैपिंग, ट्रैफिक अरेंजमेंट, स्टाफ एवं सिक्योरिटी पर्सनल वैरिफिकेशन, फूड सिक्योरिटी, मीडिया अरेंजमेंट और मेडिकल टास्क फोर्स को लेकर अलग से विस्तृत प्लान तैयार करने के लिए कहा गया है।

एडवांस सिक्योरिटी लायजन के तहत ईएमसी, मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर, नोडल मिनिस्ट्री और सिक्योरिटी एजेंसी के साथ बेहतर समन्वय बनाते हुए मीटिंग करके जरूरी दिशा निर्देश लेने के लिए कहा गया है। साथ ही एयरपोर्ट प्रोटोकॉल एवं सिक्योरिटी कोऑर्डिनेशन के तहत विदेशों से आने वाले गणमान्य हस्तियों, उनके परिजनों और सुरक्षा अधिकारियों के जी 20 वीजा स्टैंपिंग, लायजन अफसर, बैगेज स्क्रीनिंग और वेपन एंड टेलीकम्युनिकेशन इक्विप्मेंट को लेकर प्लान तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं।

# राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने नववर्ष पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

- योगी सरकर के मंत्रियों व विपक्षी दलों नेताओं ने भी दीं शुभकामनाएं

## कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सभी सावधानियां बरतने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईसवी सन् 2023 के शुभारम्भ के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनकी सुख समृद्धि की मंगल कामना की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए गम्भीरता से कार्य कर रही है। शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश को समृद्धि एवं विकास के रास्ते पर ले जाने के राज्य सरकार के प्रयासों को नये वर्ष में और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रगति के लिए अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जिनसे प्रदेश की जनता का जीवन स्तर निरन्तर बेहतर हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों के परिणामस्वरूप आज प्रदेश एक नई पहचान के साथ देश के विकास में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। डबल इंजन की सरकार के विकास कार्यों का लाभ गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिला सहित समाज के हर वर्ग को प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत नववर्ष के अवसर पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों में सभी सावधानियां बरतने की अपील की है।

**पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह** ने नववर्ष 2023 के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख.समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की है। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जारी एक बधाई संदेश में पर्यटन मंत्री ने कहा कि नव वर्ष हमें नई आशा एवं प्रेरणा लेकर आता है। नये वर्ष पर हम सबको संकल्प लेकर देश निर्माण के लिए नये लक्ष्य तय करना चाहिए। देश के प्रधानमंत्री मोदी एवं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश विकास के पथ पर उतरोत्तर प्रगति कर रहा है। जिसके फलस्वरूप देश की अर्थव्यवस्था विश्व में 5वें स्थान पर पहुंच चुकी है। पर्यटन मंत्री ने प्रदेश वासियों से आग्रह किया है कि नव वर्ष को हर्षोल्लास के साथ मनाये और एक दूसरे के प्रति भाईचारा की भावना मजबूत करते हुए उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के संकल्प को साकार करने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। साथ ही कोरोना के नियमों का पालन कर स्वयं एवं समाज को सुरक्षित बनाने में सहयोग करें।

**पशुधन एवं दुग्ध विकास व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह** ने नववर्ष पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की है। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जारी एक बधाई संदेश में पशुधन मंत्री ने कहा कि नव वर्ष हमें नई आशा एवं प्रेरणा लेकर आता है। नये वर्ष पर हम सबको संकल्प लेकर देश निर्माण के लिए नये लक्ष्य तय करने चाहिए। धर्मपाल सिंह ने प्रदेश वासियों से आग्रह किया है कि नव वर्ष को हर्षोल्लास के साथ मनाये और एक दूसरे के प्रति भाईचारा की भावना मजबूत करते हुए यूपी को उत्तम प्रदेश बनाने के संकल्प को साकार करने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। साथ ही कोरोना के नियमों का पालन कर स्वयं एवं समाज को सुरक्षित बनाने में सहयोग करें।

**मत्स्य विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री डा. संजय कुमार निषाद** ने नववर्ष के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की है। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जारी एक बधाई संदेश में मत्स्य विकास मंत्री ने कहा कि नव वर्ष हमें नई आशा एवं प्रेरणा लेकर आता है। नये वर्ष पर हम सबको संकल्प लेकर देश निर्माण के लिए नये लक्ष्य तय करने चाहिए। उन्होंने प्रदेश वासियों से अपील की है कि नववर्ष को हर्षोल्लास के साथ मनाये और एक दूसरे के प्रति भाईचारा की भावना मजबूत करें और अपने प्रदेश, देश और दुनिया में शांति और विकास की मंगल कामना करें। प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल, माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवालए दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप तथा उद्यान कृषि विपणन कृषि विदेश व्यापार कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने प्रदेशवासियों को नववर्ष 2023 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मन्त्रीगण ने अपने बधाई संदेश मे नववर्ष पर ईश्वर से प्रदेशवासियों की सुख.समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की है। उन्होंने कहा कि कोरोना के नियमों का पालन करते हुए नव वर्ष को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाय।

**समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव** ने सभी देशवासियों को नववर्ष 2023 के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने नये वर्ष में देशवासियों के लिए सुख.समृद्धि और मंगलकामना करते हुए सभी से आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता को मजबूत करने की अपील की है। अखिलेश यादव ने आशा की है कि किसानोंए गरीबोंए महिलाओं और नौजवानोंए व्यापारियों को भी नववर्ष में खुशियां मिलेंगी। सभी को हक और सम्मान के साथ जीवन जीने की सम्भावना का रास्ता प्रशस्त होगा।


**कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी,** राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, कांग्रेस प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व विधायक अजय राय, योगेश दीक्षित, अनिल यादव, प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस मीडिया संयोजक अशोक सिंह ने नव वर्ष की पावन बेला पर सम्पूर्ण प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की है। कांग्रेज प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने शुभकामना संदेश में कहा

## भाजपा सरकार में बिचौलिए हावी: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में बिचौलिए हावी हैं। किसानों को उनकी फसलों की एमएसपी नहीं मिल रही है। भाजपा सरकार किसानों को समय से खाद बीज और बिजली नहीं उपलब्ध करा रही है अभी तक पिछले पेराई सत्र का गन्ना भुगतान नहीं हुआ। इस सत्र में अभी तक गन्ना मूल्य की घोषणा नहीं हुई। भाजपा सरकार किसानों को छल रही है। किसानों के सभी कर्ज माफ नहीं किए गए। किसानों को सिंचाई के लिए बिजली मुफ्त क्यों नहीं की गई। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में पूरे साल किसान तबाह रहे। सूखा, बारिश के संकट से जूझते किसान को खेती की बढ़ती लागत और सरकार द्वारा मिल रही घोर उपेक्षा का भी सामना करना पड़ा। वायदा किया गया था कि किसान की आय दुगनी की जाएगी, उसे मुफ्त बिजलीए सिंचाई का लाभ मिलेगा लेकिन किसानों पर मिली कर्ज और आर्थिक तंगी की सौगात जिसने उसे आत्महत्या को मजबूर कर दिया। आखिर किसान के साथ यह धोखा कितने दिन और चलेगा।

# पशुओं को भी खूब भाता है सीएम योगी का स्नेहिल सानिध्य

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर, लखनऊ



**विकास,** कानून व्यवस्था और जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश को नजीर के रूप में प्रतिष्ठित करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर जीव जंतु के प्रति करुणा और स्नेह बरसाने के लिए भी जाने जाते हैं। मानव ही नहीं पशुओं को भी उनका स्नेहिल सानिध्य खूब भाता है। उनके पास कोई भी पशु इसी भाव को चरितार्थ करता है हित अनहित पसु पच्छिउ जाना। यानी पशु पक्षियों को यह पता होता है कि कौन उनका मित्र है और कौन शत्रु।

गोसेवक की ख्याति वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अन्य पशुओं पर भी भरपूर दुलार लुटाते हैं। इसकी एक झलक शनिवार को उनके गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान दिखी। मुख्यमंत्री मंदिर स्थित अपने कार्यालय में बैठे थे तभी एक बिल्ली उनकी गोद में आकर अधिकार भाव से बैठ गई। उसके इस अंदाज पर सीएम मुस्कुराने लगे। बिल्ली काफी देर तक उनकी गोद में मैत्री भाव व सुकून के साथ बैठी रही। मुख्यमंत्री ने भी उसे खूब दुलारा। अपने गोरखपुर दौरे पर मुख्यमंत्री मंदिर की गोशाला के गोवंश के साथ जरूर वक्त बिताते हैं। उन पर प्यार लुटाते हैं। अपने हाथों से गुड़-चना, चारा खिलाते हैं। साथ ही अपने प्रिय श्वान कालू और गुल्लू को भी स्नेह देते हैं।

इस बार शनिवार को उनकी गोद में बैठी बिल्ली की तस्वीर जैसे ही ट्विटर पर आई, लाइक, रीट्वीट की झड़ी लग गई। हर कोई मुख्यमंत्री के पशु प्रेम का एक बार फिर मुरीद हो गया। महज आधे घंटे में इस ट्वीट को 3500 से अधिक लोग लाइक व 550 से अधिक लोग रीट्वीट कर चुके थे। जबकि 73 हजार से अधिक लोग देख चुके थे। इसके पहले अक्टूबर में गोरखपुर चिड़ियाघर में तेंदुओं के शावकों को दूध पिलाते और उन्हें दुलारते हुए मुख्यमंत्री की तस्वीर भी ट्विटर पर धूम मचाने वाली थी।

# ट्विटर पर योगी के नाम रहा साल का अंतिम दिन

## टॉप ट्रेंड हुआ हैशटैग यूपी योगी 2022

- हर तरफ केवल सीएम योगी के सुशासन की चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**साल** 2022 के अंतिम दिन माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर सीएम योगी के सुशासन की चर्चा जोरशोर से हुई। इस दौरान ट्विटर पर हैशटैग यूपी योगी 2022 लगातार कई घंटे तक टॉप ट्रेंड में बना रहा। यूजर्स ने 2022 को सीएम योगी का साल घोषित करते हुए उनके सुशासन, खासकर कानून व्यवस्था, माफिया राज के अंत, इन्फ्रास्ट्रक्चर, डेवलपमेंट और महिला सुरक्षा को लेकर तारीफकी।

वहीं 2023 में होने वाले यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर भी ट्विटर पर यूजर्स ने सीएम योगी के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त किया। शनिवार को साल के आखिरी दिन ट्विटर पर 40 करोड़ यूजर्स तक हैशटैग न्व्ल्वहप2022 पहुंचा। वहीं तकरीबन 20 हजार यूजर्स ने इस हैशटैग के जरिए योगी सरकार पर विश्वास जताते हुए अपने विचारों को व्यक्त किया।

इसके अलावा लगभग 50 हजार यूजर्स ने लाइक, रिप्लाई और रीट्वीट के जरिए सीएम योगी के शासन को साल 2022 के दौरान सबसे उपयोगी बताया। यूजर्स के अनुसार जिस तरह से यूपी में राजनीतिक सरपरस्ती पाए माफिया की कमर तोड़ी गयी है वो काबिले तारीफ है। इसकी वजह से प्रदेश में उद्योग धंधे का माहौल बना है और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मामले में प्रदेश की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है।

# आजीवन समाजवादी मूल्यों के लिए समर्पित रहे राजनारायण

- सपा मुख्यालय में मनाई गई लोकबंधु राजनारायण की पुण्यतिथि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के प्रदेश मुख्यालय सहित प्रदेश के सभी जनपद कार्यालयों में लोकबंधु राजनारायण की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। उनसे प्रेरणा लेकर समाजवादी आंदोलन को मजबूती देने का संकल्प लिया गया। सपा मुख्यालय में राजनारायण के चित्र पर रामगोविन्द चौधरी, राजेन्द्र चौधरी, नरेश उत्तम पटेल, अम्बिका चौधरी, नारद राय, अरविन्द कुमार सिंह, वासुदेव यादव, डॉ. राजपाल कश्यप, विकास यादव, नवीन धवन बंटी, मोहम्मद एबाद, रामसागर, विजय सिंह, जयसिंह जयंत, डॉ. मंजू यादव, मधुर श्याम राय, राधेश्याम, महेन्द्र चौहान, अजित यादव विधायक, चन्द्रिका पाल, ओम प्रकाश साहू, दिलीप कमलापुरी आदि नेताओं ने माल्यार्पण अर्पित कर उन्हें नमन किया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकबंधु राजनारायण को विनम्र श्रद्धांजलि दी।

श्री यादव ने कहा कि राजनारायण अन्याय के खिलाफ हमेशा मुखर रहे। आजादी के आंदोलन में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई थी। छात्र जीवन से ही समाजवादी विचाराधारा से जुड़ गए थे और आजीवन वे समाजवादी मूल्यों के लिए समर्पित रहे। उन्होंने कांग्रेस को सत्त्रा से बेदखल कर जनता पार्टी के गठन में सक्रिय भागीदारी निभाई थी। वे मित्रों के मित्र और शत्रुओं के शत्रु थे। वे किसी के भी प्रति बैरभाव नहीं रखते थे।

# भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यालय पर हुई बैठक

संवाददाता। सीतापुर

- बैठक में राजस्थान के राज्यमंत्री धीरज गुर्जर प्रान्तीय अध्यक्ष नकुल दुबे रहे शामिल
- जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से किया आह्वान भारत जोड़ो यात्रा में बड़ी संख्या में चले कार्यकर्ता
- 3 जनवरी को यूपी में पहुंचेगी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा

**3 जनवरी को** यूपी में प्रवेश कर रही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यालय पर एक बैठक कार्यकर्ताओं के साथ हुई। जिसके मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यमंत्री धीरज गुर्जर, प्रान्तीय अध्यक्ष नकुल दुबे रहे। धीरज गुर्जर ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा की नींदे उड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कार्यकर्ता यात्रा को सुने और लोगो को उनकी नीतियां बताएं। धीरज गुर्जर ने कहा कि महंगाई से जनमानस परेषान है, युवाओं को रोजगार नहीं दे पा रही है। इसी लिए हर वर्ग भारत जोड़ों यात्रा में शामिल हो रहे है। बैठक के दौरान कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रान्तीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने भी भाजपा पर निषाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा में अपराध बढ़ा है, सीतापुर के कमलापुर क्षेत्र में तीन छात्राओं की मौत हो जाती है, लेकिन किसी को भी जानकारी नहीं हो पाती है, परिजन बिना बताए उनका अन्तिम संस्कार कर देते है। कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा को लोग बदलाव के रूप में देख रहे है जो 2024 में सफ्ल होते दिखाई दे रही है। बैठक में पूर्व एमएलसी हरीष बाजपेयी, नगर अध्यक्ष संतोष भार्गव, पुश्पा भार्गव, षिषिर बाजपेयी, पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित, संजय कुमार सनी, श्रीष रस्तोगी, गुफ्रान खांन, सुभाष राजवंषी, ममता वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, ज्ञानेन्द्र कुमार, गोमती देवी, कमला रावत, पुष्पेन्द्र चौहान, अल्पना सिंह, सुधीर पांडेय, अभव्या चौहान, अमरकान्त मिश्र, निर्मला चौधरी, रामासरे पाल सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पत्रकार संघ की कार्यकारिणी का हुआ गठन

**सीतापुर।** बेहटा ब्लाक मुख्यालय पर बेहटा पत्रकार संघ की बैठक में कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में अरविंद सिंह को अध्यक्ष, सलिल श्रीवास्तव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नंद किशोर नाग, संतोष जायसवाल व पीएन वर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया। मो जियाउल हक व शैलेंद्र कुमार मिश्रा को महामंत्री नामित किया गया है। कोषाध्यक्ष विनीत शुक्ला को बनाया गया है। इसके अलावा हरिओम शुक्ला, अजय कुमार शाक्य, सर्वेश कुमार सुनील कुमार अवस्थी, शुभकरण मौर्य को मंत्री बनाया गया है। मीडिया प्रभारी दीपक गुप्ता व शीनू मिश्रा को बनाया गया है। राजेंद्र मिश्रा व पंकज मिश्रा को संरक्षक नामित किया गया। राजू पांडेय, संतोष जायसवाल, शिवगोविंद शुक्ला, राजकिशोर, अंकित कुमार, विनीत तिवारी, सुनील अवस्थी, लल्लन तिवारी समेत कई पत्रकार मौजूद रहे। पत्रकार पीएन वर्मा की मौसी व सुनील रस्तोगी के पिता के निधन पर दो मिनट का मौन रख शोक संवेदना व्यक्त की गई।

## निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर आजाद समाज पार्टी ने किया धरना-प्रदर्शन

**बरेली।** शहर के थाना कोतवाली के सामने स्थित अंबेडकर पार्क में आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी ने नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण और जातिगत जनगणना की मांग को लेकर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान आजाद समाज पार्टी के संजीब सागर ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ ने 27 दिसंबर 2022 को उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव के संबंध में टिप्पणी करते हुए कहा है कि ट्रिपल टेस्ट कराए बिना ओबीसी आरक्षण नहीं दिया जा सकता। क्योंकि 31 जनवरी 2023 को नगर निकाय का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इसलिए उच्च न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया है कि यथाशीघ्र चुनाव संपन्न कराए जाएं। उन्होंने राष्ट्रपति का ध्यान केंद्रित कराते हुए कहा कि पूर्व में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड आदि राज्यों के निकाय चुनाव में भी इसी तरह की समस्याएं पैदा हुई थी।यूपी सहित अन्य राज्य सरकारों को निकाय चुनाव के लिए नोटिफिकेशन से पहले ट्रिपल टेस्ट कराए जाने और ओबीसी आरक्षण को सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान करें। नगर निकाय चुनाव में आरक्षण जैसे मूलभूत अधिकारों के संरक्षण और अन्य कल्याणकारी सरकारी नीतियों में समुदायों के समुचित क्रियान्वयन के लिए आवश्यक है कि संपूर्ण भारतीय समाज के जातिवार आंकड़े उपलब्ध कराई जाए। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी कई मामलों में इसकी आवश्यकता पर बल दिया है। केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों की ओर से भी कतिपय अवसरों पर जातिगत जनगणना कराने का वचन दिया गया है।

## क्विक न्यूज

### वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**सीतापुर।** तहसील लहरपुर के रामनाफार्म भदफर रोड पर स्थित चुन्नू मुन्नू मेमोरियल पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्षन किया तो षिक्षकों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। फ्रॉग जंप में दिव्या तिवारी, अंशिका राज, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता मे सचिन, अंशिका राज, बोरा रेस में अर्श, निखिल, नींबू रेस में नैनी, पारुल क्रमषः पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। फुटबॉल और क्रिकेट मों अर्श की टीम जीती। कबड्डी प्रतियोगिता में फरमान की टीम ने बाजी मारी। इस मौके पर स्कूल के मैनेजर सुधांशु पुरी की माँ रंजना पुरी एवं चाचा विमल पुरी ने स्कूल के सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाले बच्चों एवं अध्यापकों को मेडल पहनाकर उनका मान बढ़ाया।

### डीडीओ ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**सीतापुर।** कसमण्डा ब्लाक प्रमुख निधि से सीएचसी कसमण्डा व पीएचसी कमलापुर मे कराए जा रहे विकाश कार्यो का डीडीओ सीतापुर प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी कसमण्डा हरिशचन्द प्रजापति ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यो मे प्रयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता परखी तथा अतिशीघ्र कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। डीडीओ से सीएचसी अधीक्षक कसमण्डा डाक्टर अरविंद बाजपेई ने सीएचसी कसमण्डा परिसर मे रैन बसेरा बनवाए जाने की मांग की अधीक्षक की मांग पर डीडीओ ने सी एच सी परिसर कसमण्डा मे अतिशीघ्र रैन बसेरा बनवाने का अस्वासन दिया। इस मौके पर जेई आर एस शिवप्रकाश पटेल, जेपी सिंह चौहान, रवीप्रकाश सिंह, हर्षित गुप्ता, सोनू यादव, आदि उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में सीता करन होटल के जीएम की मौत

**बरेली** ।थाना कोतवाली क्षेत्र मैं बने होटल सीता किरण में जीएम शिवदयाल उम्र 60 वर्ष कमरे में लाश मिलने से हड़कंप मच गया । होटल सीता किरन के सिक्योरिटी गार्ड ने बताया जीएम शिवदयाल 15 साल से जीएम के पद कर होटल में काम कर रहे थे सुबह जब बाहर नहीं निकले जाकर उनका कमरा चेक किया तो शिवदयाल मृत अवस्था में पड़े हुए थे पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। बताया जा रहा है की शिव दयाल लखनऊ के रहने वाले हैं परिवार को सूचना दे दी गई है।

### गंगापुर में पुलिस ने चलाया तलाशी अभियान

**बरेली।** पुलिस ने आज गंगापुर में कच्ची शराब के कारोबारियों के विरुद्ध तलाशी अभियान चलाया जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई ।लेकिन पुलिस कहीं से भी कच्ची शराब बरामद नहीं कर पाई ।बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला गंगापुर में कच्ची शराब का कारोबार करने वालों के घरों पर आज सुबह तड़के थाना प्रभारी अभिषेक सिंह ने अपनी टीम के साथ छापामार कार्रवाई की ।लेकिन कई स्थानों पर मारे गए छापो के बावजूद पुलिस को कहीं से भी कच्ची शराब बरामद करने में सफलता नहीं मिली। पुलिस द्वारा नए साल से 1 दिन पूर्व की गई इस छापामार कार्रवाई से शराब का कारोबार करने वालों में अफरा-तफरी मच गई और उन्होंने पुलिस के आने से पहले ही कच्ची शराब व अपना सामान कहीं छुपा दिया ।काफी देर तक पुलिस उनके घरों और आसपास के इलाके में कच्ची शराब की तलाशी करती रही। लेकिन कहीं से भी कुछ नहीं मिला ।ज्ञात हो कि पिछले दिनों बिहार में कच्ची शराब से हुई मौतों के बाद नव वर्ष के अवसर पर अवैध शराब का कारोबार करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस काफी देर तक पूरे इलाके को घेरे रही लेकिन उसे सफलता नहीं मिली।

# सेंट्रल जेल के कैदी की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता। बरेली

**सेंट्रल जेल के** कैदी की इलाज के दौरान बीती रात अस्पताल में मौत हो गई ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। लखीमपुर के नितोली थाना क्षेत्र के गांव बजरखा निवासी सेंट्रल जेल के कैदी 77 वर्षीय श्याम मनोहर पुत्र जोधा की बीती रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई ।सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे मृतक के घर वालों ने बताया कि लगभग 30 वर्षों से श्याम मनोहर बरेली के सेंट्रल जेल में उम्र कैद की सजा काट रहा था ।उसे 30 दिसंबर को बंदी रक्षक मयंक गौतम ने बीमारी की हालत में जिला अस्पताल मे भर्ती कराया था ।घरवालों ने बताया कि लगभग 35 वर्ष पूर्व उनके गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट की थी जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई थी ।मृतक के घरवालों ने श्याम मनोहर समेत 17 लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। तब श्याम मनोहर को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। लगभग 5 वर्षों तक लखीमपुर खीरी की जेल में रहने के बाद 30 वर्ष पहले श्याम मनोहर को बरेली की सेंट्रल जेल लाया गया ।यहीं पर वह कुछ दिनों से बीमार चल रहा था और 30 दिसंबर को उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

## पड़ोसियों ने घर में घुसकर की मारपीट

**बरेली।** पड़ोसियों ने घर में घुसकर मारपीट की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तब आज पीड़ित पक्ष ने एसएसपी से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की ।बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला कटरा चांद खां निवासी टिंकू मौर्य की पत्नी सुनीता मौर्य एसएसपी से शिकायत करने उनके कार्यालय पहुंची जहां उसने बताया कि उसके पड़ोसी ने कुछ दिन पहले उसके मकान के बाहर लगा बिजली का मीटर उखाड़ कर फेंक दिया था। उस स्थान पर अपने मकान का मीटर लगाना चाहता था। लेकिन उसने फिर से अपनी जगह पर मीटर लगवा लिया। इसी से नाराज पड़ोसी ने 30 दिसंबर की रात में उसके घर में घुसकर मारपीट की जिससे कई लोगो को चोटे आई। हमलावरों ने घर में रखा सामान फेंक दिया और 4000 रुपए लूटकर ले गए। जिसकी शिकायत उसने पुलिस से की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की ।तब वह एसएसपी से शिकायत करने उनके कार्यालय पहुंची।

## वन मंत्री डॉ अरुण कुमार ने 300 बेड हॉस्पिटल का किया औचक निरीक्षण

**बरेली ।** उत्तर प्रदेश सरकार के वन मंत्री डॉ अरुण कुमार ने 300 बेड को बेड हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया हॉस्पिटल में निरीक्षण के दौरान कई डॉक्टर दिखे नदारद जिला अधिकारी से की गई शिकायत ।बरेली 300 बेड को बेड हॉस्पिटल में सुबह तड़के ही औचक निरीक्षण करने उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार निरीक्षण करने पहुंचे निरीक्षण के दौरान ओपीडी ले रहे कई डॉक्टर गायब दिखे जिसको लेकर मंत्री डॉ अरुण कुमार ने जिला अधिकारी को फोन कर शिकायत की और नाराजगी जताई निरीक्षण के दौरान मंत्री डॉ अरुण कुमार ने बताया कि कोरोना वायरस दोबारा से पैर पसार रहा है जिसको देखते हुए कोविड हॉस्पिटल की कोरोना से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया 300 बेड को बेड हॉस्पिटल में वेंटीलेटर ऑक्सीजन की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त नजर आई।

# यूपी में 3 जनवरी को पहुंचेगी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा

संवाददाता। सीतापुर

**3 जनवरी को** यूपी में प्रवेश कर रही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यालय पर एक बैठक कार्यकर्ताओं के साथ हुई। जिसके मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यमंत्री धीरज गुर्जर, प्रान्तीय अध्यक्ष नकुल दुबे रहे। धीरज गुर्जर ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा की नींदे उड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कार्यकर्ता यात्रा को सुने और लोगो को उनकी नीतियां बताएं। धीरज गुर्जर ने कहा कि महंगाई से जनमानस परेषान है, युवाओं को रोजगार नहीं दे पा रही है। इसी लिए हर वर्ग भारत जोड़ों यात्रा में शामिल हो रहे है। बैठक के दौरान कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रान्तीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने भी भाजपा पर निषाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा में अपराध बढ़ा है, सीतापुर के कमलापुर क्षेत्र में तीन छात्राओं की मौत हो जाती है, लेकिन किसी को भी जानकारी नहीं हो पाती है, परिजन बिना बताए उनका अन्तिम संस्कार कर देते है। कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा को लोग बदलाव के रूप में देख रहे है जो 2024 में सफ्ल होते दिखाई दे रही है। बैठक में पूर्व एमएलसी हरीष बाजपेयी, नगर अध्यक्ष संतोष भार्गव, पुश्पा भार्गव, षिषिर बाजपेयी, पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित, संजय कुमार सनी, श्रीष रस्तोगी, गुफ्रान खांन, सुभाष राजवंषी, ममता वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, ज्ञानेन्द्र कुमार, गोमती देवी, कमला रावत, पुष्पेन्द्र चौहान, अल्पना सिंह, सुधीर पांडेय, अभव्या चौहान, अमरकान्त मिश्र, निर्मला चौधरी, रामासरे पाल सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष

### देश में भाजपा के खिलाफ...

साथ ही क्षेत्रीय दलों के बारे में राहुल ने कहा कि यदि आप समाजवादी पार्टी को देखें तो उनके पास राष्ट्रीय विचारधारा नहीं है। उनकी उत्तर प्रदेश में जगह है और शायद उन्हें अपनी इसी जगह की रक्षा करनी है, इसलिए वे यात्रा में साथ नहीं आए। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि सपा का विचार केरल, कर्नाटक में नहीं चलेगा, बिहार में नहीं चलेगा। मुख्य वैचारिक रूपरेखा कांग्रेस ही दे सकती है, लेकिन जरूरी है कि विपक्षी दल एक दूसरे का सम्मान करें। वह स्वयं विपक्षी दलों का बहुत सम्मान करते हैं। सत्ताधारी दल के बारे में उन्होंने कहा कि भाजपा उनके लिए एक गुरु की तरह है, जो उन्हें हमेशा यह सिखाती है कि क्या नहीं करना है। राहुल ने कहा कि अगले साल होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा को बुरी तरह पटखनी देगी। लिख लीजिए, वहां भाजपा कहीं नहीं है। पार्टी छोड़कर जाने वाले दिग्गज नेता गुलाम नबी आजाद के बारे में गांधी ने कहा कि उन्होंने तो भ्रमित कर दिया है। कभी अंदर, कभी बाहर। मालूम नहीं, वह क्या करना चाहते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जब राष्ट्रीय स्तर का नेतृत्व रणनीतिक रूप से काम नहीं करता है, तो अंतरराष्ट्रीय संबंधों और भू–राजनीति में तुरंत प्रतिक्रिया आती है। हमारी सरकार चीन के मामले को संभालने में पूरी तरह नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि हमारी विदेश नीति का लक्ष्य था कि चीन और पाकिस्तान को कभी एक नहीं होने देना है। यह हमने संप्रग–2 तक सफलतापूर्वक किया, लेकिन आज पाकिस्तान और चीन एक हो गए हैं। यह खतरनाक स्थिति है। राहुल गांधी ने दावा किया कि चीन और पाकिस्तान एक हुए, क्योंकि मौजूदा सरकार चीजों को संभालने में विफल रही। उन्होंने दावा किया कि सरकार असमंजस की स्थिति में है। यह असमंजस खत्म होना चाहिए। बोलना चाहिए कि चीन ने घुसपैठ की है और उसे बाहर निकलना पड़ेगा। यदि सरकार स्थिति स्पष्ट करती है तो कांग्रेस और पूरा विपक्ष सरकार का साथ देगा। उन्होंने यह दावा भी किया कि डोकलाम एवं तवांग में जो हुआ है, वह किसी बड़ी तैयारी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने यह मुद्दा उठाया तो वह सेना के बारे में बात नहीं कर रहे थे, वह भाजपा सरकार की खामियां उजागर कर रहे थे। सरकार सेना, वायुसेना और जलसेना के पीछे नहीं छिप सकती।

### बुलेटप्रूफ गाड़ी में हो...

कड़ाके की ठंड में केवल टी–शर्ट पहनकर चलने के बारे में बार–बार पूछे जाने पर कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्हें अभी ठंड नहीं लग रही है। आगे यदि उन्हें ठंड लगेगी तो वह भी अधिक कपड़े पहनेंगे। हल्के–फुल्के अंदाज में उन्होंने कहा कि यात्रा के बाद वह इस बारे में एक वीडियो बनाएंगे कि इस टी–शर्ट का क्या रहस्य है।

### राहुल को विपक्ष का...

हाल के दिनों में यह पहली बार है, जब कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर राहुल गांधी के नाम की खुलकर पैरवी की है। इस बारे में जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इससे उन्हें कोई समस्या नहीं है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जब सभी विपक्षी दल एक साथ बैठकर बात करेंगे, तब हम सब कुछ तय करेंगे। फिलहाल विपक्षी खेमे में ऐसे कई नेता हैं जो खुद प्रधानमंत्री पद का चेहरा होने के दावे कर रहे हैं। नीतीश के अलावा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव जैसे नेता राष्ट्रीय भूमिका निभाने के लिए अपनी–अपनी कोशिशों में जुटे हैं।

### आतंकवाद के बल पर...

जून 2020 में गलवान घाटी में भीषण झड़प के बाद से भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच यह पहली बड़ी झड़प थी। दोनों पक्षों के बीच सीमा गतिरोध को सुलझाने के लिए 17 दौर की बातचीत हो चुकी है। जयशंकर ने अपने भाषण में कहा कि कोई भी देश आतंकवाद से भारत जितना पीड़ित नहीं है। उन्होंने किसी देश का नाम लिए बगैर कहा, हम सभी के साथ अच्छे पड़ोसी संबंध चाहते हैं। लेकिन अच्छे पड़ोसी संबंधों का मतलब यह नहीं है कि आतंकवाद के मुद्दे को दरकिनार कर दिया जाए। हम बहुत स्पष्ट हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत को बातचीत की मेज पर लाने के लिए आतंकवाद को औजार के रूप में इस्तेमाल नहीं करने दिया जा सकता। भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध कश्मीर मुद्दे और पाकिस्तान से उत्पन्न सीमा पार आतंकवाद को लेकर तनावपूर्ण रहे हैं।

### कर्नाटक में कैबिनेट...

इसके बाद कैबिनेट में शामिल होने के लिए जरखोली ने भाजपा के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की थी। कर्नाटक में विधानसभा चुनावों के लिए निचले स्तर से तैयारियों की जरूररत पर बूथ लेवल के कार्यकर्ताओं के साथ शाह ने एक अहम बैठक भी की। इसमें कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, प्रदेश के गृह मंत्री अरगा जनानेंद्र, भाजपा महासचिव व प्रदेश के प्रभारी अरुण सिंह, राष्ट्रीय महासचिव वीएल संतोष तथा राष्ट्रीय सचिव सीटी रवि भी शामिल हुए। संयोग से एक और ठेकेदार के आत्महत्या के बाद राज्य में करोड़ो के ठेकों को लेकर शनिवार को चर्चाएं गरम थीं। मार्च 2021 में एक टेप के टीवी न्यूज चैनलों को लीक होने के बाद तत्कालीन जल संसाधन मंत्री जरखोली को इस्तीफा देना पड़ा था। हालांकि बाद में एक विशेष जांच टीम ने उन्हें फरवरी में क्लीन चिट दे दी थी।

### बिहार में जहरीली शराब से...

आरोपी राम बाबू महतो इस पूरे प्रकरण में प्रमुख आरोपियों में से एक है। उन्होंने कहा कि घटना के बाद जब बिहार पुलिस महतो को पकड़ने गई तो वह भागकर दिल्ली आ गया था। यादव ने बताया कि उसे दक्षिण–पश्चिम दिल्ली के द्वारका से गिरफ्तार किया गया।

### लापता रूसी मिला, अब...

करीब एक महीने पहले भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के अधिकारियों ने तख्ती पकड़े हुए व्यक्ति से बात की थी। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक जयदेव बिस्वजीत ने कहा, कुछ यात्रियों द्वारा सूचित किए जाने पर, मैं उनके पास गया और उनके बारे में पूछताछ की। वह तख्ती लिए रेलवे प्लेटफॉर्म पर घूम रहा था। मैंने उनके पासपोर्ट और वीजा का निरीक्षण किया और दस्तावेजों को ठीक पाया।

### जम्मू-कश्मीर में 2022...

पुलिस प्रमुख की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब कश्मीरी पंडित प्रवासी कर्मचारी अपने दो सहयोगियों – राहुल भट और रजनी बाला– की लक्षित हत्याओं के मद्देनजर घाटी के बाहर अपने स्थानांतरण की मांग को लेकर जम्मू में डेरा डाले हुए हैं।

गौरतलब है कि लश्कर–ए–तैयबा का हिस्सा माने जाने वाले उग्रवादी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने हाल में कश्मीरी पंडित कर्मचारियों पर हमले की धमकी दी थी। कश्मीर क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) विजय कुमार ने कई सिलसिलेवार ट्वीट कर बताया कि 24 से अधिक लड़कों को मुख्यधारा में वापस लाया गया है। उन्होंने कहा कि कोई हड़ताल, सड़क पर हिंसा, इंटरनेट बंद, पथराव की घटनाएं नहीं हुईं और इससे समाज के सभी वर्गों को लाभ हुआ। दिलबाग सिंह ने कहा कि पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों के हताहतों की संख्या में भी 2022 में कमी दर्ज की गई, जिसमें 14 पुलिसकर्मी और 17 सीएपीएफ कर्मी आतंकी हमलों में शहीद हो गए। उन्होंने कहा कि वर्ष के दौरान नागरिक हताहतों की संख्या में भी कमी आई और केवल 24 मामूली कानून व्यवस्था की घटनाएं हुईं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि यह संख्या शून्य हो जाए।

### पोप एमेरिटस बेनेडिक्ट ...

बेनेडिक्ट की सेवानिवृत्ति के समय अमेरिकी यहूदी समिति के अंतर–धार्मिक संबंध कार्यालय के प्रमुख आर डेविड रोसेन ने कहा था, यह बहुत स्पष्ट है कि बेनेडिक्ट यहूदियों के एक सच्चे मित्र थे। बेनेडिक्ट ने 2009 में उस वक्त अमेरिका और यूरोपीय सरकारों को नाराज कर दिया, जब उन्होंने अफ्रीका जाते समय संवाददाताओं से कहा था कि एड्स की समस्या का हल कंडोम बांट कर नहीं किया जा सकता, इसके उलट यह इस समस्या को और बढ़ाएगा। हालांकि, एक साल बाद उन्होंने इसकी एक समीक्षा जारी की, जिसमें उन्होंने कहा कि यदि एक पुरुष यौनकर्मी अपनी साथी को एचआईवी से ग्रसित होने से बचाने के लिए कंडोम का इस्तेमाल करता है तो वह जिम्मेदाराना यौन संबंधों की दिशा में ऐसा कर पहला कदम उठाएगा। लेकिन बेनेडिक्ट के कार्यकाल पर 2010 में विश्व स्तर पर सामने आए यौन शोषण कांड की छाया भी पड़ी।

# हाथियों की समस्या को किसानों ने की संगोष्ठी

**पिपरियाधनी–खीरी।** महेशपुर वन रेंज के क्षेत्र में जंगल के किनारे बसने वाले गांव जैसे की छेड़ीपुर, दिस्तापुर,साहबगंज,गंगापुर, सुभाष नगर ऐसे तमाम गांव जिनमें लगातार दो महीने से हाथियों ने आतंक मचा रखा हैं। हाथियों के द्वारा कई युवकों की मौतें भी हुई हैं,वही किसानों की खड़ी फसलें हाथी बर्बाद कर देते हैं,जिस खेत से निकल जाए उस खेत का किसान के हाथ निराशा के अलावा और कुछ नहीं लगता। इसी समस्या को लेकर क्षेत्र के सभी भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन के किसानों ने रेहरिया में बने एक गुरुद्वारे के पास में वन विभाग के सोए हुए अधिकारियों को जगाने के लिए एक ज्ञापन तैयार किया,जिस ज्ञापन में सभी किसानों ने एकत्रित होकर महेशपुर वन रेन्ज से अपील की कि हाथियों को जंगल से भगाया जाये ताकि किसानों की बर्बाद हो रही फसलों को बचाया जा सके।हाथियों की वजह से कई किसानों की मृत्यु व घायल हो चुके है।अत:महेशपुर वन रेन्ज से अपील है कि 03/01/2023 तक हाथियों को जंगल से भगाया जाये।यदि नहीं भगाया जाता हैं तो भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन ने चेतावनी देते हुए महेशपुर वन रेंज के अधिकारियों को बताया कि सभी किसान 05/01/2023 को हाथियों को जंगल से भगाने का कार्य किसान स्वयं करेंगे।हाथियों को भगाते समय जो भी जान मान का खतरा होगा उसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। भारतीय किसान यूनियन के लोगों ने नायाब तहसीलदार हर्ष निषाद को ज्ञापन सौंपा। नायाब तहसीलदार हर्ष निषाद ने किसानों को आश्वासन दिया कि वह जल्द इस समस्या का समाधान कराने की पूरी कोशिश करेंगे। इस मौके पर संचालन कर रहें समाजसेवी स्वर्ण सिंह भुल्लर भैया, पूर्व प्रधान कुलविंदर सिंह,अमरजीत सिंह, गुरदीप सिंह, मुख्तियार सिंह, बलजिंदर सिंह, जगत सिंह, अमरजीत सिंह, नरविंदर सिंह, बिंदा सिंह, राजू यादव, अशोक कुमार, संदीप यादव व आदि किसान यूनियन के सदस्य गण मौके पर मौजूद रहे।

**पशु आहार निर्माण शाला, रूद्रपुर**
आंचल AANCHAL
किच्छा बाईपास रोड, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) फोन नं: 05944-242552
ई-मेल: aanchalcattlefeed@gmail.com

पत्रांक 5075–78/निविदा सूचना/2022–2023 दिनांक: 31.12.2022

**ई–प्रोक्योरमैन्ट नोटिस**

**अति–अल्पकालिक ई–निविदा सूचना संख्या–23/Raw Material/CFP/2022-23, Date - 31/12/2022**

निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा के द्वारा Two Bid System के अर्न्तगत पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर (उधमसिंहनगर) में प्रयुक्त होने वाले कच्चे माल आपूर्तिकर्ताओं/निर्माताओं/फर्मो से दिनांक **07.01.2023** के सांय **05.00** बजे तक निविदा आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक **09.01.2023** की प्रातः **11.00** बजे यू0सी0डी0एफ0 कार्यालय मंगल पडाव हल्द्वानी में खोली जायेगी। ई–निविदा वेबसाइट पर दिनांक **02.01.2023** की अपरान्ह्न **02.00** बजे से उपलब्ध रहेगी।

तालिका क्रम संख्या 01

| क्रम. सं0 | कच्चा माल विवरण | कुल मात्रा M.T. | धरोहर धनराशि ₹ | निविदा शुल्क GST सहित ₹ | आपूर्ति शैड्यूल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | डी0ओ0आर0बी0 | 7500 | 1416000.00 | 4720.00 | निविदा प्रपत्र के अनुसार |
| 02 | राईस पालिस | 2500 | 994000.00 | 4720.00 | |

नोट– निविदा की शर्ते तथा उपलब्धता एंव प्रस्तुतिकरण का तरीका–

निविदा प्रपत्रों का मूल्य उपरोक्त तालिका के अनुसार जी0एस0.टी0 सहित, प्रति आइटम, निविदा प्रपत्र Online Internet की वेबसाइट **https://uktenders.gov.in** पर उपलब्ध है, तथा यही से Download एवं Upload किये जा सकते हैं। ई–निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती हैं।

सामान्य प्रबन्धक

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम् सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL7CH1154, | DL7SAJ0002, | DL4SAW5755, |
| HR23F0070, | HR34J5737, | DL4SAZ1728, |
| HR70C6552, | DL8SS1152, | DL4SBB4665, |
| DL2CAD3359, | DL8SAB2592, | DDI5633, |
| DL4CNA7704, | DL8SAE4867, | DL6SK9426, |
| DL2CP1698, | DL4SAB2505, | DL4SAC4025, |
| DL1CM9778, | DL7SAM7286, | DL4CAA3191, |
| DL3CAK8561, | DL1SR1166, | DL4CAG0320, |
| DL5CB6833, | DL8SN6932, | DL2CL5371, |
| DL2CAG4241, | DL8SK4811, | DL8CE4623, |
| DL3CAX2953, | DL8SAD0463, | DL2FES0333, |
| HR26W4038, | DL6ST8011, | DL3CV1900, |
| DL8CY0404, | DL6SK8979, | DL4CAB7050, |
| UK04Z6466, | DL8SAJ7597, | DL1CN1098, |
| UP16Q6585, | DL8SAC4257, | DL3CVV1687, |
| CHSNO-MA | DL1LF5952, | DL4CAA8241, |
| KCM552J7 | ENGNO175- | DL3CAW0952, |
| N301596, | LI081037, | HR26BP7346, |
| URR9392, | DL1LH6802, | DL4CAB8904, |
| DL2CAG2493, | DL1LA3272, | DL4CS6447, |
| DL4CAG9515, | UA07Q5537, | MA3EYE31- |
| HP18B2500, | DL4SR7561, | S00361721, |
| DL8CQ5962, | DAF3311, | MA3ECA12- |
| DL2FGH3333, | DL3SAH2074, | S02693197, |
| DL8CL2627, | DL4SBE3406, | DL1LR8251, |
| DL9CAB3234, | DL4SAR6553, | DL7CF4166, |
| DL2CAD7268, | MP07KF4915, | DL1CK0664, |
| DL6CM2937, | DL9SK8329, | DL4CAB7305, |
| DL8CM2330, | MBLHA10- | DL1CM0984, |
| DL8CNB1544, | EE9HD09424, | DL4CNC0885, |
| DL4CAB6352, | DL9SM1985, | MA6TF482- |
| DL1LR5239, | HR51U2672, | FAH029056, |
| DL3CBV5674, | DL4SAC2732, | DL10CF2262, |
| DL9CR4138, | DL6SZ2774, | HR26AJ4167, |
| DL5CE0014, | DL6SR6871, | DL8CAA6649, |
| DL3CBB2324, | HR05J7084, | MA3EED81- |
| UP16AH7523, | DL4SAG2176, | S00792990, |
| DL3CAQ0731, | DL3SAQ4696, | MA3EED81- |
| DL2CAC6574, | DL1LB4401, | S00920639, |
| DL8CN7308, | DL4SAW7616, | DL8CQ3106, |
| DL9CR4959, | DL4SAE6975, | DL4CAU0236, |
| DL8CM7489, | DL4SBB4757, | DL1YD6657, |
| CG04HD3919, | DL2SD2797, | DL2CAM7309, |
| DL4SM6229, | DL4SNB3972, | DL2CW0596, |
| DL4SAF2920, | DNM1207, | MALAM51C- |
| DL4SAB1013, | DL4SN9030, | LCM329069, |
| DL1LA6744, | DL4SAR1069, | DL3FBL0013, |
| DL1LC2170, | DL2SL5390, | MA3EVB11- |
| DL6ST5127, | DL6SP7371, | S01382218, |
| DL4SV8763, | UP10C1301, | DL6CN2138, |
| DL8SAE8856, | DDO1661, | DL1RTA1610, |
| DL4SU0851, | DL3SAW4634, | DL1LK3352, |
| DL6SAB1955, | DIS3397, | MALAA51- |
| DL2SH3779, | DHN4363, | HR5M708096, |
| DL8SAJ6894, | DL8SH8865, | MAKFD152- |
| DL6SJ5065, | DL3SAY2836, | A7N008589, |
| HR189451, | DL7SP8851, | DL8CT4750, |
| DL1SN2418, | DL4SU1320, | MA3EMG- |
| DL3SAZ1665, | DIM8459, | 1590357288, |
| DL6SB2429, | DL4SM7709, | 600421ERZ- |
| DL8SQ2935, | DL4SBE4561, | P68113, |
| DL8SAE2913, | DE05542, | DL1LR9488, |
| DL8SJ8625, | DL4SAN3228, | DL9CP5999, |
| DL1SN6344, | DL3SA3969, | DL4CAG8481, |
| MD2DSDSZZ- | DL8SAJ7587, | DL2CAA0934, |
| MCM92545, | BPJ8013, | DL4CAH6751, |
| DL8SAE6813, | DL4SAD6846, | MAKFD151 |
| DL8ST2306, | DL4SBC1438, | F8N200155, |
| DL5SX1311, | DL4SAE1162, | MAKGD852- |
| DL5SV9633, | DL3SB3260, | C7N367805, |
| DL5SE6055, | DL4SBE8414, | DL1YD6467, |
| DL5SH3908, | DL6SAB3383, | MH3EYD81- |
| DL7SAQ4924, | DL4SAW8915, | S01339032, |
| DL3SAX5805, | DL4SAM4812, | DL1CL2992, |
| DL7SAQ2280, | DL4SR1443, | DL10CF1454, |
| DL7SY6961, | DL4SAN1351, | DDL292, |
| HR26AN1873, | DL4SBE5925, | DL8CL3884 |

प्रपत्र सं. 3
[विनियम–15 (1) (क) / 16 (3) देखें.
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33–34–35, सेक्टर–17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)

वाद सं. : ओ.ए./1574/2021

ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप–नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत सम्मन

ईएक्सएच. एन. : 11480

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
विकास कुमार

सेवा में,

(1) विकास कुमार डी/डब्ल्यू/एस/ओ– श्री सुरेन्द्र प्रसाद यादव, पुत्र श्री सुरेन्द्र प्रसाद यादव, निवासी एफ–704, सिडको शिवालिक अपार्टमेंट, जीएच–02, सेक्टर–1, आईएमटी मानेसर, गुरूग्राम–122050, हरियाणा, गुरूग्राम, हरियाणा

(2) श्री सुरेन्द्र प्रसाद यादव, पुत्र श्री क्षीरन प्रसाद यादव, निवासी एफ–704, सिडको शिवालिक अपार्टमेंट, जीएच–02, सेक्टर 1, आईएमटी मानेसर, गुरूग्राम–122050, हरियाणा, (सह–आवेदक)

अन्य पता :

निवासी लैट नंबर 1501, 15वां तल, टावर–सी 1, एवलॉन रीगल कोर्ट, ग्राम–बनबबीरपुर, तहसील – तिजारा, भिवाडी, जिला अलवर, राजस्थान– 301411

(3) मैसर्स एवलॉन ग्रुप, निवासी 9वां तल, एसएएस टावर, निकट मेडिसिटी, सेक्टर–38, गुरूग्राम–122001 (हरियाणा) इसके प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से (बिल्डर)

सम्मन

जबकि, ओए/1574/2021 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 22–07–2022 को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 45,31,895/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :–

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;

ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;

iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;

iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;

v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 18–01–2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 03–08–2022 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

# नहर में कार गिरने से दो की मौत एक बच निकला, चौथे का पता नहीं

संवाददाता। जालौन (उरई)

रामायण के आयोजन के बाद गांव में भंडारा होना था। भंडारे के लिए कार से सब्जी लेने आ रहे युवकों की कार घने कोहरे के चलते नारायणपुरा बंबा की रेलिंग तोड़ते हुए बंबा में जा गिरी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। कार चालक ने तैरकर अपनी जान बचाई। वहीं, कार सवार तीसरा युवक सुबह से लापता होने के बाद शाम करीब 4 बजे उसका शव नहर से बरामद हुआ।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनौरा कलां में विवेक अवस्थी के यहां रामायण हुई थी। रामायण के आयोजन के बाद शनिवार को गांव में भंडारा होना था। घर पर रिश्तेदार भी आए हुए थे। गुरू का इटौरा निवासी



दुर्घटना में मृत बांके बिहारी, सुमित की फाइल

आनंद कुमार अपने बहनोई के यहां आयोजित रामायण और भंडारे में कार से आया था। शनिवार की सुबह लगभग 6 बजे भंडारे के लिए सब्जी लाने के लिए आनंद (25) अपनी कार से जालौन आने के लिए तैयार था। उसके साथ धनौरा कलां निवासी हलवाई का काम करने वाला सुमित शर्मा (26) पुत्र विनोद शर्मा व बांके बिहारी (22) पुत्र ऋषि कुमार उर्फ नेता दूरबार भी सब्जी लाने के लिए कार में बैठ गए। सुबह घने कोहरे के बीच उनकी कार जालौन के लिए निकली। नारायणपुरा बंबा के पास तीखा मोड़ होने के चलते घने कोहरे में कार चालक बंबा व मोड़ को नहीं देख सका। जैसे ही कार बंबा के नजदीक पहुंची तो कार पुलिया की आधी टूटी पड़ी रेलिंग को और तोड़ती हुई बंबा में जा गिरी। बंबा में तेज बहाव में चल रहे पानी में कार कुछ आगे जाकर रूक गई। वहां से निकल रहे लोगों ने जब कार को बंबा में देखा तो कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीओ उमेश पांडेय, कोतवाल कुलदीप तिवारी, एसएसआई आनंद सिंह मौके पर पहुंच गए। जेसीबी से कार को बाहर निकाला गया। कार में मौजूद बांके बिहारी को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। कार चालक आनंद कुमार तैरकर बाहर निकला जिससे उसकी जान बच गई। हादसे के बाद से सुमित शर्मा का कहीं पता नहीं चल रहा था। पुलिस ने उसकी काफी तलाश कराई लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। बंबा का पानी कम कराकर और स्थानीय गोताखोरों की मदद से शाम करीब 4 बजे सुमित शर्मा का शव भी बंबा में से बरामद हो गया।

# मछुवारों की जान की दुश्मन बने यमुना नदी की जल धारा में चालीस किलोमीटर तक खाली पड़े पट्टे

संबाददाता। हमीरपुर

**● शुक्रवार को यमुना नदी में कैलाश की संदिग्ध हालात में मौत इसी का नतीजा**

**कुरारा क्षेत्र** के मनकीखुर्द गांव में मत्स्य आखेटक कैलाश निषाद की संदिग्ध मौत के मामले में एक नया मोड़ आ गया है। अभी तक यमुना नदी की जलधारा में 40 किमी दूरी तक मत्स्य पट्टा न होने से आखेटक अवैध रूप से मछली का शिकार कर रहे है। जिससे रोजाना झगड़े फसाद व खून खराबा हो रहा है। कैलाश की मृत्यु पट्टा न होने का ही परिणाम बताया जाता है।

जानकारी के मुताबिक यमुना नदी की जलधारा में 58 किमी है। इसके किनारे बसे 22 गांवों का जलधारा में पट्टा करने का प्राविधान है। जिसमें बमुश्किल अभी तक 18 किलोमीटर ही पट्टा हो सके हैं। शेष जलधारा में पट्टा न होने से शासन को हर माह लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। वहीं मछली का शिकार करने के नाम पर लोग एक दूसरे को मरने मारने पर उतारू हैं। मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि कुरारा क्षेत्र के मिश्रीपुर, हरौलीपुर, मनकी कलां, मनकी खुर्द, उमराहट, निरनी, बरूआ, शेखूपुर, बचरौली, पटिया, भौली, जमरेही दरिया, सिकरोढ़ी, चंदूपुर, कनौटा, गिमुहा दरिया आदि गांवों में अभी तक मत्स्य आखेट के लिए पट्टा नहीं हो सका है। पट्टा न होने से लोग चोरी छिपे मछली का शिकार करते हैं और अवैध रूप से अपना हक जताते हुए एक दूसरे से विवाद करते हैं। हालांकि इस मामले में एसडीएम व एडी कई बार पुलिस को सूचित कर कार्रवाई करने को कह चुके हैं, लेकिन इसका कोई असर नहीं दिख रहा है। मत्स्य विभाग के निदेशक का कहना है कि कुछ लोग यमुना नदी के दूसरी तरफ जाकर मछली का शिकार करते हैं वह भी अवैध है। इसके लिए एसडीएम सदर ने फतेहपुर के दपसौरा, चांदपुर, कानपुर देहात क्षेत्र के देवराहट, मूसानगर, सजेती, घाटमपुर व हमीरपुर क्षेत्र के सुमेरपुर, कुरारा व सदर कोतवाली को लिखित आदेश कर मछली आखेट पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसी के चलते मनकीखुर्द निवासी कैलाश निषाद की मारपीट कर हत्या कर दी। इस मामले में शनिवार को मछुवारा समाज के प्रेमचंद्र निषाद, हरिहर निषाद, घसीटेलाल, धर्मेंद्र, रामऔतार, अखिलेश, जीतू, रंगीलाल आदि ने जिलाधिकारी से मिलकर कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं मत्स्य विभाग के उप निदेशक झांसी ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में जांच कराकर कार्रवाई करेंगे।

## दहेज की मांग को लेकर मुकदमा दर्ज

**कुरारा( हमीरपुर )।** थाना क्षेत्र के पतारा गांव निवासी ग्रामीण ने बहन के ससुराली जनों द्वारा प्रताड़ित कर अतिरिक्त दहेज की मांग करने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।क्षेत्र के पतारा गांव निवासी प्रधुम्न सिंह ने पुलिस को बताया कि अपनी बहन पूजा की शादी पटेल नगर उरई में की थी। शादी के बाद से ससुराली जन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मेरी बहन को प्रताड़ित करने लगे। तथा मारपीट करने लगे। इस से वह पीड़ित रहने लगी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ससुराली जन समर सिंह, संध्या सिंह,पूजा, चित्रा,नरेंद्र, ज्ञानेंद्र सिंह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## क्विक न्यूज

### चालीस लोगों को अटल भू-जल का दिया प्रशिक्षण

**चित्रकूट।** अटल भू-जल योजना के तहत रामनगर ब्लाक के सुहेल व पिपरौंद गांव में एक दिवसीय प्रशिक्षण ग्राम्य विकास संस्थान बडोखर खुर्द ने दिया। शनिवार को प्रशिक्षण में प्रधान, रोजगार सेवक, स्वयं सहायता समूह एवं अग्रणी किसान समेत 40 प्रतिभागियों के बैच को सत्र प्रभारी जेष्ठ अनुदेशक चन्द्रकिशोर व लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता प्रदीप जी ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण देने में मास्टर टेऊनर कमल मिश्रा, राकेश राजपूत, डीईओ विनोद भट्ट भी शामिल रहे। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को अटल भू-जल योजना, वाटर सिक्योरिटी प्लान एवं कर्न्वजेस पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत स्तर पर साउंडर के माध्यम से भू-जल मापन, जल गुणवत्ता एवं फ्लोमीटर पर भी लोगों को जागरूक किया। सभी से सहभागिता की अपील की गई।

### कोहरे के चलते ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत से जाम

**मौदहा (हमीरपुर)।** राजमार्ग घने कोहरे के चलते शनिवार को तड़के दो डंफरों में आमने-सामने भिड़ंत होने के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहनों का मलवा सड़क पर फैल गया जिससे राजमार्ग पर छह घंटे से अधिक जाम लगा रहा। कोतवाली पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहनों का मलवा हटवा राजमार्ग पर खड़े वाहनों का आवागमन शुरू कराया। शनिवार को घने कोहरे के चलते राजमार्ग पर ग्राम नरायच व मवईया के बीच आमने-सामने हुई दो डंफरों के बीच भिड़ंत होने के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहनों का मलवा राजमार्ग में फैल जाने से वाहनों का आवागमन ठप हो गया जिससे राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों की कतारें लगना शुरू हो गई जो देखते देखते कई किलोमीटर लंबी हो गई. घटना की जानकारी होते ही कोतवाली प्रभारी हेमंत मिश्रा ने दलबल सहित मौके पर पहुंच दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के मलवे को किनारे हटवा घंटों से खड़े वाहनों का आवागमन शुरू कराया। वाहनों का आवागमन सुचारु रूप से चलाने में पुलिस के पसीने छूट गए। इस जाम में सरकारी बसों के अलावा तमाम छोटे वाहन घंटों फसें रहे जबकि जानकार वाहन चालक अगल-बगल के गांव के लिंग मार्गो से होकर अपने वाहन निकालते रहे।

### पुलिस में शिकायत करने जा रही महिला को दबंगों ने कार चढ़ाकर मार डाला,तीन गिरफ्तार

**मौदहा(हमीरपुर)।** शुक्रवार की देर रात सिजनौड़ा गांव में दबंगों ने एक महिला के साथ गाली गलौज मारपीट कर दी जिसकी शिकायत करने थाने जा रही महिला की दबंगों ने मारुति वैन से कुचल कर हत्या कर दी है जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने तीन हत्याभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के मुताबिक गांव की जय देवी पत्नी प्रमोद वर्मा व गांव के ही राजा सिंह आदि से पुरानी रंजिश चल रही थी जिस पर बीती देर रात दबंगो ने महिला के साथ गाली गलौज मारपीट कर दी जिसकी शिकायत करने जय देवी(30) मौदहा बाइक से सुमित विश्वकर्मा व सोनू प्रजापति के साथ जा रही थी तभी इस बात की भनक लगते ही दबंग राजा सिंह, श्यामपाल, रामबाबू, वरदानी, मारुति वैन से पीछा करते हुए बाइक को पीछे से रौंद दिया जिस पर जय देवी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई तो वही बाइक सवार सुमित व सोनू गंभीर रूप से घायल हो गए घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया तो वहीं चिकित्सकों ने जय देवी को मृत घोषित कर दिया। और गंभीर रूप से घायलों को कानपुर रिफर कर दिया है जहां वह जिंदगी और मौत से लड़ रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज मारुति वैन को बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और घटना में शामिल बाकी आरोपियों की तलाश कर रही है साथ ही मृतिका के भाई संतोष कुमार वर्मा की तहरीर पर इरादतन हत्या करने के मामले में धारा 302, 307 के तहत मामला पंजीकृत किया है।

### गोताखोरों ने नहर से बरामद किया वृद्धा का शव

**उरई (जालौन)।** कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिनौरा नहर में गिरने के बाद डूबकर लापता हुई वृद्ध महिला के शव को पुलिस ने गोताखोरों की मदद से बरामद कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिनौरा निवसी फूलारानी पत्नी स्वर्गीय मदई वर्मा 80 वर्ष खेत देखने के लिए नहर के किनारे से जा रही थी। तभी अचानक पैर फिसलने के कारण वह नहर में गिर गई, और पानी का बहाव तेज होने के कारण वह बह गई थी। घटना के बाद वहां हड़कंप मच गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसकी खोजबीन शुरू कर दी थी। शनिवार को सुबह बरसैया बंबा के पास खदानी गांव के समीप झाड़ियों में फंसा महिला का शव देखकर गांव के लोग दंग रह गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस ने आकर मृतका की शिनाख्त फूलारानी के रूप में हुई। पहचान होने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है कि मृतका का एक ही पुत्र है, जो कि गोरखपुर में मजदूरी का काम करता है। घर पर वृद्ध महिला अपनी बहु व नाती रहती थी। फिलहाल परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### बिजली से झुलसे संविदा कर्मी की इलाज के दौरान मौत

**गाजीपुर ।** जनपद के भांवरकोल क्षेत्र में चार दिन पूर्व बिजली से बुरी तरह से झुलसा संविदा कर्मी की वाराणसी के एक नीजी अस्पताल मे मौत से जूझ रहा संविदा कर्मी मनोज प्रजापति शनिवार को जिंदगी की लडाई हार गया और पीछे सदैव रोने विलखने के लिए छोड़ गया अपने अभागिन पत्नी अंजू और तीन छोटी छोटी मासूम पुत्रियों को। मृतक मनोज कुमार प्रजापति के शव पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताते चलें कि बीते 26दिसंबर को क्षेत्र के मालसा गांव में मोबाइल टावर के लिए लगे ट्रांसफार्मर जो खराब हो गया था जिसकी मरम्मत के लिए कुंडेश्वर पावर हाउस से संविदा कर्मी 35वर्षीय मनोज प्रजापति पुत्र कैलाश प्रजापति निवासी पखनपुरा पावर हाउस से सीट डाउन लेकर सुबह 7 बजे मलसा गांव पहुंचा था और बिजली के खंभे पर चढ़कर ट्रांसफार्मर ठीक करने लगा अचानक ट्रांसफार्मर में विद्युत प्रवाह हो जाने के कारण वह बुरी तरह ऊपर ही जलने लगा और जलकर जमीन गिर पड़ा था। आनन.फानन में घटना की सूचना मौके पर उपस्थित लोगों ने पावर हाउस में दिया। सूचना पाते ही उसके शुभचिंतक मौके पर पहुंचकर निजी वाहन से मोहम्मदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद मनोज को वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया था। वहां डीएल डब्ल् अस्पताल में ईलाज के दौरान उसके दोनों ही हाथ काट देने पड़े थे। मनोज प्रजापति लगभग 15 वर्ष से कुंडेश्वर पावर हाउस पर संविदा कर्मचारी के रूप में कार्य कर रहा था।

### त्योहारों और परीक्षाओं के मद्देनजर जिले में धारा 144 लागू

**गाजीपुर।** नव वर्ष और आगामी त्योहारों तथा परीक्षाओं के मद्देनजर जिला प्रशासन ने जिले में धारा 144 लागू की है। एडीएम अरुण कुमार सिंह ने बताया कि दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा.144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू है। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी को नववर्ष मनाया जायेगा। इस अवसर पर युवक.युवतियां एक दूसरे को बधाई संदेश देते है तथा खुशी का इजहार करते हैं। साथ ही मकर संक्रांति का त्योहार दिनांक 15जनवरी को प? रहा है। मकर संक्रांति त्योहार के अवसर पर नदियों के किनारे लोग स्नान कर पूजा अर्चना करने के उपरान्त अन्न आदि का दान करते हैं। त्योहार के अवसर पर कहीं.कहीं मेले का आयोजन भी होता है।

# तेज रफ्तार डम्फर के कुचलने से हुई छात्रा की मौत

**● आक्रोशित ग्रामीणों ने परिजनों के साथ छह घण्टे तक लगाया जाम**

**● अपर एसपी चक्रपाणि त्रिपाठी के आश्वासन के बाद खत्म हुआ जाम**

संवाददाता। राजापुर(चित्रकूट)



**जिले के** सरधुआ थाना क्षेत्र के अर्की मोड़ के पास कक्षा-9 की छात्रा अपनी साइकिल से कॉलेज जा रही थी इसी बीच कमासिन की ओर से गिट्टी लादकर तेज रफ्तार आ रहे डम्फर ने छात्रा को रौंद डाला। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई ड्राइवर बड़ी तेजी से ट्रक भगाकर ले जा रहा था कि लगभग 200मीटर की दूरी पर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गया और ड्राइवर ट्रक से कूदकर भाग ही रहा था कि ग्रामीणों ने ट्रक ड्राइवर को पकड़ जमकर धुनाई करते हुए पुलिस को सौंप दिया। घटना से आक्रोशित परिजन व ग्रामीणों के द्वारा सड़क पर जाम लगाकर सरधुआ थाने के लापरवाह सिपाही व थानाध्यक्ष को सस्पेंड करने की माँग पर अड़े रहे। घटना की खबर पाकर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी प्रमोद झाँ, क्षेत्राधिकारी शिवप्रकाश सोनकर, प्रभारी निरीक्षक थाना कर्वी अवधेश मिश्रा परिजनों व ग्रामीणों से मान मनौवल करते रहे और लगभग 6घण्टे राजापुर-कमासिन मार्ग अवरुद्ध रहा जिससे वाहनों की लम्बी कतारें लगी रहीं।

मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह अर्की निवासिनी कक्षा-9 की छात्रा कुमारी गौरी पुत्री पवन मिश्रा (14वर्ष) अपनी साइकिल से सरधुआ इण्टर कॉलेज, सरधुआ पढ़ने जा रही थी इसी बीच अर्की मोड़ के पास कमासिन की तरफ से तेज रफ्तार डम्फर की जोरदार टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। पुत्री की मौत की खबर पाकर माँ दीपिका मिश्रा व अन्य परिजन रोते बिलखते हुए घटनास्थल पर पहुँचे और परिजनों सहित हजारों ग्रामीणों ने करीब 9बजे राजापुर-कमासिन मार्ग में जाम लगा दिया। जिससे करीब 6घण्टे तक अफरा तफरी के साथ वाहनों की लम्बी कतारें लग गई और आवागमन ठप्प रहा। घटना की खबर पाते ही अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी प्रमोद झाँ, नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र सिंह गौतम के द्वारा मृतका के परिवार को आर्थिक सहायता देने की बात कहते रहे। लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने एक भी बात मानने को तैयार नहीं थे। अपर पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों की माँग पर थाना सरधुआ के पुलिसकर्मियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई तथा रोड में तीन पुलिस बैरिकेटिंग व स्पीडब्रेकर और विद्यालय समय पर नो एन्ट्री तथा पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से 50लाख रुपए आर्थिक सहायता का माँगपत्र उपजिलाधिकारी तथा अपर पुलिस अधीक्षक के द्वारा रिसीव करने के बाद ही जाम हटाया गया और वादी चाचा रामनरेश मिश्रा पुत्र ब्रजमोहन मिश्रा की तहरीर पर ट्रक व ट्रक ड्राइवर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। जाम हटते ही थानाध्यक्ष सरधुआ प्रवीण कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर शव विच्छेदन हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया है। जाम को हटवाने के लिए कई थानों के प्रभारी निरीक्षक व पीएसी बल भारी संख्या में मौजूद रहे इस घटना से पूरे अर्की गाँव में शोक की लहर छा गई है और परिजनों का रों रों कर बुरा हाल है।

## चिकित्साधिकारी को मातृ शोक

संवाददाता। जालौन (उरई)

**छत्रसाल इंटर** कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता जयराम शर्मा की पत्नी व नगर के समाजसेवी व पूर्व चिकित्साधिकारी डॉ. वेद प्रकाश शर्मा की माताजी लक्ष्मी देवी का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की खबर जैसे ही नगर के लोगों को हुई तो नगर में शोक की लहर दौड़ गई। डॉ. एमपी सिंह, उमेश दीक्षित, धर्मेंद्र मिश्रा, प्रमोद द्विवेदी, राजीव माहेश्वरी, विनय माहेश्वरी, राजेंद्र अग्रवाल, मुकेश साहनी, कृपाशंकर खत्री, शिवशंकर सिंह चौहान, अतुल खन्ना आदि ने उनके घर जाकर उन्हें श्रृद्धांजलि दी। वहां मौजूद लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत की आत्म शांति व दुखी परिवार को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। उनकी शवयात्रा में सैंकड़ों लोग शामिल हुए।

# प्रधानमंत्री की मां को भाजपाइयों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

**चित्रकूट।** भाजपा युवा मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां के निधन पर श्रद्धांजलि सभा कर दो मिनट का मौनधारण कर दिवंगत आत्मा की शान्ति को ईश्वर से प्रार्थना की। भाजपा युवा मोर्चा की श्रद्धांजलि सभा में भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि प्रधानमंत्री की मां का जीवन खासा संघर्षपूर्ण रहा है। जीवन में तमाम अभाव के बाद भी उन्होंने परिवार को चलाया और अपनी संतानों को अच्छी शिक्षा दी। इसका नतीजा है कि नरेन्द्र मोदी जैसे देशभक्त प्रधानमंत्री मिले हैं। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, लवकुश चतुर्वेदी, दिव्या त्रिपाठी ने कहा कि अपने नाम के अनुसार नरेन्द्र मोदी जैसा हीरा देश को मिला है।

युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हीरो मिश्रा ने सभा में सभी का आभार जताया। संचालन युवा मोचा महामंत्री



प्रमेन्द्र सिंह ने किया। इस मौके पर आलोक पाण्डेय, राजीव त्रिपाठी, आशीष पाण्डेय, अरविन्द मिश्रा, जगदीश गौतम, माया प्रजापति, दिनेश पटेल, आनन्द पटेल, महेन्द्र कोटार्य, उज्जवल गुप्ता, जानकीशरण तिवारी, बाबूलाल पटेल, राजेश जायसवाल, अश्वनी अवस्थी, बच्चन त्रिपाठी, विनीता द्विवेदी, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, श्रवण पटेल, अर्पित जायसवाल, शानू गुप्ता, प्रेमलाल बाल्मीकि, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## अखिल प्रकाश मिश्रा की पुस्तक प्रयास का हुआ विमोचन

**चित्रकूट।** आजादी के अमृत महोत्सव पर सीतापुर स्थित विनोद लाज में पूर्व प्रधाानाचार्य अखिल प्रकाश मिश्रा की लिखित पुस्तक प्रयास का विमोचन पूर्व राज्य मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने किया शनिवार को पुस्तक के विमोचन अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य ने कविताओं के माध्यम से अपने जीवन के किए गए प्रयासों को साझा किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि हेमराज चतुर्वेदी ने कहा कि कितनी मेहनत लगन से पुस्तक लिखी जो गर्व की बात है। पूर्व मंत्री श्री उपाध्याय ने कहा कि गुरु बच्चों के भविष्य का निर्माण करते हैं। रिटायर्ड होने के बाद पुस्तक लिखना शुरू किया। जिसे पूरा कर समाज को आईना दिखाया है। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य की धर्मपत्नी उर्मिला मिश्रा, पुत्र विनोद मिश्रा के अलावा विष्णु कुमार त्रिपाठी, विजय तिवारी, राजेश शर्मा, शशांक गुरुदेव, सत्यदेव , हरीश मिश्रा, फूलचन्द्र जायसवाल, पीएन सिंह, हीरालाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## तेरह करोड़ का राजस्व वसूल कर अव्वल रहे जिला आबकारी अधिकारी

**चित्रकूट।** जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र यादव ने अथक मेहनत कर जिले को भारी राजस्व दिया है। उनकी टीम ने दिन-रात मेहनत कर अवैध शराब कारोबारियों पर अंकुश लगाते हुए पिछले वर्ष 2021-22 में प्राप्त राजस्व 90.99 करोड रुपये की तुलना में 2022-23 में दिसम्बर तक 102.42 करोड रुपये का राजस्व दिया है। तकरीबन 13 करोड रुपये पिछले वर्ष से अधिक का राजस्व देकर विकास में योगदान किया है।



शनिवार को जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र यादव ने बताया कि उनकी टीम के लोगों ने जगह-जगह छापेमारी कर अवैध शराब कारोबारियों को दबोचा है। अवैध शराब भारी मात्रा में बरामद कर जिले में शराब से मिलने वाले राजस्व में वृद्धि की है। पिछले वर्ष 2021-22 में 90.99 करोड रुपये का राजस्व मिला था। इस वर्ष 2022-23 में दिसम्बर माह तक 102.42 करोड रुपये का राजस्व हासिल किया है। तकरीबन पिछले वर्ष की तुलना में ये राजस्व 13 करोड रुपये अधिक है।

उनकी टीम ने जिले में जगह-जगह विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर 13 करोड रुपये का राजस्व हासिल करने में अथक परिश्रम किया है। उन्होंने बताया कि आगे भी देशी-विदेशी शराब व बियर से इस वर्ष भी ज्यादा से ज्यादा राजस्व देने के प्रयास किये जायेंगे। राजस्व देने में उनकी टीम के आबकारी इं प्रफुल्ल कुमार सिंह ने भी अथक सहयोग किया है।

# झांसी ने हमीरपुर पुलिस को 108 रनों से हराया



**राठ( हमीरपुर ) ।** कस्बे के स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय के क्रीड़ा मैदान में स्वामी ब्रम्हानंद एसीसी अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का पुल ए का दूसरा मैच हमीरपुर पुलिस और झांसी के बीच खेला गया। जिसमे झांसी ने हमीरपुर टीम को हराकर सेमी फाइनल में पहुंची। जिसमे झांसी से कप्तान प्रभात यादव ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। आखरी ओवर में आल आउट होकर 227 रन बनाए। झांसी की तरफसे उत्कर्ष अग्रवाल ने 84 रन बनाए और पुष्पेन्द्र यादव 39 रन बनाए। हमीरपुर की तरफसे तहसीलदार अनुभव चंद्रा ने 7 विकेट लिए और एसपी शुभम पटेल ने एक विकेट लिया। जबाब में उतरी हमीरपुर पुलिस की टीम ने अच्छा खेल दिखाया पर जीत नहीं दिला पाए। 21 ओवर आल आउट होते हुए महज 119 रन ही बना पाए। झांसी ने यह मुकाबला 108 रनों से जीत लिया। हमीरपुर पुलिस की तरफसे कप्तान शुभम पटेल ने 19 और अरुण ने 45 रन बनाए।

झाँसी की तरफसे गेंदबाज अक्षय सैन ने 4 विकेट लिए। कमेंट्री देवेन्द्र राजपूत और सीतू सेंगर ने की। टूर्नामेंट अध्यक्ष धर्म सिंह राज खजांची ने बताया कि कल पूल ए का पहला सेमी फाइनल मुकबला कानपुर और झाँसी के बीच खेला जाएगा।

# छह को आमरण अनशन करेंगे शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय

संवाददाता। चित्रकूट

**रामनगर ब्लाक** के कम्पोजिट विद्यालय रामपुर के शिक्षक/उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को लिखे पत्र में चेताया है कि उसके प्रत्यावेदनों पर विचार न करने से क्षुब्ध होकर वह छह जनवरी को बीएसए कार्यालय में आमरण अनशन को बाध्य होंगे। शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष/रामनगर ब्लाक के कम्पोजिट विद्यालय रामपुर के शिक्षक अखिलेश पाण्डेय ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि उनके कार्यालय में अपर शिक्षा निदेशक बेसिक के पिछले एक वर्ष से कई प्रत्यावेदन देने के बाद भी उन्हें न्याय व समानता के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। शिक्षा निदेशक बेसिक ने सात जनवरी को



एक माह के अन्दर पदोन्नति पर निर्णय का आदेश दिया था। एक वर्ष बाद भी आदेश का अनुपालन न होने से उनके अधिकारों का हनन हो रहा है। जबकि उनके साथ समान योग्यता में नियुक्ति/पदोन्नति पाने वाले शिक्षक प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि तीन मार्च 2021 को उनकी सेवा बहाल होने पर 25 फरवरी 2021 के पदावनति आदेश पर निर्णय हुआ था कि पदोन्नति में शिक्षकों का कोई दोष नहीं है, तत्कालीन बीएसए दोषी हैं। उनके खिलाफ दंड निर्धारण को अपर शिक्षा निदेशक प्रयागराज को एक माह में जांच करने का आदेश हुआ था। तत्कालीन अधिकारी को बचाने की गरज से एक वर्ष बाद भी कोई निर्णय न होने से उनका हित प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि अखिलेश कुमार पाण्डेय कला वर्ग में मौलिक नियुक्ति के आधार पर पदोन्नति को प्रत्यावेदन देते हैं तो नियमानुसार विचार किया जायेगा। बार-बार प्रत्यावेदन देने के बाद भी कोई विचार नहीं किया गया। उन्होंने चेताया कि छह जनवरी को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय में आमरण अनशन को बाध्य होंगे।


## एसडीएम ने राशन की दुकानों का किया निरीक्षण

**कोविड प्रोटोकॉल का पालन किये जाने के दिये निर्देश**

**कोंच(जालौन)।** एसडीएम कृष्ण कुमार सिंह ने शनिवार को नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में कई राशन की दुकानों का निरीक्षण किया और उचित दर विक्रेताओं को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने दुकानों के बाहर गोले भी बनवाए और खाद्यान्न बांटते समय कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के भी निर्देश दिए।भारत सरकार की तरफसे मिली गाइडलाइंस और जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को एसडीएम कृष्ण कुमार सिंह ने आपूर्ति लिपिक राहुल साहू के साथ शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में राशन की दुकानों का निरीक्षण किया तथा खाद्यान्न व अन्य उपलब्ध कराई जाने वाली सामग्री का वितरण नियमानुसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय क्षेत्र में अतुल चतुर्वेदी, करनसिंह यादव तथा गांव लौना व गोरा करनपुर की उचित दर की दुकानों पर अभिलेख देखे वो स्टॉक चेक किए। एसडीएम ने कोटेदारों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शासन द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइंस का पालन करें, दुकान पर उपभोक्ताओं में सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखें तथा साबुन और सेनेटाइजर भी रखें। उन्होंने दुकानों के बाहर थोड़ी थोड़ी दूरी पर गोले भी बनवाए।

# चीन ने किया स्वीकार, कोविड-19 से मिल रही है कड़ी चुनौती

## ● मौजूदा लहर एक नए चरण में प्रवेश कर गई है : राष्ट्रपति शी चिनफिंग



**भाषा।** बीजिंग

**चीन के राष्ट्रपति** शी चिनफिंग ने शनिवार को स्वीकार किया कि देश भर में चल रही कोविड-19 की मौजूदा लहर एक नए चरण में प्रवेश कर गई है और कड़ी चुनौतियां बरकरार हैं।

दरअसल, इस कम्युनिस्ट देश से आने वाले यात्रियों की कोविड जांच के लिए भारत और अन्य देशों द्वारा कदम उठाए जाने के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बीजिंग को कोरोना वायरस के स्वरूपों के बारे में और अधिक डेटा मुहैया करने को कहा है। शी ने राष्ट्र के नाम अपने नववर्ष संबोधन में कहा, हम अब कोविड-19 से लड़ने के एक नए चरण में प्रवेश कर गए हैं, जहां कड़ी चुनौतियां बरकरार हैं। उन्होंने कहा कि यह एक आसान सफर नहीं रहा है क्योंकि देश को अभूतपूर्व मुश्किलों और चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। शी ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर कहा कि चीन की असाधारण कोशिशों ने उसे अभूतपूर्व मुश्किलों से पार पाने में मदद की है। उन्होंने कहा, असाधारण कोशिशों से हमने अभूतपूर्व मुश्किलों और चुनौतियों से पार पाया है और यह किसी के लिए भी आसान सफर नहीं रहा। उन्होंने देश में मौजूद कोविड महामारी की गंभीर स्थिति के बारे में सूचना मुहैया किए बगैर यह कहा।

अपने संबोधन के दौरान शी ने कहा कि चीन ने उभरती स्थिति के आलोक में कोविड-19 प्रतिक्रिया अपनाई। उन्होंने कहा, उम्मीद की किरण हमारे सामने है। हमें कुछ अतिरिक्त कोशिश करनी होगी क्योंकि एकता का मतलब जीत है। लोगों के प्रदर्शन के बाद इस महीने की शुरूआत में जीरो-कोविड नीति में रातों रात ढील देने के पश्चात, पिछले कुछ दिनों में यह दूसरा मौका है, जब शी ने देश में कोविड की मौजूदा स्थिति पर बोला है। इस बीच, डब्ल्यूएचओ की बार-बार की अपील के बाद चीन ने शुक्रवार को अपने अधिकारियों को वैश्विक स्वास्थ्य संस्था के विशेषज्ञों से बात करने की अनुमति दे दी।

## चीन नियमित तौर पर कोविड-19 की स्थिति पर आंकड़े साझा करे : डब्ल्यूएचओ

**संयुक्त राष्ट्र-जिनेवा।** चीन की ओर से शून्य-कोविड नीति मे ढील दिए जाने के बाद देश मे संक्रमितो की संख्या मे हुई भारी वृद्धि के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक बार फिर बीजिंग से नियमित तौर पर संक्रमण संबंधी वस्तविक आंकड़ा साझा करने का आग्रह किया है। वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसी ने चीन के स्वास्थ्य अधिकारियो से कहा है कि वे जीनोम अनुक्रमण के अलावा कोविड-19 के चलते अस्पताल मे भर्ती होने वालो, जान गंवाने वालो और टीका लगवाने वालो से जुड़ा डेटा साझा करे। डब्ल्यूएचओ की ओर से शुक्रवार को जारी बयान मे कहा गया है कि संक्रमितो की संख्या मे भारी वृद्धि के मद्देनजर कोविड-19 की स्थिति पर और जानकारी प्राप्त करने तथा डब्ल्यूएचओ की विशेषज्ञ एवं अन्य सहायता की पेशकश करने के लिए चीन और विश्व स्वास्थ्य संगठन के अधिकारियो के बीच एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बयान के मुताबिक, डब्ल्यूएचओ ने एक बार फिर से महामारी की स्थिति पर विशिष्ट और वास्तविक समय के आंकड़ो को नियमित रूप से साझा करने के लिए (चीन से) कहा है। इसमे जीनोम अनुक्रमण का अतिरिक्त डेटा और संक्रमण के कारण अस्पताल मे भर्ती होने वालो, आईसीयू मे इलाज हासिल करने वालो, वायरस से दम तोड़ने वालो और टीके लगवाने वालो से संबंधित आंकड़े शामिल है। बयान मे कहा गया है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अधिक संवेदनशील लोगो को गंभीर संक्रमण और मौत से बचाने के लिए टीकाकरण और एहतियाती खुराक लगवाने के महत्व को दोहराया है। इसमे कहा गया है कि बैठक मे चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र के उच्च अधिकारियो ने महामारी, इसके स्वरूप की निगरानी, टीकाकरण, क्लिनिकल देखभाल, संचार और अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्रो मे चीन की रणनीति और उसके कार्यो के बारे मे डब्ल्यूएचओ को जानकारी दी। बयान के अनुसार, चीनी वैज्ञानिको को डब्ल्यूएचओ के नेतृत्व वाले कोविड-19 विशेषज्ञ नेटवर्क मे नजदीक से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया गया है, जिसमे कोविड-19 नैदानिक प्रबंधन नेटवर्क भी शामिल है।

# फ्रांस और स्पेन ने चीन से आने वाले यात्रियों के लिए सख्त कोविड मानकों को लागू करने का फैसला किया

**भाषा।** पेरिस

चीन से आने वाले यात्रियों के लिए फ्रांस और स्पेन सरकार सख्त कोविड मानदंडों को लागू करेंगी। दोनों देशों ने चीन से आने वाले हवाई यात्रियों के लिए कोविड जांच की निगेटिव रिपोर्ट को जरूरी कर दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। फ्रांस सरकार ने निगेटिव जांच रिपोर्ट को पेश करना अनिवार्य कर दिया है और अपने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अनावश्यक रूप से चीन नहीं जाएं। चीन और फ्रांस के बीच उड़ानों में फ्रांस मास्क की अनिवार्यता को दोबारा लागू कर रहा है। फ्रांस के स्वास्थ्य अधिकारी चीन से आने वाले यात्रियों में कोरोना वायरस के नए स्वरूप की पहचान करने के लिए हवाई अड्डे पर उनकी औचक पीसीआर जांच करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि ए नए नियम रविवार से प्रभावी होंगे। फ्रांस और स्पेन ने कहा कि दोनों देश पूरे यूरोप के लिए इस तरह की नीति पर जोर देंगे। फ्रांस में मौसमी फ्लू, ब्रोंकाइटिस तथा कोविड-19 के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी के कारण अस्पतालों में हाल के सप्ताह में भारी भीड़ देखने को मिली थी। इससे पहले, स्पेन सरकार ने कहा था कि चीन से आने वाले सभी हवाई यात्रियों के लिए कोविड की निगेटिव जांच रिपोर्ट अथवा टीकाकरण प्रमाण पत्र पेश करना जरूरी कर दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री कैरोलिना डेरियस ने संवाददाताओं को बताया कि चीन में मामलों में वृद्धि के बाद स्पेन यूरोपीय स्तर पर इसी तरह के उपायों पर जोर देगा। उन्होंने कहा कि स्पेन के हवाई अड्डों पर कोविड जांच को बढ़ाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने हालांकि यह नहीं बताया कि यह व्यवस्था कब से प्रभावी होगी। स्पेन के इस ऐलान से पहले इटली ने कहा था कि वह चीन से आने वाले हवाई यात्रियों के लिए कोविड जांच जरूरी करेगा।

**Public Notice**
This is to inform General Public that Mrs. Charu Grover and Mrs. Poonam Grover acquired the Residential Plot bearing No. 544, area measuring 172.822 sq. yds., Block-H, in the residential colony known as Palam Vihar, Gurgaon, situated in and around Village Chauma Tehsil & District Gurgaon, Haryana vide Sale Deed dated 10.05.2013, (Doc. no. 3663). Now, Mrs. Charu Grover and Mrs. Poonam Grover are mortgaging the above said property to Axis Finance Limited. by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

## ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के विदेश जाने की अटकलें

**साओ पाउलो।** ब्राजील के उपराष्ट्रपति जनरल हेमिल्टन मुराओ ने कहा है कि वह कार्यवाहक राष्ट्रपति बन गए है। मुराओ की इस घोषणा से संकेत मिलता है कि राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो देश से चले गए गए है। एक आधिकारिक दस्तावेज के अनुसार, बोल्सोनारो शायद अमेरिका के फ्लोरिडा शहर गए है। ब्राजील के निर्वाचित राष्ट्रपति लुइज एनेसियो लूला डि सिल्वा रविवार को शपथ लेंगे। उपराष्ट्रपति मुराओ के प्रेस कार्यालय की ओर से पुष्टि की गई है कि वह कार्यवाहक राष्ट्रपति बन गए है।

## पूर्व ब्रितानी भारतीय मंत्री आलोक शर्मा नववर्ष पर नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित

**लंदन।** ब्रिटेन मे भारतीय मूल के पूर्व मंत्री आलोक शर्मा को जलवायु परिवर्तन से निपटने मे उनके योगदान के लिए महाराजा चार्ल्स तृतीय ने यहां जारी अपनी पहली नववर्ष सम्मान सूची मे नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित किया है। आगरा मे जन्मे शर्मा (55) अक्टूबर तक कैबिनेट स्तर के मंत्री थे और उन्हे ओवरसीज लिस्ट मे शामिल किया गया है। इस बार भारतीय मूल के 30 से अधिक कार्यकर्ताओ, अर्थशास्त्रियो, शिक्षाविदो, चिकित्साकर्मियो और परोपकारियो को ब्रिटेन और विदेश मे उनकी अतुलनीय जनसेवा के लिए सम्मान सूची मे शामिल किया गया है। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय ने सम्मान सूची के हवाले से एक बयान मे कहा, आलोक शर्मा को सीओपी26 मे अपने नेतृत्व से जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने मे योगदान देने और भविष्य मे जलवायु परिवर्तन से निपटने मे बड़ा योगदान देने वाले ऐतिहासिक समझौते के लिए ब्रिटेन को प्रेरित करने के लिए नाइटहुड दिया जाता है।

## संघर्षग्रस्त म्यांमा में सेना ने नए साल पर चार घंटे के लिए कर्फ्यू हटाया

**बैंकाक** सैन्य शासित म्यांमा के अधिकारियो ने देश के तीन सबसे बड़े शहरो मे नए साल का जश्न मनाने के लिए चार घंटे के लिए सामान्य कर्फ्यू को स्थगित करने की घोषणा की, लेकिन सैन्य शासन के विरोधियो ने लोगो से दूर रहने का आग्रह किया और दावा किया कि सुरक्षा बल हमला कर सकते है तथा उल्टे उन्हे ही जिम्मेदार ठहरा सकते है। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक आधिकारिक पत्र मे कहा गया है कि यांगून क्षेत्रीय सरकार एक रात के लिए मध्यरात्रि से तड़के चार बजे तक कर्फ्यू हटा रही है, जहां वह शहर के पीपुल्स पार्क मे आतिशबाजी और संगीत के साथ नए साल की उलटी गिनती वाली पार्टी की मेजबानी करेगी।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने भारतीय शांतिरक्षकों की भूमिका को सराहा

## ●भारत और साइप्रस अपने राजनयिक संबंधो के 60 साल पूरे होने का जश्न मना रहे



**भाषा।** लरनाका (साइप्रस)

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र की तरफ से सेवाएं देने वाले भारतीय शांतिरक्षकों की भूमिका की सराहना की है। भारत और साइप्रस अपने राजनयिक संबंधों के 60 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। ऐसे में जयशंकर फिलहाल साइप्रस की अपनी पहली यात्रा पर हैं।

उन्होंने साइप्रस में वह सड़क भी देखी, जिसका नाम जनरल के एस थिमैया के नाम पर रखा गया है। विदेश मंत्री ने कुछ तस्वीरें साझा करते हुए ट्वीट किया, लरनाका में वह सड़क देखकर अच्छा लगा, जिसका नाम जरनल के ए थिमैया के नाम पर रखा गया है। संयुक्त राष्ट्र के लिए सेवाएं दे रहे भारतीय शांतिरक्षकों की दुनियाभर में सराहना होती है। साइप्रस के विदेश मंत्री इयोनिस कसौलाइड्स ने भी संयुक्त राष्ट्र शांति सेना-साइप्रस (यूएनएफआईसीवाईपी) में वर्षों से जारी भारत के महत्वपूर्ण योगदान की प्रशंसा की और उसका आभार जताया। संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में भारत के 5,887 जवान सेवाएं दे रहे हैं और भारत इस मामले में दूसरे स्थान पर है। कसौलाइड्स ने जयशंकर के साथ मुलाकात के दौरान ए टिप्पणियां कीं।उन्होंने बृहस्पतिवार को कहा, मैं यूएनएफआईसीवाईपी में सैनिकों और पुलिस कर्मियों की भागीदारी के लिए भारत की प्रशंसा करता हूं। कसौलाइड्स ने कहा, साइप्रस बहुत भाग्यशाली है कि देश में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के तहत तीन भारतीय कमांडरों जनरल ज्ञानी, जनरल (कोडेंडर सुबैय्या) थिमैया और जनरल दीवान प्रेमचंद ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उन्होंने कहा, जनरल थिमैया ने 1965 में अपनी मृत्यु तक साइप्रस में सेवाएं दीं। तुर्की के आक्रमण के दौरान नागरिकों की सुरक्षा, विदेशी राजनयिकों को बचाकर लाने और निकोसिया में हवाई अड्डे की सुरक्षा के लिए जनरल चंद के अथक प्रयासों को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। जनरल थिमैया भारतीय सेना के एक प्रतिष्ठित सैनिक थे। वह 1957 से 1961 तक सेना प्रमुख रहे। उनका कार्यकाल खत्म होने के ठीक बाद 1962 में भारत और चीन के बीच युद्ध हुआ था। कोरियाई युद्ध के बाद, थिमैया ने युद्ध बंदियों की अदला-बदली के मामले देखने वाली वाली संयुक्त राष्ट्र इकाई का नेतृत्व किया था। भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने साइप्रस में संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक बल की कमान संभाली थी। साइप्रस में ही 1965 में दिल का दौरा पड़ने के बाद उनका निधन हो गया था।

## संयुक्त राष्ट्र में इजराइल से संबंधित प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत संयुक्त राष्ट्र महासभा मे उस प्रस्ताव पर मतदान के दौरान गैर-हाजिर रहा, जिसमे फलस्तीनी क्षेत्र पर इजराइल के लंबे समय से जारी कब्जे के कानूनी परिणामो पर अंतरराष्ट्रीय न्यायालय से राय मांगी गई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा मे पूर्वी यरुशलम समेत फलस्तीन अधिकृत क्षेत्र मे फलस्तीनी लोगो के मानवाधिकारो को प्रभावित करने वाली इजराइली गतिविधियो नामक मसौदा प्रस्ताव पर शुक्रवार को मतदान हुआ। प्रस्ताव के पक्ष मे 87, जबकि विरोध मे 26 वोट पड़े। भारत समेत 53 सदस्य मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे।प्रस्ताव मे संयुक्त राष्ट्र के सर्वोच्च न्यायिक निकाय अंतरराष्ट्रीय न्यायालय से इस मामले पर सलाह देने का अनुरोध किया गया है कि 1967 के बाद से फलस्तीनी क्षेत्र पर कब्जा करके, बस्तियां बसाकर और आक्रमण करके इजरायल द्वारा किए जा रहे फलस्तीनी लोगो के आत्मनिर्णय के अधिकार के उल्लंघन के क्या परिणाम हो सकते है। अमेरिका और इजराइल ने मसौदा प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया, जबकि ब्राजील, जापान, म्यांमा और फ्रांस मतदान से दूर रहे।

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given to the General Public on behalf of HDFC Bank Ltd. that Mr. Ajay Gupta & Mr. Vikash Gupta & Mr. Naresh Gupta are joint owners of Property No. 231, admeasuring 209.032 sq. mtrs., in Block B-3, Situated at Paschim Vihar, New Delhi Hereinafter Referred to as the "Said Property" by virtue of Registered Relinquishment Deed dated 10.04.2013, Registration No. 1464, executed by Mrs. Asha Rastogi, Mrs. Preeti Gupta, has lost /misplaced SMC certificate stating legal heirs of Late Mrs. Bimla Gupta & Mr. B. L. Gupta, All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**
To be known to all that **I, Lata Malhotra, W/o Late Sh. Vijay Kumar Malhotra, R/o Flat No. B-4/7-B, First Floor, DDA Janta Flats, Block B-4, Lawrance Road, Keshav Puram, New Delhi-110035**, owner of property bearing DDA **Janta Flat No.7-B, First Floor, Block B-4, Lawrance Road, New Delhi Vide Dda File No. J.204 (0929)88/LR/NP**, had applied for Lease hold to free hold in DDA. All the original documents i.e. **Allotment Letter, Possession Letter, site possession Slip, & NOC for electricity & water connection issued by the DDA** of the above flat have been lost. An FIR/NCR/LR to this effect has lodged in Police Station Crime Branch, New Delhi, vide NCR/FIR/L.R.No.1135787/2022. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No. **9899063870** within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (LAB) H or Director (H)-1, D Block, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

# ब्रिटेन की समस्या 2023 में भी खत्म नही होगी, सुनक ने नववर्ष के संदेश में चेतावनी दी

**भाषा।** लंदन



ब्रिटिश प्रधानमंत्री के तौर पर ऋषि सुनक ने अपने प्रथम नववर्ष संदेश में शनिवार को आगाह किया कि ब्रिटेन की समस्याएं 12 महीनों के मुश्किल भरे समय की समाप्ति के बाद 2023 में भी खत्म नहीं होंगी।

हालांकि, उन्होंने कहा कि 2022 में उनकी सरकार ने कड़े, लेकिन निष्पक्ष फैसले लिए हैं। सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी में उथल-पुथल के बाद अक्टूबर के अंत में ब्रिटिश प्रधानमंत्री का पदभार संभालने वाले भारतीय मूल के 42 वर्षीय नेता ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट की सीढ़ियों से प्रधानमंत्री के तौर पर दिए अपने प्रथम भाषण को याद किया, जिसमें उन्होंने महत्वपूर्ण विषय पर अथक कार्य करने का वादा दोहराया था। उल्लेखनीय है कि 10 डाउनिंग स्ट्रीट ब्रिटिश प्रधानमंत्री का आवास है। ब्रिटेन की राजनीति में 2022 का वर्ष काफी उथल-पुथल भरा रहा, जब बोरिस जॉनसन और लिज ट्रस के रूप में उनके दो पूर्वधाकारियों को कंजरवेटिव पार्टी के नेता पद से हटना पड़ा। सुनक ने कहा, मैं यह अनुमान नहीं करने जा रहा हूं कि हमारी सभी समस्याएं नववर्ष में दूर हो जाएंगी। उन्होंने कहा, लेकिन 2023 हमें ब्रिटेन को विश्व मंच पर बहुत अच्छी तरह से प्रदर्शित करने...स्वतंत्रता और लोकतंत्र की उन स्थानों पर रक्षा करने का अवसर देगा, जहां कहीं हम इसे खतरे में पाएंगे। उन्होंने यूक्रेन में जारी बर्बर युद्ध को आगे की प्रमुख चुनौतियों में एक बताया। सुनक ने एक वीडियो संदेश में कहा, जैसे ही हम एक अभूतपूर्व वैश्विक महामारी से उबरे, रूस ने यूक्रेन में एक बर्बर और अवैध हमला कर दिया। उन्होंने कहा, इसका दुनिया भर की अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर पड़ा, जिससे ब्रिटेन भी अछूता नहीं रहा। अब, मैं जानता हूं कि आपमें से कई ने इसके प्रभाव को महसूस किया होगा। यही कारण है कि इस सरकार ने ऋण और उधार को नियंत्रण में लाने के लिए मुश्किल लेकिन निष्पक्ष फैसले लिए हैं। सुनक ने नववर्ष संदेश में यूक्रेन का सहयोग करने का संकल्प लिया। सुनक ने कहा, तीन महीने पहले, डाउनिंग स्ट्रीट की सीढ़ियों से मैंने वादा किया था कि मैं उन चीजों पर लगातार काम करूंगा, जो आपके लिए सबसे ज्यादा मायने रखती हैं। तब से, इस सरकार ने अधिक धन राशि, अधिक चिकित्सकों और अधिक नर्स समेत रिकॉर्ड संसाधनों की मदद से हमारी एनएचएस (राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा) को मजबूत करने के लिए निर्णायक कार्वाई की है। हम अवैध प्रवासन से भी निपट रहे हैं और अपराधियों को हमारी आश्रय प्रणाली का दुरुपयोग करने से रोक रहे हैं।

# प्रधानमंत्री की मां के निधन पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शोक जताया

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबेन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। हीराबेन मोदी का शुक्रवार को अहमदाबाद के एक अस्पताल में निधन हो गया था। वह 99 वर्ष की थी। प्रधानमंत्री मोदी और उनके भाइयों ने गांधीनगर के श्मशान घाट में उनकी चिता को मुखाग्नि दी थी। बाइडन ने ट्वीट किया, मैं और (प्रथम महिला डा) जिल (बाइडन) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनकी मां हीराबेन मोदी के निधन पर गहरी और हार्दिक संवेदनाएं भेजते हैं। उन्होंने शुक्रवार की रात लिखा, शोक की इस घड़ी में हमारी संवेदनाएं प्रधानमंत्री और उनके परिवार के साथ है। अमेरिका की कई अन्य हस्तियों और संगठनों ने भी प्रधानमंत्री मोदी की मां के निधन पर शोक जताया। यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) ने ट्वीट किया, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां श्रीमती हीराबेन मोदी के निधन पर हमारी गहरी संवेदनाएं। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष मुकेश आघी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आपकी प्यारी मां के निधन पर हार्दिक संवेदनाएं। ईश्वर दिवंगत की आत्मा को शांति प्रदान करे। लोकप्रिय अफ्रीकी-अमेरिकी गायिका मेटी मिलबेन ने ट्वीट किया, आपकी मां की महान विरासत अब आपके और भारत तथा दुनिया के हर उस व्यक्ति के जरिए आगे बढ़ेगी, जिनके दिलों को आप छूते हैं। आपके और आपके परिवार के लिए मेरी संवेदनाएं। जिन अन्य लोगों ने हीराबेन मोदी के निधन पर शोक जताया उनमें जापान, इजराइल, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल के प्रधानमंत्री शामिल हैं।

प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर- 17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित) वाद सं. : ओ.ए./358/2021
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. एन. : 13047
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
योग राज वर्मा

सेवा में,
(3) मैसर्स रामप्रस्थ सरे रियलिटी प्रा. लि., प्लॉट नंबर 46, उद्योग विहार, फेज-4, गुरूग्राम, हरियाणा

सम्मन

जबकि, ओए/358/2021 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 19-09-2022 को पेश किया गया था। जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,29,56,747/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)। अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 27-01-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 23-09-2022 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें, ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2) प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./205/2022
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. एन. : 11268
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
दीपक चौधरी

सेवा में,
(1) दीपक चौधरी
डी/डब्ल्यू/एस/ओ. बृज पाल सिंह दीपक चौधरी पुत्र श्री बृज पाल सिंह, निवासी एमसीएफ-ए-6, नाहर सिंह कालोनी, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा-121004
अन्य पता
सी/ओ. एडवांस इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, एससीएफ नंबर 69, भू तल, सेक्टर-16ए, फरीदाबाद, हरियाणा - 121002
अन्य पता
प्लॉट नंबर 37, डीएलएफ माडल टाउन, सेक्टर-11, फरीदाबाद, हरियाणा - 121001 (2) अरूणा रानी पत्नी श्री दीपक चौधरी डी/डब्ल्यू/एस/ओ. बृज पाल सिंह दीपक चौधरी निवासी एमसीएफ-ए-6, नाहर सिंह कालोनी, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा-121004
अन्य पता
सी/ओ. श्री राम एकैडमी, एससीएफ नंबर 69, भू तल, सेक्टर-16ए, फरीदाबाद, हरियाणा - 121002
अन्य पता
प्लॉट नंबर 37, डीएलएफ माडल टाउन, सेक्टर-11, फरीदाबाद, हरियाणा - 121001

सम्मन

जबकि, ओए/205/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 18-07-2022 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 2,06,80,804.77/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 11-01-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 29-07-2022 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

# बड़ी कारगर है हमारी आंत, सूक्ष्म जीवों से करती है प्रतिरक्षा

**भाषा।** नॉटिंघम

## (सैमुअल जे. व्हाइट, फिलिप बी. विल्सन, नॉटिंघम ट्रेंट यूनिवर्सिटी) का शोध



## ● कोविड और आपकी आंतः कैसे एक स्वस्थ माइक्रोबायोम संक्रमण की गंभीरता को कम कर सकता है

**जीवाणु, कवक** और विषाणु सहित सूक्ष्म जीवों का एक विशाल संयोजन हमारी आंत में रहता है। सामूहिक रूप से, हम इसे माइक्रोबायोम कहते हैं। इनके छोटे आकार के बावजूद, इन सूक्ष्म जीवों का हमारे स्वास्थ्य और कुशलक्षेम पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। वास्तव में, शरीर के अंगों और प्रणालियों के साथ व्यापक संबंध के कारण माइक्रोबायोम को अकस दूसरा मस्तिष्क कहा जाता है। विशेष रूप से हमारी आंत के खेल में सूक्ष्म जीवों की एक भूमिका प्रतिरक्षा कार्य की मदद करने की होती है। वे स्थानीय और प्रणालीगत सूजन को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। यह, वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा प्रतिरक्षा प्रणाली हमें हानिकारक रोगजनकों से बचाती है। इसलिए यह पूरी तरह से आश्चर्यजनक नहीं है कि अनुसंधान से पता चला है कि आंत में जीवाणु की बनावट कोविड संक्रमण की गंभीरता को प्रभावित कर सकती है। इसी के साथ यह साक्ष्य भी है कि कोविड संक्रमण आंत में जीवाणु के संतुलन को प्रभावित कर सकता है, जो यह समझाने का एक तरीका हो सकता है कि कुछ लोगों में कोविड संक्रमण के बाद लगातार लक्षण क्यों बने रहते हैं। हमारी आंत में मौजूद सूक्ष्म जीव फेफड़ों सहित पूरे शरीर में हमारी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया के लिए आवश्यक संकेत प्रदान करते हैं। एक 'स्वस्थ' आंत माइक्रोबायोम में जीवाणु की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल होती है, हालांकि यह हर व्यक्ति में समान नहीं होती। अध्ययनों में पहले पता चला है कि एक स्वस्थ आंत माइक्रोबायोम प्रतिरक्षा कोशिकाओं और संदेशों को विनियमित करके श्वसन संक्रमण के प्रति प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया में सुधार कर सकता है। दूसरी तरफ, साक्ष्य से पता चलता है कि पेट के जीवाणुओं की एक खराब संरचना फेफड़ों में इन्फ्लूएंजा संक्रमण की संवेदनशीलता को बढ़ाती है, और चूहों में फेफड़ों से रोगाणुओं की निकासी को कम करती है। कोविड के मामले में भी ऐसा ही प्रतीत होता है कि पेट के माइक्रोबायोम की संरचना रोग की गति को प्रभावित कर सकती है। अनुसंधान में कोविड रोगियों में माइक्रोबायोम प्रोफाइल और सूजन संकेतकों के स्तर के बीच एक संबंध दिखा है, जहां आंत जीवाणु के खराब संयोजन वाले रोगियों में बहुत अधिक सूजन के लक्षण दिखाते हैं। इससे पता चलता है कि माइक्रोबायोम प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पर प्रभाव के माध्यम से कोविड संक्रमण की गंभीरता को प्रभावित करता है। माइक्रोबायोम असंतुलन : कोविड संक्रमण हमारे आंत जीवाणु की संरचना को प्रभावित कर सकता है। विशेष रूप से, ऐसा लगता है कि कोविड किसी व्यक्ति के माइक्रोबायोम मेंअच्छे और बुरे सूक्ष्म जीवों के बीच संतुलन को बिगाड़ सकता है। अध्ययनों में कोविड रोगियों और स्वस्थ लोगों के बीच आंत्र माइक्रोबायोम में महत्वपूर्ण अंतर दिखा। हमें कोविड रोगियों में आंत में जीवाणुओं की विविधता में कमी देखने को मिली।

## अमेरिकी सांसद ने सेवा के स्वयंसेवकों के योगदान की प्रशंसा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक प्रभावशाली सांसद ने देशभर मे मुसीबत के वक्त विभिन्न समुदायो को मानवीय सहायता पहुंचाने मे भारतीय-अमेरिकी गैर लाभकारी संस्था सेवा इंटरनेशनल के स्वयंसेवको के योगदान की तारीफ की। इस संस्था के देशभर मे 5,000 से अधिक स्वयंसेवक है।कांग्रेस सदस्य गेरी कोनोली ने प्रतिनिधि सभा मे कहा, सेवा कार्यकर्ता हिंदुओ के वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे भवन्तु सुखिनः से प्रेरणा लेते है, जिसका क्रमशः मतलब है कि पूरी दुनिया एक परिवार है और सभी खुश रहें। उन्होने कहा कि सेवा के स्वयंसेवक विकासात्मक परियोजनाओ के समन्वय तथा आपदा के समय सार्थक बदलाव लाने के लिए साझेदारो, दानदाताओ और जमीनी स्वयंसेवको को एकजुट करने के लिए स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर काम करते है।

# गुजरात में बस और एसयूवी की टक्कर, नौ की मौत

**एजेंसी।** नवसारी

**गुजरात** के नवसारी जिले में शनिवार तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग पर डिवाइडर को तोड़ते हुए एक एसयूवी कार सामने से आ रही लग्जरी बस से टकरा गई। इस हादसे में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। नवसारी के पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश उपाध्याय ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के वेस्मा गांव में तड़के 3.20 बजे हुई। हादसे के वक्त बस वलसाड जा रही थी, जबकि एसयूवी सामने से आ रही थी।



नवसारी में बस की टक्कर से बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर शोक जताते हुए मरने वाले लोगों के निकटतम परिजन को दो लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए का अनुदान देने की घोषणा की है।

उपाध्याय ने बताया, मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर एसयूवी के चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। इसके बाद एसयूवी डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी तरफ चली गई और लग्जरी बस से उसकी टक्कर हो गई।

उपाध्याय के मुताबिक, हादसे में एसयूवी में सवार नौ लोगों में से आठ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई बस यात्रियों को गंभीर चोट आई है। उन्होंने बताया कि हादसे में बस में सवार एक यात्री की मौत हो गई।

उपाध्याय के अनुसार, एसयूवी में यात्रा कर रहे लोग गुजरात के भरूच जिले के अंकलेश्वर के रहने वाले थे और वलसाड से अपने गृहनगर लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि हादसे में 29 यात्री घायल हो गए हैं, जिनका नवसारी एवं पड़ोसी वलसाड शहर में उपचार किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने मोदी के हवाले से ट्वीट किया, नावसरी में सड़क हादसे में लोगों की मौत से दुखी हूं। पीडि़त परिवार के साथ मेरी संवेदनाएं। मुझे उम्मीद है कि घायल जल्दी ठीक हो जाएंगे। मरने वालों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपए, जबकि घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस सड़क हादसे पर शोक जताया है।

## मकान में पटाखे में विस्फोट होने से चार लोगों की दर्दनाक मौत

**नमक्कल (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के नमक्कल जिले के एक मकान में हुए विस्फोट में एक पटाखे की दुकान के मालिक और तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई और इतने ही लोग घायल हो गए। उक्त घर में कथित रूप से पटाखे रखे हुए थे। यह जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी। पुलिस ने बताया कि विस्फोट तड़के करीब चार बजे अचानक हुआ, जिसमें मोहनूर में एक मकान और आसपास के कुछ अन्य मकान क्षतिग्रस्त हो गए तथा चार व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, दमकल की गाडि़यों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, यह स्पष्ट नहीं है कि लाइसेंस धारक तिल्लई कुमार (37) ने अपने घर में पटाखा क्यों रखा हुआ था। यह घटना तड़के करीब चार बजे हुई। तिल्लई कुमार, उसकी मां सेल्वी (57) और पत्नी प्रिया (27) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हालांकि, कुमार की चार साल की बेटी बाल-बाल बच गई। अधिकारी ने कहा कि विस्फोट के चलते कुमार के पड़ोस में रहने वाली 70 वर्षीय एक महिला की भी मौत हो गई। विस्फोट होने या मकानों को हुए नुकसान के कारण जलने या घायल होने वाले चार व्यक्तियों को इलाज के लिए नमक्कल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारी ने किसी भी तरह की साजिश से इनकार करते हुए कहा कि यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि विस्फोट बिजली के शॉर्ट-सर्किट से या फिर किसी मोमबत्ती से पटाखों में आग लगने की वजह से हुआ।

## शिरडी जा रहे मुंबई के दंपती की सड़क हादसे में मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक कंटेनर ट्रक की चपेट में आने से दोपहिया वाहन पर मुंबई से शिरडी जा रहे एक दंपती की मौत हो गई, जबकि उनकी तीन साल की बेटी इस दुर्घटना में बच गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मुंबई-नासिक राजमार्ग पर भिवंडी तालुका में शुक्रवार को हुई दुर्घटना में मनोज जोशी (34) और उनकी पत्नी मानसी (30) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मरने वाले मुंबई के उपनगर भांडुप के रहने वाले थे। एक अधिकारी ने बताया, दंपती और उनकी बेटी साईंबाबा के दर्शन के लिए शिरडी जा रहे थे। जब वे एवई गांव पहुंचे, तो एक तेज रफ्तार कंटेनर ने उन्हें टक्कर मार दी और उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उनकी तीन साल की बेटी इस दुर्घटना में बच गई। वह सुरक्षित है, लेकिन उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिवंडी के एक सरकारी अस्पताल में भेज दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस ने कंटेनर के चालक को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ भिवंडी तालुका पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता और मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# वर्ष 2022 में आजादी का अमृत महोत्सव का उत्साह रहा हावी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**वर्ष** 2022 के दौरान हर घर तिरंगा अभियान के जरिए आजादी का अमृत महोत्सव का उत्साह जनता के बीच उच्च स्तर पर रहा, जब देश ने अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष का जश्न मनाया। वहीं, ऐतिहासिक इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की ग्रेनाइट प्रतिमा का अनावरण किया गया।

आजादी का अमृत महोत्सव ने पूरे साल संस्कृति मंत्रालय को व्यस्त रखा। वहीं, देश ने श्री अरबिंदो की 150वीं जयंती भी मनाई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिसंबर में स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

हालांकि, आजादी का अमृत महोत्सव आधिकारिक तौर पर 12 मार्च 2021 से शुरू हुआ था, लेकिन इसका जश्न 15 अगस्त 2022 को चरम पर पहुंचा, जब देश ने स्वतंत्रता के 75 साल पूरे किए और कई घर, कार्यालय और सार्वजनिक स्थान तिरंगे के रंग में रंग गए। समारोह 15 अगस्त 2023 तक जारी रहेगा।

आजादी का अमृत महोत्सव आजादी के 75 साल और देश के लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास का जश्न मनाने के लिए भारत सरकार की एक पहल है। इसके पांच स्तंभ हैं-स्वतंत्रता संग्राम, 75 साल का विचार, 75 साल पर उपलब्धियां, 75 साल पर काम, 75 साल पर संकल्प।

आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में 1.36 लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनमें हर घर तिरंगा , वंदे भारतम जैसे कई बड़े कार्यक्रम शामिल हैं।

मोदी ने स्वतंत्रता के 75वें वर्ष का जश्न मनाने के लिए लोगों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने या प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करने के वास्ते 22 जुलाई को हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया था।

आजादी का अमृत महोत्सव के लिए नोडल एजेंसी संस्कृति मंत्रालय के अनुसार, यह अभियान 23 करोड़ घरों तक पहुंचा और छह करोड़ सेल्फी विद तिरंगा को भी डिजिटल रूप से दर्ज किया गया।

आजादी का अमृत महोत्सव के बैनर तले आयोजित कार्यक्रमों में देशभक्ति का जोश और उत्सव की भावना अपने चरम पर रही। 26 जनवरी को राजपथ पर गणतंत्र दिवस समारोह से लेकर 15 अगस्त को लाल किला पर स्वतंत्रता दिवस समारोह तक जश्न में इस विषय की छाप स्पष्ट दिखी। इसी साल इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 28 फीट ऊंची प्रतिमा की स्थापना की गई। यह प्रतिमा उसी स्थान पर स्थापित की गई, जहां पहले महाराजा जॉर्ज पंचम की संगमरमर की मूर्ति लगी हुई थी। महाराजा जॉर्ज पंचम की मूर्ति को 1960 के दशक के अंत में इंडिया गेट से हटा दिया गया था।

बोस की प्रतिमा ग्रेनाइट पत्थर से बनाई गई है और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आठ सितंबर को इसका अनावरण किया गया। मोदी ने इसे एक कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से नेताजी के लिए एक श्रद्धांजलि बताया।

प्रतिमा की स्थापना और राजपथ (मूल रूप से किंग्सवे के रूप में बना और स्वतंत्रता के बाद नया नाम दिया गया) का नाम बदलकर कर्तव्य पथ किए जाने की कई लोगों ने आलोचना भी की। वर्ष 2022 में 14 अप्रैल को मोदी द्वारा ऐतिहासिक तीन मूर्ति भवन स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय का उद्घाटन भी किया गया। दिसंबर में देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम की यात्रा पर आधारित नए संग्रहालय का पहला लाइट-एंड-साउंड शो भी शुरू किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने अगस्त में 150 स्मारकों को तिरंगे के रंग की लाइटों से सजाया। भारत के तीन नए सांस्कृतिक स्थलों-मोढेरा में सूर्य मंदिर, गुजरात के ऐतिहासिक वडनगर शहर और त्रिपुरा में उनाकोटी की चट्टानों को काटकर बनाई गई मूर्तियों को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की अस्थाई सूची में जोड़ा गया। वडनगर मोदी का गृहनगर है।

# माकपा ने चेरियन को कैबिनेट में वापस लाने का फैसला किया

**एजेंसी।** तिरुवनंतपुरम

**केरल** की मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत सरकार ने विधायक साजी चेरियन को मंत्रिमंडल में वापस लाने का फैसला किया है, जिसका कांग्रेस विरोध कर रही है।

कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि वाम दल को यह फैसला लेने से पहले चेरियन के खिलाफ दर्ज मामले में अंतिम फैसला आने का इंतजार करना चाहिए था।

चेरियन ने जुलाई में पथनमथिट्टा जिले में एक भाषण के दौरान कथित तौर पर संविधान के खिलाफ टिप्पणी की थी और इस संबंध में आपराधिक मामला दर्ज होने के बाद उन्होंने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।

माकपा के राज्य सचिव एम वी गोविंदन ने शनिवार को पुष्टि की कि पार्टी के राज्य सचिवालय ने एक दिन पहले चेरियन को कैबिनेट में वापस लाने का फैसला किया।

### ● कांग्रेस ने की आलोचना

गोविंदन ने पत्रकारों से कहा, मुख्यमंत्री और राज्यपाल को शपथ ग्रहण समारोह की तारीख तय करनी है। उन्होंने यह दावा भी किया कि अदालत की ओर से इस मामले में सभी फैसले आ चुके हैं और इसमें ज्यादा कुछ नहीं बचा है।

दूसरी ओर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व सांसद के मुरलीधरन ने कहा कि चेरियन को कैबिनेट में वापस लाने का मुख्यमंत्री का फैसला गलत है और सरकार को पूर्व मंत्री के खिलाफ आपराधिक मामले में अदालत के आदेश का इंतजार करना चाहिए था।

उन्होंने दावा किया, यह सही नहीं है। उन्होंने (चेरियन ने) संविधान की आलोचना नहीं, बल्कि अपमान किया। मार्क्सवादी पार्टी ने अदालत के फैसले का इंतजार किए बिना मनमाने ढंग से उन्हें कैबिनेट में वापस लाने का फैसला किया है।

## भाजपा के पूर्व एमएलसी के बंगले से महिला का क्षत-विक्षत शव मिला

**पुणे।** महाराष्ट्र के सतारा जिले के एक गांव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधान पार्षद (एमएलसी) के बंद बंगले के पीछे महिला का आंशिक रूप से दबा हुआ शव-विक्षत शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने कहा कि पूर्व एमएलसी कांता नलवाडे के परिवार के सदस्यों को बंगले के परिसर की सफाई के दौरान शव मिला। परिवार के सदस्य कभी-कभार ही इस बंगले में रहने के लिए आते हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, बंगले के पिछले हिस्से में एक महिला का आंशिक रूप से दबा हुआ क्षत-विक्षत शव मिला है। परिवार के सदस्य जब शुक्रवार को सफाई करने के लिए वहां पहुंचे तो उन्हें यह शव दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्यों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया और पुलिस ने जांच शुरू कर दी।



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट करते छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

## क्विक न्यूज

### अटल सुरंग देखने की दीवानगी और मनाली में बर्फबारी से कुल्लू में पर्यटकों की संख्या बढ़ी

**शिमला।** मनाली में बर्फबारी और अटल सुरंग देखने की दीवानगी और शिमला शहर में बिना बुकिंग के पर्यटक वाहनों के प्रवेश निषेध ने नए साल पर हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में पर्यटकों की संख्या बढ़ा दी है। मनाली होटलियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने बाताया कि अटल सुरंग (रोहतांग) में पर्यटक आ रहे हैं, इससे लाहौल स्पीति तथा कुल्लू जिलों में पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मनाली में हिमपात भी पर्यटकों के बीच प्रमुख आकर्षण है। उन्होंने बताया कि पर्यटकों की संख्या में लगभग 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि सोलंग में गोंडोला, हामटा में इग्लू, मनाली और उसके आसपास शीलकालीन खेल गतिविधियां, अटल बिहारी वाजपेई इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एलाइड स्पोर्ट्स मनाली द्वारा पेश किए जाने वाले स्कीइंग और स्नोबोर्डिंग भी पर्यटकों के बीच आकर्षण का प्रमुख केंद्र है।

### अनंतनाग में एक आतंकवादी के घर का एक हिस्सा ढहाया गया

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) के एक आतंकवादी के घर के एक (विस्तारित) हिस्से को ढहा दिया गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के लिवर फहलगाम स्थित गुलाम नबी खान उर्फ आमिर खान के घर के एक विस्तार के रूप में अतिक्रमण की गई जमीन पर एक दीवार बनाई गई थी। आमिर आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन का एक स्वयंभू कमांडर है और 1990 के दशक की शुरुआत में वह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) चला गया था।

### कश्मीर में कुछ स्थानों पर न्यूनतम तापमान में सुधार

**श्रीनगर।** श्रीनगर में न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदू से ऊपर दर्ज किया गया जिसके चलते लोगों को हाड़ कंपा देने वाली सर्दी से थोड़ी राहत मिली। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। अधिकारियों ने कहा कि श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछली रात शून्य से नीचे 0.3 डिग्री सेल्सियस था। घाटी के प्रवेश द्वार काजीगुंड में भी कल रात पारा जमाव बिंदु से ऊपर था। शहर में न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पहलगाम में शून्य से नीचे नौ डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया और यह जम्मू कश्मीर में सबसे सर्द स्थान रहा। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से आठ डिग्री सेल्सियस नीचे तापमान दर्ज किया गया। अधिकारियों ने कहा कि सीमावर्ती जिले कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग में शून्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। घाटी के ज्यादातर इलाकों में बृहस्पतिवार को बर्फबारी हुई। मौसम कार्यालय ने कहा है कि अगले कुछ दिनों में मौसम ज्यादातर शुष्क रहेगा।

### भाजपा विधान पार्षद के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट डालने के मामले में कांग्रेस नेता के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधान पार्षद प्रसाद लाड के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित रूप से आपत्तिजनक सामग्री डालने के आरोप में पुलिस ने महाराष्ट्र के ठाणे शहर में युवा कांग्रेस के एक पदाधिकारी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एक भाजपा कार्यकर्ता की शिकायत के आधार पर ठाणे के नौपाड़ा पुलिस थाने में यह मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता आशीष सालस्कर पेश से एक ठेकेदार है। वह दक्षिण मुंबई में भाजपा का एक स्थानीय पदाधिकारी और प्रसाद के जनसंपर्क कार्यालय का हिस्सा है। शिकायत में सालस्कर ने आरोप लगाया कि आरोपी ने फेसबुक पर लाड के खिलाफ कुछ अपमानजनक टिप्पणियां पोस्ट की थीं। उसने यह भी आरोप लगाया कि चार दिसंबर को जारी इस पोस्ट के बाद लाड और उनकी मां के खिलाफ कई अपमानजनक टिप्पणियां की गईं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि युवा कांग्रेस के पदाधिकारी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 500 (मानहानि) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### आरडी धीमान हिमाचल प्रदेश के नए मुख्य सूचना आयुक्त बने

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने मुख्य सचिव आर डी धीमान को राज्य का नया मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया है। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। धीमान 1988 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) आधिकारी हैं। उन्होंने 13 जुलाई को राम सुभग सिंह की जगह मुख्य सचिव का पद संभाला था। वह शनिवार को सेवानिवृत्त होंगे। मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में धीमान की नियुक्ति के संबंध में अधिसूचना शुक्रवार शाम को जारी की गई। धीमान ने राजस्व, वन और संस्कृति जैसे विभागों के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव सहित राज्य सरकार में कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर काम किया है।

# जेओए (आईटी) प्रश्न पत्र लीक मामले में दो और लोग गिरफ्तार

**एजेंसी।** हमीरपुर

**हिमाचल** प्रदेश के सतर्कता विभाग ने जेओए (आईटी) प्रश्न पत्र लीक मामले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एचपीएसएससी की कर्मचारी व मुख्य आरोपी उमा आजाद का एक अन्य पुत्र शामिल है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस मामले में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें से निखिल आजाद, नीरज, अजय शर्मा और तनु शर्मा न्यायिक हिरासत में हैं। पुलिस ने शुक्रवार देर रात नितिन आजाद और शशि पाल को गिरफ्तार कर लिया। नितिन और निखिल हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग (एचपीएसएससी) में एक वरिष्ठ सहायक और प्रश्न पत्र लीक मामले की मुख्य आरोपी उमा आजाद के बेटे हैं। शशि पाल एक दलाल संजीव का भाई है, जिसने आजाद और प्रश्न पत्र के संभावित खरीदारों के बीच बिचौलिए की भूमिका निभाई थी। सतर्कता विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि पूछताछ के दौरान आजाद और संजीव के नाम सामने आने के बाद शुक्रवार देर रात दोनों को गिरफ्तार किया गया। विभाग ने परीक्षा से एक दिन पहले 24 दिसंबर को उमा आजाद सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया था। विभाग को सूचना मिली थी कि एक दलाल ने जेओए (आईटी) परीक्षा के लिए हल किए गए प्रश्न पत्र ढाई लाख रुपए में बेचने की पेशकश की थी। गिरफ्तारी के दौरान उमा आजाद के घर से हल किए गए प्रश्नपत्र, ढाई लाख रुपए नकदी, एक लैपटॉप और कुछ अन्य दस्तावेज बरामद किए गए थे।

# शीजान खान को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

### ● तुनिषा मौत मामला

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले की एक अदालत ने अपनी सह-अभिनेत्री तुनिषा शर्मा को कथित तौर पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार अभिनेता शीजान खान को शनिवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शनिवार को खान की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें वसई की एक मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया। शुक्रवार को अभिनेता की पुलिस हिरासत एक दिन और बढ़ा दी गई थी।

मजिस्ट्रेट ने खान को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

अभिनेत्री को कथित तौर पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में खान (27) को पालघर जिले की वालिव पुलिस ने 26 दिसंबर को गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

टीवी सीरियल अली बाबा : दास्तान-ए-काबुल में अभिनय कर रहीं 21 वर्षीय शर्मा 25 दिसंबर को वसई के पास शो के सेट पर वॉशरूम में फांसी के फंदे से लटकी मिली थीं। शर्मा की मां ने आरोप लगाया है कि खान ने उनकी बेटी को धोखा दिया और उसका इस्तेमाल किया। उन्होंने यह भी दावा किया है कि टेलीविजन धारावाहिक जिसका वे दोनों हिस्सा थे, उसके सेट पर खान ने उनकी बेटी को थप्पड़ मारा था और वह शर्मा को उर्दू पढ़ा रहा था तथा चाहता था कि वह हिजाब पहने।

# ईपीएफओ ने पात्र अंशधारकों को अधिक पेंशन का विकल्प उपलब्ध कराने को कहा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सेवानिवृत्ति** कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने अपने क्षेत्रीय कार्यालयों से उच्चतम न्यायालय के चार नवंबर, 2022 के उस आदेश को लागू करने को कहा है जिसमें पात्र अंशधारकों को अधिक पेंशन का विकल्प उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के गत 29 दिसंबर को जारी परिपत्र में केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशों को लागू करने का आदेश दिया है। क्षेत्रीय कार्यालयों को उच्चतम न्यायालय के चार नवंबर, 2022 के फैसले के पैरा 44 (9) में निहित निर्देशों को निर्धारित समय सीमा के भीतर लागू करने के लिए कहा गया है। साथ ही क्षेत्रीय कार्यालयों को ईपीएफओ द्वारा लिए गए निर्णय का पर्याप्त प्रचार भी करना होगा।

इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले में कर्मचारी पेंशन (संशोधन) योजना 2014 को बरकरार रखा था।

ईपीएस संशोधन (अगस्त 2014) ने पेंशन योग्य वेतन सीमा को 6,500 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 15,000 रुपए प्रति माह कर दिया था। इसके अलावा सदस्यों को उनके नियोक्ताओं के साथ ईपीएस में उनके वास्तविक वेतन (यदि यह सीमा से अधिक हो) पर 8.33 प्रतिशत योगदान करने की अनुमति दी थी।

इसमें सभी ईपीएस सदस्यों को संशोधित योजना का विकल्प चुनने के लिए छह महीने का समय दिया गया था।




श्रीनगर में सूफी कांफ्रेंस में प्रसिद्ध सूफी गायक गुलजार गनी के साथ केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान

# अस्पताल में ऋषभ पंत से मिलने पहुंचे अनिल कपूर और अनुपम खेर

**एजेंसी।** देहरादून



**बॉलीवुड** अभिनेता अनिल कपूर और अनुपम खेर ने शनिवार को देहरादून के मैक्स अस्पताल पहुंचकर क्रिकेटर ऋषभ पंत से मुलाकात की। पंत एक सड़क हादसे में घायल हो गए थे और उनका यहां के इस अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। पंत शुक्रवार तड़के अपनी मर्सीडीज बेंज कार से देहरादून जा रहे थे, तभी दिल्ली-देहरादून मार्ग पर झपकी लगने के कारण उनकी कार सड़क पर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उसमें आग लग गई। पंत कार का शीशा तोड़कर बाहर निकले और अपनी जान बचाई।

मैक्स अस्पताल से बाहर निकलने के बाद अनिल कपूर ने संवाददाताओं से कहा, पंत की स्थिति ठीक है। हम उनसे प्रशंसकों के रूप में मिले। आइए हम प्रार्थना करें कि वह जल्द ठीक हो जाएं और हम उन्हें फिर से खेलते हुए देखें। अनिल कपूर के साथ पंत से मिलने अस्पताल पहुंचे अनुपम खेर ने कहा कि उन दोनों ने युवा क्रिकेटर को खूब हंसाया। खेर ने कहा, सब कुछ ठीक है। हम पंत, उनकी मां और रिश्तेदारों से मिले। वे सब ठीक हैं। हमने उन्हें खूब हंसाया। हादसे में पंत के सिर, पीठ और पैर में चोटें आई हैं। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि पंत की हालत स्थिर है।

## भारत वैश्विक समुद्री व्यापार रैंकिंग में शीर्ष 10 में शुमार हो सकता है : सोनोवाल

**कोलकाता।** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को कहा कि भारत समुद्री व्यापार के आधुनिकीकरण और क्षमता निर्माण के लिए सरकार द्वारा उठाए गए विशाल कदमों के साथ इस क्षेत्र की वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष 10 देशों में शुमार हो सकता है। पोत, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सोनोवाल ने कहा कि केंद्र सरकार 2070 तक शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सतत तरीके से विकास कर रही है। उन्होंने यहां मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की 121वीं वार्षिक आम सभा में कहा, व्यापक आधुनिकीकरण और विकास के साथ हम समुद्री व्यापार में शीर्ष 10 देशों में शुमार हो सकते हैं। बहरहाल, उन्होंने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए कोई समयसीमा नहीं बताई। खबरों के अनुसार, भारत अभी समुद्री व्यापार के क्षेत्र में 18वें स्थान पर है।

# पंत की हालत में काफी सुधार

## परिवार के करीबी ने दी जानकारी

भाषा। देहरादून



**क्रिकेटर** ऋषभ पंत की स्थिति में अब काफी सुधार है और डॉक्टरों ने अभी तय नहीं किया है कि उन्हें किसी दूसरे अस्पताल में शिफ्ट करना है या नहीं। पंत के पारिवारिक मित्रों और अन्य ने अस्पताल में उनसे मुलाकात के बाद यह बात कही। पंत की मां सरोज पंत और लंदन से आई बहन साक्षी अस्पताल में उनके साथ हैं। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के निदेशक श्याम शर्मा , बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर और अनुपम खेर ने यहां मैक्स अस्पताल में पंत से मुलाकात की। परिवार के साथ अस्पताल में लगातार बने हुए उमेश कुमार ने कहा , उन्हें किसी और अस्पताल में शिफ्ट करने की फिलहाल तो कोई योजना नहीं है। उनकी हालत में कल से काफी सुधार आया है। उन्होंने कहा , उनके माथे की प्लास्टिक सर्जरी शुक्रवार को ही कर ली गई। पहली ड्रेसिंग आज हुई है। पंत उस समय बाल बाल बच गए जब उनकी लक्जरी कार ने शुक्रवार को तड़के दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर सड़क के डिवाइडर से टकराने के बाद आग पकड़ ली। वह अपनी मां को सरप्राइज देने के लिए रूड़की जा रहे थे। उमेश कुमार ने कहा कि बीसीसीआई के डॉक्टर लगातार मैक्स अस्पताल के डॉक्टरों के संपर्क में हैं और इस बारे में फैसला लेंगे कि उन्हें कहीं और शिफ्ट करने की जरूरत है या नहीं। वहीं श्याम शर्मा ने पंत से मुलाकात करने के बाद संवाददाताओं से कहा, यहां चिकित्सकों द्वारा पंत की अच्छी तरह से देखभाल की जा रही है।

### आस्ट्रेलिया श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे पंत, भरत, उपेंद्र और किशन में होगी रस्साकशी

**नई दिल्ली।** कार दुर्घटना के बाद ऋषभ पंत के लिगामेंट टीयर के बारे मे स्थिति स्पष्ट नही हुई है लेकिन अगर बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के सूत्रो की माने तो वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचो की आगामी श्रृंखला मे नही खेल पाएंगे। पंत प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से लंबे समय तक बाहर हो सकते है और इस समय कोई भी तारीख बताना जल्दबाजी होगी। नई चयन समिति के लिए बॉर्डर गावस्कर ट्राफी के लिए दो विकेटकीपर बल्लेबाजो का चयन सबसे बड़ी चुनौतियों मे से एक होगा। भारतीय टेस्ट विकेटकीपर के स्थान के लिए अचानक दौड़ शुरू हो जाएगी और यह देखना दिलचस्प होगा कि नौ फरवरी से नागपुर मे शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला मे खेलने के लिए तीन खिलाड़ियों कोना भरत, भारत के दूसरे विकेटकीपर उपेंद्र यादव और सफेद गेंद के विशेषज्ञ ईशान किशन मे से किसे चुना जाता है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, अभी काफी सूजन है जिससे टखने और घुटने का एमआरआई अभी किया जाना है। एक बार वह यात्रा के लिए फिट हो जाएगा तो वह मुंबई आएगा जहां वह बोर्ड के पैनल मे शामिल डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला की निगरानी मे होगा।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे डी ब्रुयन

भाषा। सिडनी

**दक्षिण** अफ्रीका के बल्लेबाज थ्यूनिस डी ब्रुयन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार जनवरी से शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौट रहे हैं। इस 30 वर्षीय बल्लेबाज को रासी वान डेर डुसेन की जगह दूसरे टेस्ट के लिए टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने मेलबर्न में खेले गए इस मैच में 12 और 28 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका ने यह मैच पारी और 182 रन से गंवाया था। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को ट्वीट किया, बल्लेबाज थ्यूनिस डी ब्रुयन दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौट रहे हैं।

# कौशिक, टोकस और सचिन की अच्छी शुरुआत, मुकाबले जीते

## पुरुष मुक्केबाजी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप

भाषा। हिसार

**विश्व** चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता मनीष कौशिक और रेलवे के रोहित टोकस और सचिन की जोड़ी ने शनिवार को यहां राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में शानदार जीत से अपना अभियान शुरू किया।

कौशिक (63.5 किग्रा) ने मध्य प्रदेश के प्रभात द्विवेदी को पहले दो दौर में ही पस्त कर दिया था जिसके बाद रैफरी को तीसरे दौर के अंत में मुकाबला रोकने (आरएससी) के लिए बाध्य होना पड़ा। अब मंगलवार को राउंड 16 में उनका सामना आंध्र प्रदेश के संदीप दोनी से होगा। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले टोकस (67 किग्रा) ने उत्तराखंड के राहुल को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले में पराजित कर सोमवार को होने वाले राउंड 16 में जगह बनाई। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) के ही टोकस के साथी सचिन (57 किग्रा) ने दादरा एवं नागर हवेली के रमन शर्मा को 5-0 से शिकस्त दी। 2016 के युवा विश्व चैम्पियन सचिन ने मुकाबले में कहीं भी प्रतिद्वंद्वी को वापसी का मौका नहीं दिया। सोमवार को राउंड 32 में उनका सामना हरियाणा के नीरज से होगा। मौजूदा एशियाई चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता गोविंद (48 किग्रा) को वॉकओवर मिला और अब थाईलैंड ओपन के चैम्पियन मुक्केबाज का सामना मंगलवार को राउंड 16 में जम्मू कश्मीर के मानसिंह से होगा। हरियाणा के प्रियांधु डबास (54 किग्रा) ने छत्तीसगढ़ के प्रकाश सिंह को आरएससी से पराजित किया। रिकॉर्ड छह बार के एशियाई पदक विजेता शिवा थापा राउंड 16 से अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। असम का प्रतिनिधित्व कर रहे थापा को पहले दौर में बाय मिली और अब वह सोमवार को दिल्ली के जसविंदर सिंह के सामने होंगे। सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) के संजीत और नरेंद्र भी अपना अभियान राउंड 16 से शुरू करेंगे जिन्हें भी पहले दौर में बाय मिली। राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में कुल 386 मुक्केबाज 13 विभिन्न वर्गों में चुनौती पेश कर रहे हैं।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में दर्शक निशुल्क मैच देख सकेंगे

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शनिवार को घोषणा की कि सोमवार से यहां न्यूजीलैड के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मे दर्शक फ्री (निशुल्क) मे मैच देख सकेंगे। निशुल्क प्रवेश देने का फैसला श्रृंखला के पहले टेस्ट मे दर्शकों की निराशाजनक संख्या को देखते हुए किया गया जो शुक्रवार को खराब रोशनी के कारण रोक दिया गया था। पीसीबी ने विज्ञप्ति में कहा, दर्शकों को स्टेडियम मे प्रवेश के लिए केवल अपनी मूल सीएनआईसी (पहचान पत्र) लानी होगी और वे किसी भी स्टैड प्रीमियम और प्रथम श्रेणी से मैच देख सकेंगे। बोर्ड ने साथ भी यह भी कहा कि स्टेडियम और पार्किंग क्षेत्र के बीच शटल भी मुहैया कराई जाएंगी। दो मैचों की श्रृंखला का पहला मैच शुक्रवार को ड्रा रहा था।

### करीम बेनजेमा ने दिलाई रियाल मैड्रिड को जीत

**बार्सिलोना।** चोटिल होने के कारण विश्वकप मे नही खेल पाने वाले करीम बेनजेमा के दो गोल की मदद से रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा मे वलाडोलिड को 2-0 से हराया। बेनजेमा दो नवंबर के बाद अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेल रहे थे। वह चोटिल होने के कारण फ्रांस की तरफ से विश्वकप मे भाग नही ले पाए थे। वह रियाल मैड्रिड की तरफ से दूसरे हाफ मे मैदान मे उतरे और अपनी टीम को तीन अंक दिलाने में सफल रहे। इस जीत से रियाल मैड्रिड स्पेनिश लीग मे शीर्ष पर पहुंच गया है। रियाल मैड्रिड के 15 मैचो मे 38 अंक है और वह अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना से एक अंक आगे है। बार्सिलोना ने हालांकि उससे एक मैच कम खेला है। सेविला ने एक अन्य मैच सेल्टा विगो से 1-1 से ड्रॉ खेला। इससे सेविला पर अब भी दूसरी श्रेणी के लीग मे खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। इस बीच बोर्जा मायोरल ने दूसरे हाफ मे किए गए दो गोल की मदद से गेटाफे को मल्लोर्का पर 2-0 से जीत से जीत दर्ज की।

### फेस के आत्मघाती गोल से जीता लिवरपूल, फिर हारा वेस्ट हैम

**लिवरपूल।** लीसेस्टर के डिफेंडर वॉट फेस के दो आत्मघाती गोल की मदद से लिवरपूल ने जीत दर्ज करके इंग्लिश प्रीमयर लीग (ईपीएल) मे अपने और चोटी के चार स्थानों पर काबिज टीमो के बीच अंतर कम किया। फेस प्रीमियर लीग मे एक मैच मे दो आत्मघाती गोल करने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए है। इससे लिवरपूल ने पिछड़ने के बाद वापसी करके लीसेस्टर को 2-1 से हराया। फेस ने पहला आत्मघाती गोल 38वें और दूसरा 45वें मिनट मे किया। इससे पहले किरनान ड्यूसबरी-हॉल ने छठे मिनट मे गोल करके लीसेस्टर को बढ़त दिलाई थी। इस जीत के बाद लिवरपूल और चौथे स्थान पर काबिज टोटेनहैम के बीच केवल दो अंक का अंतर रह गया है। एक अन्य मैच में वेस्ट हैम को ब्रैटफोर्ड से 2-0 से हार का सामना करना पड़ा। यह उसकी लगातार पांचवी हार है।

### अर्जेंटीना में टैटू बुखार छाया

**ब्यूनस आयर्स।** विश्वकप मे खिताबी जीत के बाद इन दिनो पूरे अर्जेंटीना मे टैटू बुखार छाया हुआ है। कोई वादा पूरा करने के लिए बना रहा है तो कोई आभार व्यक्त करने के लिए। अर्जेंटीना के लोग टीम का आभार व्यक्त करने के लिए अपने शरीर पर टैटू बनवा रहे है। अर्जेंटीना के कतर मे खेले गए फुटबॉल विश्व कप मे जीत के बाद यहां के टैटू बनाने वाले कलाकारो के पास सांस लेने की फुर्सत नही है। वह अतिरिक्त समय तक काम कर रहे है। लोग अपने शरीर पर फुटबॉल स्टार लियोनेल मेसी की तस्वीर गुदवा रहे है। इसके अलावा तीन सितारे भी बनाए जा रहे है जो अर्जेंटीना की विश्व कप मे तीन खिताबी जीत को दर्शाते है। मुख्य रूप से 30 साल से कम उम्र के युवाओ पर टैटू बनवाने का बुखार चढ़ा हुआ है। यह वह पीढ़ी है जिसने इससे पहले अर्जेंटीना को कभी विश्व चैंपियन बनते हुए नही देखा था। अर्जेंटीना ने इससे पहले 1978 और 1986 मे विश्व कप जीता था।

# पेले के निधन पर शोक में डूबा कोलकाता

## मोहन बागान क्लब में जल्द होगा पेले गेट

भाषा। कोलकाता

**दुनिया के सर्वश्रेष्ठ** फुटबॉलरों में से एक और 45 साल पहले कोलकाता में मैच खेलने वाले पेले के निधन पर फुटबॉल के दीवाने इस महानगर में भी शोक की लहर छा गई। पेले का कैंसर से जूझने के बाद ब्राजील के साओ पाउलो के एक अस्पताल में निधन हो गया था। मोहन बागान के लिए यह काला दिवस था क्योंकि यह देश का एकमात्र क्लब है जिसके खिलाफ तीन बार के विश्व कप विजेता पेले ने एक प्रदर्शनी मैच में हिस्सा लिया था। पेले के निधन के कारण मोहन बागान ही नहीं उसके चिर प्रतिद्वंदी ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने भी अपने झंडे आधा झुका दिए। मोहन बागान के सचिव देवाशीष दत्ता ने घोषणा की कि उनके क्लब में जल्द ही एक पेले गेट होगा। दत्ता ने पीटीआई से कहा, हमने पहले ही इसकी घोषणा कर दी है और इस पर जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। उम्मीद है कि जल्द ही इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। दत्ता ने उस दिन को भी याद किया जब ईडन गार्डंस में खेले गए मैच में मोहन बागान 2-1 से जीत दर्ज करने की स्थिति में था लेकिन कॉसमॉस को अंतिम क्षणों में पेनल्टी मिली जिस पर उसने गोल करके मैच ड्रॉ कराया था 25 सितंबर 1977 क्लब के इतिहास में ऐतिहासिक दिन था। हमने न्यूयॉर्क कॉसमॉस के खिलाफ मैच में देश का प्रतिनिधित्व किया था। लोगों को तब भारत में केवल एक फुटबॉल क्लब की जानकारी थी और वह क्लब मोहन बागान था। कोलकाता के पूर्व खिलाड़ियों और चोटी के तीन क्लबों के प्रशासकों सहित पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री अरूप विश्वास ने ऐतिहासिक साल्ट लेक स्टेडियम में शुक्रवार की शाम को फुटबॉल के बादशाह को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्टेडियम के परिसर में पेले की तस्वीर रखी हुई थी जिसमें लोगों ने फूल चढ़ाकर इस दिग्गज फुटबॉलर को श्रद्धांजलि दी। ईस्ट बंगाल के अध्यक्ष प्रणव दासगुप्ता ने पत्रकारों से कहा, पेले विश्व में खेलों के राजा थे। उनके निधन से हम सभी और विश्व भर के खेल प्रेमी दुखी हैं। लगता नहीं है कभी उनकी जगह भर पाएगी। इस बीच अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पेले की उपलब्धियों को याद करते हुए सात दिन के शोक की घोषणा की। एआईएफएफ के महासचिव शाजी प्रभाकरण ने कहा, फुटबॉल के दिग्गज पेले के निधन से हम सभी बेहद दुखी हैं और उनकी उपलब्धियों को याद कर रहे हैं। हम उनके निधन पर सात दिन तक शोक व्यक्त करेंगे। इस बीच एआईएफएफ का ध्वज आधा झुका होगा।



चेन्नई में पेले को श्रद्धांजलि देते बच्चे

### ब्राजील में चारो ओर शोक की लहर

**बोकैना डी मिनस (ब्राजील)।** पेले के गृह नगर मिनास गेरेस से लेकर रियो डी जेनेरियो जैसे बड़े शहरों तक इस दिग्गज फुटबॉलर के निधन की खबर पाकर सन्नाटा पसर गया। पेले के गृह नगर में रहने वाले 67 वर्षीय जॉर्ज तवारेस को सुबह चार बजे इस फुटबॉलर के निधन की खबर पता चली।



तवारेस जब छोटे थे तो अपने चचेरे भाई के साथ रेडियो पर पेले के बारे में सुनते थे। उनके खेल से ही प्रभावित होकर वह फुटबॉल से जुड़े थे। तवारेस ने कहां, वह एक विरासत छोड़ गए हैं। वह विदेशों में ब्राजील के प्रत्एक नागरिक का प्रतिनिधित्व करते थे। पेले के निधन पर कई लोग रोने लगे। रियो डी जेनेरियो के इपानेमा समुद्र तट पर अपने भतीजे के साथ फुटबॉल खेल रहे पाउलो विनिसियस को जब यह खबर पता चली तो वह अपने आंसू नहीं रोक पाए। मिनास गेरेस में रहने वाली 55 साल की रोसेली ऑगस्टो ने कहा, पेले ने ब्राजील के लोगों को एक नई पहचान दी। वह हमारे आदर्श हैं। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी थे। लूसिया कुन्हा पेले के लाखों प्रशंसकों में एक है। वह रेडियो पर उनके कारनामों के बारे में सुनती थी और अखबारों में उनके बारे में पढ़ती थी। पेले ने बच्चों से लेकर हर उम्र के लोगों को प्रेरित किया। वह हमारे आदर्श थे।

# यूनाइटेड कप में ब्रिटेन के नॉरी से हारे नडाल

भाषा। सिडनी




**राफेल** नडाल वर्ष 2022 का अंत जीत के साथ नहीं कर पाए और उन्हें शनिवार को यहां यूनाइटेड कप मिश्रित टीम टेनिस प्रतियोगिता में ब्रिटेन के कैमरून नॉरी से 3-6, 6-3, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। नडाल ने वर्ष 2022 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन के खिताब जीतकर अपने ग्रैंडस्लैम खिताब की संख्या रिकॉर्ड 22 पर पहुंचाई। लेकिन पांव, पसली और पेट से जुड़ी समस्याओं के कारण वह विंबलडन के बाद केवल चार प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले पाए थे। नॉरी ने इस जीत से ब्रिटेन को स्पेन पर 1-0 से बढ़त दिलाई। ब्रिसबेन में खेले जा रहे मुकाबले में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने यूलिया पुतिनसेवा को 6-1, 6-3 से हराकर पोलैंड को कजाकिस्तान पर शुरुआती बढ़त दिलाई। पर्थ में बुल्गारिया और बेल्जियम पहले दिन के बाद 1-1 से बराबरी पर हैं। एलिसन वान उइतवैंच ने महिला एकल में इसाबेला शिनिकोवा पर 6-1, 3-6, 6-2 से जीत दर्ज कर बेल्जियम को शुरुआती बढ़त दिलाई लेकिन बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव पुरुष एकल में डेविड गोफिन को 6-4, 7-5 से हराकर अपनी टीम को बराबरी दिलाने में सफल रहे। इससे पहले जिरी लेहेका ने विश्व के 12वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-4, 6-2 से हराया जिससे चेक गणराज्य ने जर्मनी पर 2-0 से बढ़त बनाई। विश्व में 81वें नंबर के 21 वर्षीय खिलाड़ी लेहेका ने ग्रुप सी के इस मैच में चार बार अपने प्रतिद्वंदी की सर्विस तोड़ी। लेहेका की जीत के बाद मैरी बुजकोवा ने दूसरे मैच में जुले निमेयर को 6-2, 7-5 से हराकर चेक गणराज्य को 2-0 की बढ़त दिला दी। चेक गणराज्य की नंबर एक महिला खिलाड़ी पेत्रा क्वितोवा रविवार को लौरा सीगमंड को हराकर यह मुकाबला अपने देश के नाम कर सकती है।

### सऊदी अरब के क्लब से जुड़े रोनाल्डो, एक साल में कमा सकते हैं 20 मिलियन डॉलर

**लंदन।** पुर्तगाल के सुपर स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो मोटी धनराशि पर सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल नासर से जुड़ गए हैं जिसे मध्य पूर्व के फुटबॉल के लिए बड़ी घटना माना जा रहा है लेकिन इससे यूरोप का दिग्गज खिलाड़ी खेल के शीर्ष मंच से गायब हो जाएगा। अल नासर ने पांच बार के बैलन डिओर विजेता रोनाल्डो की तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी की है जिसमें वह टीम की जर्सी पकड़े हुए हैं। रोनाल्डो ने इससे पहले इस क्लब के साथ जून 2025 तक करार किया। क्लब ने कहा, इस करार से न सिर्फ क्लब को अच्छी सफलताएं हासिल करने की प्रेरणा मिलेगी बल्कि इससे हमारी लीग, हमारे देश और भविष्य की पीढ़ियों को भी सर्वश्रेष्ठ करने की प्रेरणा मिलेगी।

## नए टी20 कप्तान हार्दिक ने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की

भाषा। नई दिल्ली



**भारत के** पूर्णकालिक टी20 कप्तान के रूप में नए सफर की शुरूआत से तीन दिन पहले हार्दिक पंड्या ने गृहमंत्री अमित शाह से शनिवार को यहां उनके आधिकारिक निवास पर मुलाकात की। बड़ौदा के 27 वर्ष के हरफनमौला हार्दिक को श्रीलंका के खिलाफ तीन जनवरी से शुरू हो रही तीन टी20 मैचों की श्रृंखला के लिए भारत का कप्तान बनाया गया है। उनके साथ उनके क्रिकेटर भाई कृणाल भी शाह से मिलने गए थे। हार्दिक ने मुलाकात की तस्वीर ट्वीट करके लिखा , हमें अपने साथ बहुमूल्य समय बिताने के लिए बुलाने के लिए धन्यवाद माननीय गृहमंत्री अमित शाह जी। आपसे मुलाकात गर्व की बात है। पंड्या की अगुवाई वाली टीम में कुछ नए चेहरे हैं जबकि विराट कोहली और केएल राहुल टीम में नहीं है। यह भी संभव है कि टी20 विश्व कप 2024 को ध्यान में रखकर रोहित शर्मा को भी फिर इस प्रारूप में नहीं चुना जाए।

# भारतीयों खेलों में 2022 नीरज के लिए सर्वश्रेष्ठ रहा

## हॉकी के लिए अच्छा, बैडमिंटन के लिए बेहतर

भाषा। नई दिल्ली





**थॉमस कप** में ऐतिहासिक जीत भारतीय बैडमिंटन के लिए किवदंती बन गई जबकि नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग खिताब जीतकर अपने सुपरस्टार दर्जे में इजाफा किया लेकिन 22 गज की पिच पर क्रिकेट टीम का संघर्ष 2022 में भारतीय खेलों के लिए खट्टे मीठे नतीजों से भरा रहा। हॉकी में महिला टीम ने प्रेरणादाई प्रदर्शन जारी रखते हुए बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता। ओलंपिक चैम्पियन नीरज भले ही 90 मीटर दूर भाला नहीं फेंक सके लेकिन एलीट टूर्नामेंट में पोडियम में शीर्ष स्थान से उनकी महानता का कद ऊंचा होना जारी रहा। हालांकि पहलवान रवि दहिया अपनी ओलंपिक सफलता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके और विश्व चैम्पियनशिप के पहले ही दौर से बाहर हो गए। दहिया जैसे जुनूनी और मेहनती पहलवान को यह हार सबसे ज्यादा सालती होगी। अब उनके 2023 में बेहतरीन प्रदर्शन की आस है जिसमें पेरिस ओलंपिक के कोटे दाव पर लगे होंगे। दहिया के इस तरह बाहर होने की बिलकुल उम्मीद नहीं थी, वहीं थॉमस कप में पुरूष बैडमिंटन खिलाड़ियो के साथ भी ऐसा ही था जिन्होंने ऐतिहासिक खिताबी जीत से भारत को बैडमिंटन में पावरहाउस बनने की राह पर ला दिया है। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पिछले दो वर्षों से शानदार प्रदर्शन दिखा रहे हैं और मई में बैंकाक में खेले गए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में चीन और इंडोनेशिया के दबदबे को खत्म करने में उनके प्रदर्शन ने अहम भूमिका अदा की। पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन जैसे स्थापित सितारे कोर्ट पर वैसा प्रदर्शन नहीं दिखा सके जिसकी उनसे उम्मीद थी लेकिन उन्होंने बीडब्ल्यूएफ टूर पर कई खिताब जीतकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैडमिंटन खिलाड़ियों ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में अपना प्रभावी प्रदर्शन जारी रखा और तीन स्वर्ण सहित छह पदक (एक रजत और दो कांस्य भी) अपने नाम किए। नीरज हालांकि ग्रोइन चोट के कारण राष्ट्रमंडल खेलों में शिरकत नहीं कर सके लेकिन इससे पहले वह अमेरिका में विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतकर अंजू बॉबी जॉर्ज के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे भारतीय एथलीट बने। अंजू ने 2003 पेरिस चरण में कांस्य पदक जीता था। सितंबर में वह डायमंड लीग सीरीज के फाइनल्स में स्वर्ण पदक जीतकर यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय बने। डायमंड लीग के स्टॉकहोम चरण में वह दूसरे स्थान पर रहे थे और 89.94 मीटर दूर भाला फेंककर 90 मीटर के करीब पहुंच गए थे। वहीं कम से कम छह शीर्ष भारतीय एथलीट को प्रतिबंधित पदार्थ का इस्तेमाल करने के लिए पकड़ा गया और इन पॉजिटिव डोप मामलों से राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियां प्रभावित हुईं। भारतीय पहलवानों से राष्ट्रमंडल खेलों में दबदबा बनाने की उम्मीद थी लेकिन दहिया इसमें जूझते नजर आए, अमन सहरावत ने 57 किग्रा वर्ग में प्रगति की जो अलमाटी में बोलात तुरलीखानोव में स्वर्ण पदक जीतकर अंडर-23 विश्व चैम्पियन बने। विनेश फोगाट भी जूझती दिखी लेकिन ग्रीको रोमन पहलवानों और जूनियर पहलवानों ने बड़े मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन किया जिससे भारतीय कुश्ती के लिए वर्ष शानदार रहा। अंतिम पंघाल अंडर-20 विश्व चैम्पियन बनी और जब विनेश नहीं होंगी तो वह 53 किग्रा वजन वर्ग में भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ पहलवान हो सकती हैं। भारतीय हॉकी टीमों ने ऊपर की ओर बढ़ना जारी रखा जिसमें महिलाओं ने पुरूषों पर बाजी मारी। महिला टीम ने 16 वर्षों के बाद राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता। पुरूष टीम ने भी रजत पदक जीता लेकिन फाइनल में आस्ट्रेलिया से मिली 0-7 की हार निराशाजनक रही। भारतीय पुरूष हॉकी टीम को आस्ट्रेलिया से हुई श्रृंखला में 1-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी। भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक के अलावा विश्व चैम्पियनशिप से दूसरा पदक भी अपनी झोली में डाला। वहीं खेल को नए नायक जेरेमी लालरिनुंगा और अचिंता शेयुली के रूप में मिले जो बर्मिंघम में 10 पदक विजेताओं में शामिल रहे। भारत को खेल में हर्षदा गरूड़ के रूप में जूनियर विश्व चैम्पियन मिला। भारतीय प्रशंसक चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप के रोमांचक मुकाबले में विराट कोहली के लाजवाब शॉट्स कभी नहीं भूलेंगे और इस पारी को बार बार देखना चाहेंगे। कोहली ने साबित किया कि टी20 प्रारूप में भी बल्लेबाजी एक कला ही है। कोहली ने लंबे प्रारूप में कप्तानी छोड़ दी जिसके बाद बीसीसीआई से उनके रिश्ते और कड़वे हो गए जब उन्हें वनडे कप्तानी से हटा दिया गया। कहा जा सकता है कि 2022 में भारतीय क्रिकेट में मैदान के अंदर और बाहर माहौल अराजकता भरा रहा। मुख्य बल्लेबाजों का संघर्ष बहस का विषय बना रहा जिसमें कप्तान रोहित शर्मा और केएल राहुल शामिल रहे। उनके बल्लेबाजी रवैए पर सवाल उठाए गए क्योंकि टीम को अकसर पावरप्ले ओवरों में उनके इस संघर्ष का खामियाजा भुगतना पड़ा। वहीं हार्दिक पंड्या राष्ट्रीय टीम के नए कप्तान के तौर पर सामने आए क्योंकि रोहित को विश्व कप में एक बार फिर सेमीफाइनल में मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा जिसमें टीम इंग्लैंड के हाथों हार गई। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका में एक टेस्ट श्रृंखला भी गंवा दी। जहां स्थापित खिलाड़ी जूझते दिखे तो एक बल्लेबाज जिसने प्रशंसकों और विशेषज्ञों को मंत्रमुग्ध किया वो थे सूर्यकुमार यादव। उनकी गेंद को स्ट्राइक करने की काबिलियत असाधारण थी जिससे उनकी तुलना महान क्रिकेटर एबी डिविलियर्स से की गई। जिस तरह से सौरव गांगुली का बीसीसीआई अध्यक्ष के तौर पर कार्यकाल खत्म हुआ, उसकी भी काफी आलोचना हुई। उच्चतम न्यायालय ने उन्हें अध्यक्ष बनाए रखने की अनुमति दे दी लेकिन बोर्ड ने रोजर बिन्नी को नया अध्यक्ष नियुक्त कर दिया।

### टाटा ओपन महाराष्ट्र : भांबरी और रामनाथन की क्वालीफायर में जीत से शुरूआत

भाषा। पुणे

**भारत के** युकी भांबरी और रामकुमार रामनाथन ने शनिवार को यहां टाटा ओपन महाराष्ट्र के एकल क्वालीफायर के शुरूआती दौर में अलग अलग अंदाज में जीत दर्ज करके अपने अभियान की शुरूआत की। भांबरी ने डिएगो हिडाल्गो पर एकतरफा मैच में 6-2, 6-2 से जीत हासिल की जबकि वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाले चेन्नई के रामनाथन ने ओटो विर्तानिन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 2-6, 7-5, 6-2 से जीत दर्ज की। वहीं तीन अन्य भारतीयों प्रजनेश गुणेश्वरन, सिद्धार्थ रावत और आदित्य बालसेकर को अपने मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। गुणेश्वरन को मैक्सीमिलियन मार्टरे से 6-7, 6-3, 5-7 से हार मिली जबकि रावत को जडेनेक कोलार ने 6-1, 6-7, 6-1 से पराजित किया। फ्लावियो कोबोली ने बालसेकर को 6-3, 6-0 से शिकस्त दी। पहले दौर के अन्य मैचों में पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंचे एलियास यमेर ने अपने प्रतिद्वंद्वी मिलजान जेकिच के रिटायर होने से अगले दौर में प्रवेश किया। माटिया बेलुची ने व्लादिसलाव ओरलोव को 6-4, 6-4 से और निकोला मिलोजेविच ने निकोलस डेविड लोनेल को 6-3, 6-2 से पराजित किया।